राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# उज्ज्वल दुनिया
खबरों की बुलंद आवाज
रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित



## आज का दिन

भारत के पराक्रमी महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई, 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। राजपूत राजघराने में जन्म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 307 | रांची, गुरुवार, 09 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने झाप्रसे के सात अधिकारियों पर कार्रवाई करने के दिए आदेश

**रांची।** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के सात अफसरों पर विभागीय कार्रवाई करने का आदेश दिया है। इनमें तीन अधिकारी सेवानिवृत्त हो गये हैं। सभी अधिकारियों पर उनके पदस्थापन काल में अलग-अलग मामलों पर गड़बड़ी करने के आरोप में कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

# पित्रोदा के बयान पर भड़के मोदी, कहा- 'चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं'

उज्ज्वल दुनिया सं



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सैम पित्रोदा की हालिया टिप्पणी के लिए उनकी कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि देश चमड़ी के रंग के आधार पर भेदभाव स्वीकार नहीं करेगा।

तेलंगाना के वारंगल में दूसरी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं भारतीयों के अपमान को बर्दाश्त नहीं करूंगा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का नाम लिये बिना कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे पता चला कि अमेरिका में एक अंकल हैं जो ह्यशहजादेह्न के दार्शनिक मार्गदर्शक हैं और क्रिकेट में तीसरे अंपायर की तरह यह 'शहजादा' भी उनसे सलाह लेता है। इस दार्शनिक अंकल ने कहा कि जिनकी चमड़ी काली है वे अफ्रीका से हैं। इसका मतलब है कि आप देश में अनेक लोगों को उनकी चमड़ी के रंग के आधार पर गाली दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के विरोध को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि शहजादे के अमेरिका में रहने वाले गाइड और फिलॉस्फर ने आज बड़ा रहस्य खोला है। उसने कहा है कि जिनकी चमड़ी का रंग काला होता है, ये सब अफ्रीका के हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चमड़ी के रंग का हवाला देकर उनका अपमान क्यों करती रहती है। उन्होंने मान लिया कि द्रौपदी मुर्मू भी अफ्रीकन हैं और इसलिए उन्हें हराना चाहिए।

मोदी ने कहा कि मैं आज एक गंभीर सवाल पूछना चाहता हूं। मुझे आज बहुत गुस्सा आ रहा है, अगर कोई मुझे गाली देता है तो मैं सह सकता हूं लेकिन शहजादेह्न के इस दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दी है जिसने मुझे गुस्से से भर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या देश के लोगों की क्षमता चमड़ी के रंग से तय होगी? शहजादे को यह अधिकार किसने दिया? संविधान को सिर पर रखकर नाचने वाले लोग इस आधार पर मेरे देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी और सैम पित्रोदा को उनकी विभाजनकारी टिप्पणी के लिए चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसा बयान हमारे राष्ट्र की एकता को नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने कहा कि मैं पुष्टि करता हूं कि हम सभी भगवान श्री कृष्ण के बच्चे हैं, और जाति या पंथ की परवाह किए बिना हम सभी समान हैं।

प्रधानमंत्री ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वारंगल मेरे दिल में और भाजपा की यात्रा में एक विशेष स्थान रखता है। 40 साल पहले जब भाजपा के केवल दो सांसद थे, उनमें से एक हनमकोंडा से थे। उन्होंने कहा कि हम आपका आशीर्वाद और स्नेह कभी नहीं भूल सकते। जब भी हमें कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, वारंगल के लोगों ने हमेशा हमारा समर्थन किया है।

## पित्रोदा का बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा की टिप्पणी श्पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैंश् से कांग्रेस ने किनारा कर लिया है। सैम पित्रौदा का यह बयान विपक्षी गठबंधन ने उनका निजी बयान बताया है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रौदा ने विरासत कर के बाद एक और विवादास्पद बयान दिया है। सैम पित्रौदा ने कहा है श्पूर्व में लोग चीनी जैसे दिखते हैं, दक्षिण में लोग अफ्रीकियों जैसे दिखते हैंश् इसके बावजूद हम एक हैं । इसके बाद आज (बुधवार) कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक साझा पोस्ट में लिखा कि 'सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। जयराम ने यह भी कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और अस्वीकार करती है। आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने कहा कि 'सैम पित्रोदा के बयान का विपक्षी गठबंधन का कोई नेता समर्थन नहीं करता है।'

# बीते 10 वर्षों में केंद्र की मोदी सरकार ने एक भी वादा पूरा नहीं किया: तेजस्वी यादव

पलामू, उज्ज्वल दुनिया सं



बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को पलामू जिले के छत्तरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा नीत एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 वर्षों के शासनकाल में झूठ के सहारे राज किया है। मोदी 2014 में गरीबी और बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार में आए लेकिन उन्होंने एक भी वादा पूरा नहीं किया। उनका एकमात्र मकसद हिंदू-मुस्लिम कर देश की सत्ता पर राज करना रह गया है।

तेजस्वी ने कहा कि मोदी ने इस बार 400 पार का नारा दिया है, जो महज एक जुमला है। उन्होंने पीएम मोदी के 2014 में दिए गए भाषण के कुछ अंश भी सुनाए और कहा कि इनमें एक भी पूरा नहीं किया गया। मोदी ने सिर्फ लोगों को ठगने का काम किया है। तेजस्वी ने कहा कि यदि केंद्र में उनके गठबंधन की सरकार बनी तो गरीब घर की बेटियों को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। साथ ही प्रतिवर्ष एक करोड़ लोगों को नए रोजगार के अवसर पैदा किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी उनके किए गए वादे के तहत पांच लाख लोगों को बिहार में रोजगार उपलब्ध कराया गया। वह भी सरकारी रोजगार मिला।

तेजस्वी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी विरोध में बोलने वालों को सीबीआई और ईडी से डराने की कोशिश करते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झूठे मामलों में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके विरुद्ध भी 50 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं लेकिन वह लालू प्रसाद यादव के बेटे हैं। ना लालू प्रसाद यादव झुका है और ना लालू का बेटा झुकेगा। साथ ही कहा कि जेल से उन्हें डर लगेगा जो डरते हैं।

# सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरे से वेबकास्टिंग: के रवि कुमार

रांची, उज्ज्वल दुनिया सं

### जीपीएस ट्रैकिंग के माध्यम से इवीएम का आवागमन करने वाले वाहनों पर रखी जायेगी नजर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी मतदान केंद्रों पर 4डी कैमरे के माध्यम से वेबकास्टिंग की जाएगी। इस वेबकास्टिंग पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के साथ केंद्रीय निर्वाचन आयोग के स्तर से मॉनिटरिंग की जानी है। इस बार के मतदान में मतदान केंद्र के अंदर एवं बाहर दोनों ओर के फीड पर विभिन्न स्तरों से मॉनिटरिंग की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन में सभी जिलों में वेबकास्टिंग, जीपीएस ट्रैकिंग एवं व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से जिलों में निर्वाचन संबंधित चल रही तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

**वाहनों का ससमय भुगतान कर कार्य मुक्त करें:** रवि कुमार ने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। वाहन के प्रबंधन में सभी जिलों के पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। किसी प्रकार के संशय की स्थिति में मुख्यालय में गठित वाहन प्रबंधन कोषांग से विमर्श कर निर्णय लें।

## सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है। उन्होंने बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से झारखंड में अब तक 112 करोड़ 92 लाख के सामान और नकदी जब्त किये जा चुके हैं।

## मंत्री आलमगीर के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंची ईडी की टीम

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय( ईडी) की टीम ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के ठिकाने से बरामद रुपए की जांच कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को ईडी की टीम कार्रवाई करते हुए झारखंड मंत्रालय पहुंची है। ईडी के अधिकारी अपने साथ मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल को लेकर झारखंड मंत्रालय पहुंचे है। वहां ईडी की टीम ग्रामीण विकास विभाग के कोषांग में दस्तावेज को खंगाल रही है। एक-एक दस्तावेज को ईडी के अधिकारी जांच कर रहे है। ईडी की इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे के साथ-साथ राजनीतिक गलियारे में खलबली मच गयी है।




PR NO. 324585(Election)23-24 D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय, निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, रॉंची-834004

E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

### आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

### राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE

Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024

Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूँटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान

# भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए लोगों को जागरूक किया गया

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गुमला** – लोहरदगा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के सिसई प्रखण्ड में बरगांव पंचायत दक्षिणी के आम्बा बगीचा में श्यामसुंदर महतो,रोहित शर्मा, पंकज साहु, मुकेश श्रीवास्तव के अगुई में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों संघ बैठक कर 13 मई 2024 को लोहरदगा लोक सभा प्रत्याशी समीर उरांव को कमल फूल पर बटन दबाकर भरी मतों से विजय बनाकर प्रधान मंत्री मोदी जी के हाथ को मजबूत बनाने के लिए जनता से अपील किया गया, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष किरण माला बाड़ा, जिला कार्यसमिति सदस्य रामेश्वरी उरांव महिला मोर्चा जिला सोशल मीडिया प्रभारी गुड्डी नन्दा एवं सिसई दक्षिणी बड़गांव मुखिया शोभा देवी उपस्थित हुए अबकी बार 400 पार फिर से एक बार मोदी सरकार के नारे लगाते हुए प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 10 सालों में किऐ गए कार्य की सराहना किया गया और लोकसभा सांसद समीर उरांव जी को जिताने के लिए कमल छाप बटन दबाकर कमल खिलाने का संकल्प लिया गया।

इस बैठक में खेदू उरांव गजेंद्र उरांव, लक्ष्मणती उरांव, अनिल माहली, प्रकाश उरांव, रोहित कुमार (घंटी)मनीष बाबू, किशन सिंह, मदन साहू, कांति देवी, राखी देवी, आकांक्षा कुमारी, प्रकाश महतो, गजराज महतो, गजेंद्र साहू, संदीप गोप, रामबालक महली, सत्यनारायण महली, अंशु देवी, प्रमोद साहु, सतेंद्र साहु, बलभद्र साहु, श्यामसुंदर महतो, पांडु साहू,मनोज वर्मा, सोमेश उरांव, राजकिशोर शर्मा, निलेश शर्मा, बिनोद शर्मा, सनबीर शर्मा, सत्येंद्र साहु, दीपक अधिकारी, मनबहाल साहु, मिथलेश साहु, अजय जयसवाल, सुरेश उराव, विष्णु लोहरा, संजय उरांव, जगरनाथ साहु अमर साहु, रामानन्द सिंह, छोटू उराँव, सुभाष उराँव, विजय उराँव, सुनील उराँव, धोंधलो उराँव, चंदर उराँव, अनिल उराँव, सत्येंद्र ओहदार, राजकिशोर शर्मा, गौतम साहु, जनार्दन साहु, चूड़ामणि साहु, उर्वशी देवी,भारती देवी, कुसुम देवी, ममता देवी, अनिता देवी, सुनीता देवी, कोयल देवी, संगीता उरांव, सीमा उरांव, सुषमा कुमारी सनियारो कुमारी, बसंती देवी, छुनियां देवी, शिवन देवी, बबली देवी, गीता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## व्यापारिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत मजदूरों को मतदान करने के लिए छुट्टी दिया जाय

**गुमला :** श्रम अधीक्षक गुमला द्वारा, गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अधीन सभी प्रतिष्ठानों को कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखंड सरकार के द्वारा जारी अधिसूचना के आधार पर झारखंड राज्य में अवस्थित सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) के निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है



1 - किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन पर नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य के विधानसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।

2 - उपधारा (1) के अनुसार अवकाश मंजूर किए जाने के कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यतया किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जाएगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किया जाने की दशा में दी गई होती।

3 - यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माने से, जो ?500 तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।

4 - यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी, जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी निर्वाचक जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी हैं, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल हैं, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहां लोकसभा के आम चुनाव और उप चुनाव आयोजित होने वाले हैं। इसके अलावा ऐसे मामले भी हो सकते हैं, जहां कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और निर्वाचक के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) (1) के तहत सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/ अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे। चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सभी व्यापारियों और औद्योगिक संस्थानों से अपील की है, की मतदान के दिन अपने दैनिक मजदूर को अवकाश जरूर दें। ताकि वो मतदान कर सके।

## नाबालिग बच्चियों से कराया जा रहा था नल जल योजना का कार्य

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**तिसरी प्रतिनिधि।** तिसरी प्रखंड में संचालित हर घर नल जल योजना में वैसे तो आए दिन भारी गडबडियाँ उजागर होती रहती हैं। इसमें अनियमितता से जुडे कई मामले सामने आते रहते हैं। बुधवार को भी प्रखंड के गडकुरा पंचायत अंतर्गत भुराई मुख्य सडक के किनारे नल जल योजना के तहत जलमीनार का डीपीसी ढलाई का कार्य करवाया जा रहा था। इस दौरान मजदूर के रूप में नाबालिग बच्चियों से कार्य करवाया जा रहा था। इस बाबत पूछने पर संवेदक का मुंशी मिडियाकर्मियों से ही उलझ गया, मुंशी से मीडियाकर्मियों की तीखी बहस भी हुई। मुंशी ने कहा कि उनका कार्य हर हाल में जलमीनार का स्ट्रक्चर खडा करवाना है। बुधवार को भी प्रखंड के गडकुरा पंचायत अंतर्गत भुराई मुख्य सडक के किनारे नल जल योजना के तहत जलमीनार का डीपीसी ढलाई का कार्य करवाया जा रहा था।चाहे इसके लिए जो भी करना हो।

हालांकि बाद में मुंशी द्वारा माँ के बदले उक्त बच्ची के कार्य करने की दुहाई दी गई।

बहरहाल बात चाहे जो भी हो योजना की पूर्ति के लिए संवेदकों द्वारा बरती जा रही भारी लापरवाही पर विभाग को कडा रुख अख्तियार करना चाहिए।

वहीं इस मामले में पिएचईडी विभाग के जेई को भी फोन पर मामले की सुचना दी गई।

इस मामले में कैलाश सत्यर्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के जिला समन्वयक सुरेन्द्र पंडित ने कहा कि नल जल योजना के कार्य में नाबालिक से काम करवाने की सूचना प्राप्त हुई है विभाग को लिखा जाएगा।

## इस बार दिन भर मतदान

**गुमला-** लोकसभा चुनाव 2024 के निमित राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश एवं जिला निर्वाचन आयोग सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के मार्गदर्शन से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से दिनांक 7 मई को जिले में भर में विशेष सोशल मीडिया हैश टैग अभियान मै भी ईलेश न अम्बेस्डर का आयोजन किया गया। जिले में स्वीप गतिविधि के तहत दिनांक 7 मई को संध्या 6 से लेकर 8 बजे तक यह सोशल मीडिया अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से लगभग 3000 मतदाताओं ने इस अभियान में भाग लिया।



पलाश- से संबंधित गतिविधियों को सफल बनाने हेतु गुमला जिले के सभी बूथों में हैसटैगश्ह्र का इस्तेमाल करते हुए सखी मंडल के सदस्यों/ कैडरों एवं कर्मियों द्वारा अपने निकटवर्ती मतदान केन्द्रों में नुक्कड नाटक , डोर टू डोर भ्रमण कर मतदाता पर्ची की जाँच, रैली आदि के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया साथ ही हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी लेते हुए चुनाव का पर्व, देश का गर्व जैसे स्लोगन के साथ विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटॉर्म जैसे फेसबुक, और ङ्ग पर 500 से ज्यादा पोस्ट किया गया 7

सखी मंडल के सदस्यों द्वारा मतदान हेतु जागरूकता बढाने के लिए रात्रि चौपाल, मेहंदी , रंगोली आदि प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया 7 इस आयोजन में जिले भर से विभिन्न बुथो में कुल 2000 से ज्यादा दीदियो ने अपनी सहभागिता की 7 इसी प्रकार जिला समाज कल्याण विभाग के कर्मियों, शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों, कर्मियों एवं तकनीकी कार्य से जुड़े कर्मियों तथा सीएससी सेंटर के भी सभी कर्मियों ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लिया, एवं इस सोशल मीडिया अभियान को सफल बनाया। कल 7 मई को जिले भर में एक चुनाव मई संध्या देखने को मिली, जिसमें हजारों मतदाताओं ने एक साथ चुनाव के उत्सव को हर्षोल्लास से मनाया। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में मुख्य भूमिका जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी एलीना दास, डीपीएम छ्वस्क्क्र शैलेंद्र जारिका, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार सहित अन्य संबंधितों की रही।

## हर घर नल जल योजना के लिये रखें मोटे प्लास्टिक पाइप को अज्ञात लोगों ने किया आग के हवाले

**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत रायडीह प्रखण्ड के सुरसांग थाना स्थित रेंगोला ग्राम में हर घर नल जल योजना के लिए तीन कंटेनर पाइप रखा हुआ था , रेंगोला ग्राम में भूमिगत पाइप बिछाकर शंख नदी से पानी लाकर , पानी टंकी में पानी भरकर रखा जायेगा और रेंगोला ग्राम के हर घर नल जल योजना के तहत घर घर में पेयजल आपूर्ति करने की योजना के तहत छह माह से कार्य चल रहा हैं, प्रातः तड़के लगभग 3ः00 बजे उक्त रखें लाखों रूपये के प्लास्टिक का मोटा पाइप में एकाएक रहस्यमय परिस्थितियों में आग लगने से और उसकी आवाज से गांव के ग्रामीणों की आंख खुली और उक्त लोग अपने अपने घरों से बाहर निकलकर गांव में रखें ,उक्त मोटे प्लास्टिक के पाइप में लगे आग ने विकराल रूप धारण कर चुका था, और उससे गगन चुम्मी आग की लपटे निकल रही थी, फलस्वरूप उक्त स्थल पर जाने की हिम्मत किसी ने नहीं जुटा पाई और ना ही उक्त आग को बुझाने के लिए किसी ने कोशिश की ,बाद में उक्त घटना की सूचना संबंधित रायडीह प्रखंड के सुरसांग थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और अग्निशामक वाहन बुलाई गई, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी, और समस्त तीन कंटेनर मोटे प्लास्टिक की पाइप जलकर राख हो चुकी थी, थाना प्रभारी ने बताया की उक्त पाइप शॉर्ट सर्किट से लगी या किसी शरारती तत्वों ने उक्त आग को लगाई हैं, इसकी जांच होगी, फिलहाल अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है , संवेदक द्वारा एक इंजीनियर को उक्त कार्यस्थल से निकाल दिया गया था और वह मंगलवार को अपना घर चला गया था, और स्थानीय लोगों से कार्य कराया जा रहा था, परंतु पैसा किसी को नहीं दी गई थी, जिससे भी लोग क्षुब्ध थे , ग्रामीण दबे जुबान से आपस में बात कर रहे थे , की उक्त पाइप में पेट्रोल छिड़ककर आग लगाई गई हैं , पुलिस गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी हैं और अज्ञात लोगों के विरुद्ध एक प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैं ।.



# शक्ति केन्द्रो में मोदी जी के विजय संकल्प को दोहराया गया

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**




**गुमला :** जैसे जैसे लोकसभा चुनाव के विभिन्न चरणों के लिए वोटिंग आगे बढ़ रही है, लोकसभा चुनाव प्रचार की सरगर्मियां भी तेजी पकड़ रही हैं. इसी कड़ी में लोहरदगा लोकसभा सीट से बीजेपी के प्रत्याशी समीर उरांव भी धुआंधार चुनाव प्रचार जुटे हैं. समीर उरांव ने सिसई विधानसभा क्षेत्र के बसिया प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. पीएम मोदी के निर्देशों के अनुसार ऑन ग्राउंड रहकर हमेशा जनता की सेवा में लगे रहने वाले समीर उरांव ने इस दौरान बसिया ब्लॉक के कई गांवों में जा जाकर लोगों से मुलाकात की और लोकसभा चुनाव के दौरान अपने लिए समर्थन मांगा.कमल फूल उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अगर गांव समाज और देश की तकदीर और तस्वीर बदलनी है तो बीजेपी को वोट देकर पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार को साकार करें.वहीं आखरी चरण में भाजपा अपने वोटरों- लाभुकों को जनसंपर्क,समाज के वरिष्ठम सामाजिक जनसंपर्क अभियान के तहत पथसभाओं के माध्यम से जिले में मंडल के सभी शक्तिकेन्द्रों में कार्यक्रम आयोजन कर वोटरों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही है।

जहाँ जिले के सभी शक्तिकेन्द्रों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।कोहिपाठ,बेलगडा,अरंगी,खभया कुंबाटोली,आदर,कुगांव, शिवनाथपुर,भुरसो,बॉन्डों,लरंगो,नसारी,असनी,जिलंगा,ओलमुंडा, मुरकुंडा, गोंगरा टोली,व अन्य शक्तिकेन्द्रों में पथ सभा किया गया।

गुमला मण्डल में 36 शक्तिकेन्द्रों में से असनी-खोरा शक्तिकेन्द्रों में जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद साहु जी उपस्थित हुए।

**पथसभा के माध्यम से अबकी बार 400 पार का नारा बुलंद किया।**

जहाँ कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व राज्यसभा सासद अजय मारू,पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव,मिसिर कुजूर,मनोहर बडाईक,श्री चंद प्रजापति, विनोद कुमार,गजाधर सिंह,भूपन साहू ,अनूप चंद्र अधिकारी,विजय मिश्रा,गायत्री देवी,सोनामणि उरांव,अमरमणि उरांव,देवेंद्र लाल उरांव रामावतार भगत, मनोहर ब?ाईक,छोटेलाल भगत, अजित मणि पाठक,श्याम किशोर पाठक, विपिन बिहारी सिंह,रामावतार भगत,तिम्बू उराव,संदीप प्रसाद,राहुल बडाइक,राम साहु, सूरज कुमार साहू,जगत ठाकुर, बिल्टू लोहरा,दिलेश्वर भगत, बिंदेश्वर साहू,लक्ष्मी नारायण यादव,विजय सिंह पिंटू,अरुणंजय सिंह,केदार साहू,योगेंद्र सिंह,दिलीप ब?ाईक, गौरी किंडो, संतोष पंडा, दिनेश्वर प्रसाद,पप्पू गुप्ता, रामनंदन साहू गोपाल गोप, बच्चन चौरसिया, सुमित महली,विजय सिंह पिंटू, प्रतिमा देवी, गोपाल केसरी, राहुल बडाईक,मनमोहन सिंह,लालो देवी,समेत सभी बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख मुख्य रूप से पथसभा में उपस्थित हुए। वहीं सामाजिक संपर्क अभियान के तहत संयोजक श्यामसुंदर साहु पूर्व बीस सुत्री उपाध्यक्ष हीरा साहू, शिवनारायण साहू समेत नेताओं ने पुसो मंडल के शक्तिकेन्द्रों में मोदी जी के विजय संकल्प को दोहराया।

## एक-नजर

### जिम कॉर्बेट के 7वें संस्करण- पं. गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव 2024 में छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**रांची :** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने नैनीताल में आयोजित गोविंद बल्लभ पंत-एफजी पीयर्स यंग आइडिएटर्स कॉन्क्लेव में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता थी जिसमें देश भर के 14 स्कूलों के 110 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सुकरात/गैलीलियो/गांधी/पेरियार की वास्तविक और रूपात्मक दुनिया की थीम पर आधारित 'क्रिएटिव राइटिंग और स्पोकन वर्ड' प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की प्रज्ञाश्री होता और निशिका राज ने सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधिमंडल में 2दक रनर अप स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं के नेयारा तहरीम, अदयान मलिक के साथ स्कूल के पूर्व छात्र चिन्मय ने भी 'डॉ0 ओटो वुल्फ मेमोरियल बहु-अनुशासनात्मक काइनेटिक कला स्थापना प्रतियोगिता' में भाग लिया और सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि मंडल का 2दक रनर अप स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हार्दिक बधाई दी और उनकी कडी मेहनत और उत्साह की सराहना की।..

### प्रचंड गर्मी के कारण मजदूर चक्कर खाकर 30 फीट कुंआ में गिरा , इलाज के क्रम में हुई मौत



**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना स्थित रेडवा पंचायत के कोडा ग्राम निवासी 55 वर्षीय बबलू खड़िया , मनरेगा के तहत शुकरा खड़िया के मनरेगा के तहत बना रहे कुएं में मजदूरी का कार्य करते वक्त प्रचंड गर्मी के कारण बबलू खड़िया चक्कर खाकर 30 फीट के निर्माणाधीन कुंआ में पीठ के बाल गिर कर गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गया, जिसे बाद में उक्त कुंआ से निकल कर आनन-फानन में इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया , जहां इलाज के क्रम में बबलू खड़िया की मौत हो गई , उक्त सूचना मिलते ही सिसई थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें , गुमला सदर अस्पताल में पहूंचकर , उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया , जहां पोस्टमार्टम के बाद , उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, पुलिस मामले की छानबीन कर रही हैं।.

### सडक में एकाएक जनवर के दौड़ने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त इलाज के क्रम में एक युवक की हुई मौत।



**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत बरांग पाट निवासी भुवनेश्वर उरांव के 20 वर्षीय पुत्र अरविंद उरांव अपने बाइक में सवार होकर लोहरदगा के तरफ जा रहा था, उसी क्रम में घाघरा ब्लॉक चौक के पास एकाएक सड़क में एकाएक जानवर के दौड़ जाने के कारण , उक्त बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया , फलस्वरूप अरविंद उरांव और उसका एक दोस्त दोनों घायल हो गये , आनन-फानन में उक्त दोनों युवकों को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया , जहां गंभीर रूप से घायल अरविंद उरांव की एकाएक स्थित गंभीर हो गई और कुछ देर बाद ही इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई, उक्त सूचना मिलते ही घाघरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।..

### जमुआ पूर्वी क्षेत्र में 10 किलोमीटर की रेंज में एक भी नहीं राष्ट्रीयकृत बैंक

**जमुआ और बेंगाबाद :** जमुआ प्रखंड क्षेत्र के जमुआ पूर्वी राजनीति, व्यवसाय एवं शिक्षा और कृषि के क्षेत्र में प्रखंड में एक अलग पहचान बनाई है. पूर्वी क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण चौक जिसमें सियाटांड़, नवडीहा ,कुरहोबिंदो गोंदलीटांड, एवं झलकडीह चौक है जिसमें सबसे बड़ा चौक के रूप में सियाटांड़ अपनी अलग पहचान बनाई है जहां पर जमुआ ,बेंगाबाद एवं देवरी प्रखंड के दर्जनों गांव की मुख्य बाजार है। वही आपको बता दें जमुआ पूर्वी अंतर्गत लगभग सात पंचायत जिसमें सियाटांड़, गोरो, चिलगा, चोरगाता,कुरहोबिंदो मलुवाटांड़ एवं बेंगाबाद प्रखंड के बदवारा इत्यादि पंचायत शामिल है इस क्षेत्र में चुनावी माहौल में लोगों ने कोडरमा लोकसभा के सांसद प्रत्याशी से राष्टीयकृत बैंक की मांग कर रही है वही मतदाताओं ने कहा जो हमारी मुद्दा पर बात करेंगे उन्हें हम मतदान करेंगे । सियाटांड़, नवडीहा, कुरोहीबिंदो इत्यादि चौक के दुकानदारों ने कहा जमुआ पूर्वी क्षेत्र में 10 किलोमीटर की दायरे में एक भी राष्टीयकृत बैंक नहीं होने के कारण हम दुकानदारों के साथ आम नागरिकों को भी काफी परेशानी होती है ।

**क्या कहते हैं वोटर**

रामकुमार वर्मा

बैंक नजदीक नहीं होने के कारण हम प्रवासी मजदूर को सबसे अधिक परेशानी होती है क्योंकि घर में अकेला महिला होती जिसे पैसा निकालने के लिए बैंक जाना काफी परेशान का सामना करना पड़ता है , कभी कार रास्ते में महिला से चिंदी की भी घटना होते रहती है।

श्यामनंदन कुमार

यह क्षेत्र सुधारवर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्र है जहां पर सरकार की कई जनकल्याणकारी योजना जैसे पेंशन, पीएम किसान, मनरेगा इत्यादि कि पैसा बैंक में आती है लेकिन बैंक नजदीक नहीं होने के कारण बुजुर्ग , विधवा ,दिव्यांग इसका लाभ से भी वंचित रह जाते सियाटांड क्षेत्र से लगभग 10 किलोमीटर एरिया में एक भी राष्टकृत बैंक नहीं है। इस क्षेत्र में एक बैंक अति आवश्यक है। संजय विकास कुशवाहा

राष्टीयकृत बैंक नहीं होने के कारण खास करके मनरेगा जैसी संस्था में काम करने वाले मजदूरों को काफी परेशानी होती है मनरेगा में जहां साप्ताहिक भुगतान जिसे मजदूर निकालने के लिए लगभग 10 किलोमीटर ।

# झामुमो-कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचारियों को दे रही संरक्षण : बाबूलाल मरांडी

रांची

**- भाजपा ने झारखंड सरकार के खिलाफ जारी किया आरोप पत्र**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रदेश की झामुमो-कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रही है, उसे बचने का काम कर रही है। सत्ता में शामिल लोगों की तिजोरी तक भ्रष्टाचार का पैसा पहुंच रहा है।

मरांडी ने कहा कि इनके मंत्री के आप्त सचिव के नौकर के यहां से छापे में 35 करोड़ रुपये मिले हैं। ऐसे में मंत्री और सचिव के यहां छापा मारने पर कितने रुपये मिलेंगे, इसका अनुमान लगा पाना भी मुश्किल है।

हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में आरोप पत्र जारी करते उन्होंने कहा कि झारखंड में सत्ता पर बैठे लोग राज्य को लूटने और कमाने में लगे हैं। कांग्रेस और झामुमो की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है।



कांग्रेस शुरू से झारखंड और झारखंडवासियों की विरोधी रही है।

विधायक सीपी सिंह ने बताया कि भाजपा की ओर से जारी 28 पन्ने के आरोप पत्र में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के भ्रष्टाचार का जिक्र है। साथ ही हेमंत सरकार पार्ट 2 (चंपाई सरकार) के कारनामों का भी जिक्र किया गया है। राज्य सरकार द्वारा किए गए वादे और उसके हकीकत को बयां किया गया है।

उन्होंने कहा कि आरोप पत्र में भ्रष्टाचार को उठाया गया है। इसमें बताया गया है कि कांग्रेस के सांसद के विभिन्न ठिकानों से 350 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। बालू, कोयला, पत्थर का अवैध खनन, जमीन की लूट, शराब घोटाले ने झारखंड को कलंकित किया है।

आजाद भारत में किसी राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा खुद के नाम पर खनन पट्टा लेने से राज्य पहले ही कलंकित हुआ है। राज्य में स्टेट स्पॉन्सर्ड करप्शन है। भ्रष्टाचार में मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर अधिकारी, दलाल, बिचौलिये तक संलिप्त हैं। ईडी की छापामारी में पूजा सिंघल के करीबियों के यहां करोड़ों रुपये बरामद हुए। सेना की जमीन तक को नहीं छोड़ा गया।

## निश्चित हार को देख कर मोदी एवं उनके नेता हो गए हैं दिशाहीन : झामुमो



**रांची ।** झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरे चरण के मतदान के साथ ही आधा चुनाव संपन्न हो गया है, जो रिपोर्ट आ रही है, उसके अनुसार मोदी और भाजपा चुनाव हार रहे हैं। पहले से मुद्दाविहीन मोदी और उनके नेता अब और दिशाहीन हो गए हैं। भट्टाचार्य बुधवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश के दुरचारी, आरोपितों और भ्रष्टाचारियों को पहले टिकट दिया और अब उनके लिए मोदी घूम-घूम कर वोट मांग रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी सरना धर्म कोड पर क्यों नहीं बोलते हैं। अनाप-शनाप बोलकर क्यों झारखंड का माहौल खराब कर रहे हैं। ये लोग अपनी निश्चित हार को देखते हुए अब हिंदू और आदिवासी को टोपी पहनाकर भाजपा में शामिल करा रहे हैं। गत दिवस मुस्लिम के नाम पर हुए भाजपा के ज्वाइनिंग पर जिस तरह की खबरें आ रही है, वह चिंताजनक और हताशा भरा कदम है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा कार्यकताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**मांडर।** भारतीय जनता पार्टी के मांडर मंडल के द्वारा गांव-गांव घूम कर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के लिए समर्थन मांगा गया। साथ ही समीर उरांव को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प किया गया। इस दौरान मंडल के अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी ने मांडर प्रखंड के रेगे, रीपटीन, कंजीया, बसकी, मसमानो, बरगड़ी, जाहेर,बरटोली आदि गांव का दौरा किया। इस जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मोर्चाअध्यक्ष बिजय उराँव, हेमंत कुमार, जनार्दन साहु, बिनोद गोप, रामदयाल मुंडा, मुकेश गोप, बबलू गोप, रामचन्द्र भगत समेत अन्य उपस्थित थे।

### मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा द्वारा चलंत पियाऊ की शुरूवात

**रांची:**मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तिव्र गर्मी मे आमजनो की सेवा और सुविधा के लिए अमृत धारा कार्यक्रम के अंतर्गत 08.05.2024 दिन बुधवार को अपर बाजार स्थित दुर्गा मंदीर से चलंत प्याऊ का उद्घाटन किया गया। चलंत प्याऊ नगर मे ब्रहमंड कर आमजनो को शितल जल, आामपानी, सत्तु पानी, ग्लूकोज तथा शरबत निशुल्क प्रदान करेगा। चलंत प्याऊ का उद्घाटन मंच के राष्ट्रीय अमृत धारा प्रभारी वरुण जालान एवं मुख्य सहयोगकरता राधेश्याम अग्रवाल द्वारा फीता काट कर एवं नारियल फोड़ कर किया गया।

कार्यक्रम के संयोजक मंच के अमृत धारा प्रभारी सौरव सरावगी एवं हर्ष जालान है।

कार्यक्रम मे अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव सोनित अग्रवाल, कोषाध्यक्ष स्पर्श चौधरी के साथ प्रांतीय मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पड़िया, मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष सौरव बजाज, भारतीय युवक संघ के संजय चौधरी एवं मंच के कई पूर्व अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी मारवाड़ी युवा मंच के प्रवक्ता राघव जालान ने दी।

### छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री 10 को मनोहरपुर, कुरडेग और चैनपुर में जनसभा को करेंगे संबोधित

**रांची।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 10 मई को झारखंड आएंगे। इस दिन वे खूंटी लोकसभा, लोहरदगा लोकसभा और सिंहभूम लोकसभा में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

विष्णु देव साय पश्चिम सिंहभूम जिले के मनोहरपुर स्थित मणिपुर मैदान में 10:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉक्टर दिनेशानंद गोस्वामी, भाजपा उम्मीदवार गीता कोड़ा, पश्चिम सिंहभूम के जिला अध्यक्ष संजू पांडे, सरायकेला खरसावां के जिला अध्यक्ष उदय सिंहदेव भी मौजूद रहेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री खूंटी लोकसभा के गताडीह बगीचा, प्रखंड मैदान करडेग में 12:30 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष (खूंटी) चंद्रशेखर गुप्ता, जिला अध्यक्ष सिमडेगा लक्ष्मण बड़ाईक भी मौजूद रहेंगे।

साय गुमला के गुमला जिले के चैनपुर के छतरपुर बगीचा मैदान में 2:00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी मनोज सिंह, प्रत्याशी समीर उरांव, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, गुमला जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू भी मौजूद रहेंगे।

### पुलिस की छापेमारी में रेस्टोरेन्ट से शराब जब्त, मैनेजर गिरफ्तार

**रांची।** अवैध शराब के खिलाफ ओरमांझी थाना पुलिस ने होटलों और रेस्टोरेंट में बुधवार को छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अतिथि रेस्टोरेन्ट से काफी मात्रा में अवैध शराब बरामद किया गया। अतिथि रेस्टोरेन्ट मालिक राजदीप साहू, मैनेजर उमेश मण्डल सहित अन्य रेस्टोरेन्ट के सहकर्मी द्वारा अवैध विदेशी शराब की खरीद-बिकी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

मामले में अतिथि रेस्टोरेन्ट के मालिक राजदीप साहू पीछे के तरफ से भाग गये । लेकिन मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से अलग-अलग 26 शराब की बोतल और 14 बीयर, सिगरेट, गुटखा सहित अन्य सामान बरामद किया गया है।

### राशन दुकान से मिले भारी मात्रा में शराब और बीयर

**रांची।** खलारी थाना पुलिस ने भारी मात्रा में शराब और बीयर बरामद किया है। बरामद शराब में 54 पीस बीयर, 28 पीस केन बीयर और छह पीस विदेशी शराब शामिल है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर खलारी के डकरा स्थित सुभाष नगर के एक राशन दुकान में छापेमारी की गयी। छापेमारी के दौरान शराब बरामद किया गया। लेकिन आरोपित सुमन साहू फरार हो गया।

### सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन बुधवार को एक भी नामांकन नहीं किया गया। वह बुधवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

रवि कुमार ने बताया कि सातवें चरण के लिए सात मई को नामांकन के पहले दिन तीन लोगों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था। इसमें राजमहल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (सुरक्षित) से एक और गोड्डा से दो लोगों ने नामांकन किया था। हालांकि, दुमका से नामांकन का खाता खुलना अभी बाकी है।

## झारखंड हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर लगा जुमार्ना किया माफ

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर पूर्व में लगाए गए 1,25,000 के जुमार्ने को बुधवार को माफ कर दिया।याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव ने अर्जुन मुंडा पर लगाए गए जुमार्ना की राशि माफ करने का आग्रह कोर्ट से किया था, जिसे कोर्ट ने मान लिया। साथ ही कोर्ट ने रांची में बीजेपी के सचिवालय मार्च मामले में धुर्वा थाने में दर्ज एफआईआर मामले में अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों पर पीड़क कार्रवाई पर रोक 25 जुलाई तक बरकरार रखी है।



पूर्व की सुनवाई में कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान यह पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गई है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया। बाद में मामले की सुनवाई भी हाई कोर्ट में हुई थी। कोर्ट ने याचिका में त्रुटि दूर किए बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर 1,25,000 रुपये जुमार्ना लगाया था। हालांकि, कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा सहित 27 आरोपितों को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगाई थी।

## राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलो के त्वरित निष्पादन के लिए झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में एमपी-एमएलए के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर बुधवार को सुनवाई हुई। मामले में निदेशक अभियोजन कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए।कोर्ट ने उनसे पूछा कि निचली अदालत में एमपी-एमएलए के मामलों में यदि अदालत से वे रिहा कर दिए गए हैं, तो इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विटल अपील दाखिल की गई है या नहीं। एमपी-एमएलए के कितने मामलों में रिहाई के बाद ऊपरी अदालत में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दायर की गई है। क्या इस संबंध में कोई आंकड़ा उपलब्ध है। इस पर निदेशक अभियोजन कोर्ट को स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए।



कोर्ट ने निदेशक अभियोजन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि एमपी-एमएलए के चल रहे मामलों में से निचली अदालत से रिहाई के बाद इसके खिलाफ ऊपरी अदालत में कितने के मामले में क्रिमिनल एक्विट्टल अपील दाखिल की गई है। कोर्ट ने उन्हें शपथ पत्र के माध्यम से इसे प्रस्तुत करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 17 मई निर्धारित की है।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024
अति महत्वपूर्ण

### लोकसभा आम निर्वाचन–2024
पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला।
(Email id —postalballotcellgumla@gmail.com)

चुनाव का पर्व DESH KA GARV

आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावाधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर पुलिस कर्मी आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापित है।

डाक मतपत्र द्वारा मतदान की प्रक्रिया के अधिकतम आच्छादन को सुनिश्चित करने के लिए प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय गुमला में मतदान सुविधा केन्द्र को दिनांक 09.05.2024 से 11.05.2024 तक पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक विस्तारित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videog rapher | पुलिस कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | कमरा नम्बर 1 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी , गुमला। | श्री राहुल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुंमला। | श्री दिनेष्वर भगत, प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय , गुमला। | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | 1 | 2 |
| 2 | | कमरा नम्बर 2 | श्री खाखा सुषील कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, चैनपुर । | श्री अनिल उरांव, लिपिक, जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती मेझरेन पन्ना , प्रधान लिपिक , अंचल कार्यालय , भरनो। | श्री ललित किड़ो , लिपिक, जिला आपूर्ति कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

| क्र0 सं0 | मतदाता का प्रकार | अन्य लोकसभा क्षेत्र | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videog rapher | पुलिस कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | 10 सिंहभूम (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र 11 खूँटी (अ0ज0जा0) लोकसभा क्षेत्र 13 पलामू (अ0जा0) लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 3 | श्री षिव बालक प्रसाद, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला । | श्रीमती गीता देवी, प्रधान लिपिक अंचल कार्यालय, सिसई | श्रीमती सरोज मिंज, प्रखण्ड कार्यालय , रायडीह। | श्री कलिन्द्र साहु, परीक्ष्यमाण उपसमाहर्ता गुमला। | 1 | 1x2 |

उपर्युक्त मतदान दल पूर्व निर्गत आदेश ज्ञापांक –108(ii) दिनांक 05.05.2024 एवं 109(ii) दिनांक 05.05.2024 के अनुरूप कार्य करेगें । मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेश के अनुरूप मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला।

PR 324548 Election(24-25)D

चुनाव का पर्व DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

### समाहरणालय, गढ़वा
(जिला निर्वाचन शाखा)

आदेश

इस कार्यालय का आदेश ज्ञापांक 1139/जि0निर्वा0 दिनांक 03.05.2024 के द्वारा कुल 09 Facilitation Centre स्थापित कर मतदान कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया था जिसके अनुसार दिनांक 09.05.2024 से 11.05.2024 तक समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) का अधिष्ठापन किया गया है।

गढ़वा जिला में कार्यरत् झारखण्ड राज्य के अन्य जिलों के कर्मी को उनके जिला में मतदान तिथि के अनुसार निर्धारित समय पर पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। अतएव समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 में स्थित पोस्टल बैलेट सुविधा केन्द्र (Facilitation Centre) को दिनांक 30.05.2024 तक की अवधि के लिए कार्यरत् रखने का निर्णय लिया गया है।

अतः समाहरणालय, गढ़वा भवन में भूतल पर अवस्थित कमरा संख्या–117 के लिए प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मियों को आदेश दिया जाता है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्धारित तिथियों को सुविधा केन्द्र पर उपस्थित होकर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार पोस्टल बैलेट के माध्यम से सभी संबंधित कर्मियों को मतदान सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, गढ़वा।

PR 324563 Election(24-25)D

सुदृढ प्रजातंत्र हेतु वृहतर सहभागिता

### कार्यालय,जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त,राँची
(जिला निर्वाचन शाखा)

:: सवैतनिक अवकाश, आम सूचना ::

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, राँची का पत्रांक 1950, राँची, दिनांक 08.04.2024, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्रांक 78/EPS/2024 दिनांक 16.03.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या 2492 एवं 2493, दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अवसर पर खूँटी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत, 58– तमाड़ (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रान्तर्गत 66– माण्डर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 13.05.2024 एवं 61– सिल्ली (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 62– खिजरी (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 61– राँची(अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 64– हटिया (अ0ज0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, 65– कॉके (अ0ज0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मतदान की तिथि 25.05.2024 को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इन्स्टूमेन्टस एक्ट, 1881 की धारा–25 के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। निम्नांकित प्रावधानों का अनुपालन किया जाना है :–

(1) किसी कारबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम या किसी अन्य स्थापन में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा के लिए निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा।

(2) उपधारा–(1) के अनुसार अवकाश मंजूर किये जाने की कारण किसी ऐसे व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी और यदि ऐसा व्यक्ति इस आधार पर नियोजित किया जाता है कि उसे सामान्यता किसी ऐसे दिन के लिए मजदूरी प्राप्त नहीं होगी तो इस बात के होते हुए भी, उसे ऐसे दिन के लिए वह मजदूरी संदत्त की जायेगी, जो उस दिन उसे अवकाश मंजूर न किये जाने की दशा में दी गयी होती।

(3) यदि कोई नियोजक उपधारा (1) और उपधारा (2) के उपबंधो का उल्लंघन करेगा, तो ऐसा नियोजक जुर्माना से, जो पाँच सौ रूपये तक का हो सकेगा, दंडनीय होगा।

(4) यह धारा किसी ऐसे निर्वाचक को लागू नहीं होगी जिसकी अनुपस्थिति से उस नियोजन के संबंध में जिसमें वह लगा हुआ है, कोई खतरा या सारवान् हानि हो सकती है।

उपरोक्त प्रावधानों के अनुसार सभी मतदाता जो प्रतिष्ठानों और दुकानों के कर्मचारी है, जिनमें शिफ्ट के आधार पर काम करने वाले लोग भी शामिल है, उन्हें उस निर्वाचन क्षेत्र में मतदान के दिन सवेतन अवकाश दिया जाएगा, जहाँ लोकसभा आम चुनाव आयोजित होने वाले है। इसके अलावा ऐसे मामले में भी हो सकता है, जहाँ कोई व्यक्ति सामान्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र का निवासी है और मतदाता के रूप में पंजीकृत है, वह सामान्य मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्र के बाहर स्थित किसी औद्योगिक उपक्रम या प्रतिष्ठान में सेवारत या नियोजित हो सकता है। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के बाहर कार्य करने वाले श्रमिक मतदाता भी लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख (1) के तहत् सवैतनिक अवकाश के हकदार होंगे। दैनिक वेतनभोगी/अनौपचारिक कर्मचारी भी मतदान के दिन अवकाश और वेतन के हकदार होंगे।

उपर्युक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित हो। आदेश का उल्लंघन कानून के सुसंगत धाराओं के अधीन दण्डनीय होगा।

विश्वासभाजन
जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,राँची

PR 324569 Ranchi(24-25).D

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय, चतरा।
(उत्पाद शाखा)

–: आदेश :–

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी–सह–सचिव झारखंड, रॉची के पत्रांक–01/नि0वि0–22– 23(पार्ट–1)/2020/1186 दिनांक– 18.03.2024 एवं आयुक्त उत्पाद, झारखंड, रॉची के पत्र ज्ञापांक– 651, दिनांक– 01.04.2024 तथा पत्रांक–814, दिनांक–12.04.2024 के द्वारा चतरा जिला एवं चतरा जिला के सीमावर्ती जिलों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव, 2024 के अवसर पर मतदान समाप्त होने से 48 घंटा पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक,मतगणना के दिन तथा पुनर्मतदान यदि आवश्यक हुआ तो, के दिन शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किये जाने का निदेश है।

चतरा लोकसभा क्षेत्र के सीमावर्ती जिला पलामू में मतदान की तिथि 13.05.2024, चतरा लोकसभा क्षेत्र में मतदान की तिथि 20.05.2024 तथा चतरा लोकसभा क्षेत्र के सीमावर्ती जिला रॉची में मतदान की तिथि 25.05.2024 निर्धारित हैं।

उक्त के आलोक में चतरा जिलान्तर्गत सभी प्रकार की मदिरा तथा मादक पेय पदार्थों की बिक्री को प्रतिबंधित करते हुए झारखंड उत्पाद अधिनियम, 1915 की धारा 26(1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं रमेश घोलप, भा0प्र0से0, जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, चतरा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135c के आलोक में आदेश देता हूँ कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर चतरा जिला के सम्पर्ण क्षेत्र में निम्न प्रकार शुष्क दिवस (Dry Day) घोषित किया जाता हैं।

| SI.N. | Parliamentary constituencies No.&Name | Date of Poll | Duration Of Dry Day |
|---|---|---|---|
| 1 | 13–पलामू | 13.05.2024 | दिनांक–11.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–13.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 2 | 4–चतरा | 20.05.2024 | दिनांक–18.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–20.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 3 | 8–रॉची | 25.05.2024 | दिनांक–23.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक–25.05.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक। |
| 4 | मतगणना की तिथि–04.06.2024 | दिनांक–04.06.2024 (सम्पूर्ण दिवस) | |

शुष्क दिवस की उक्त अवधि में चतरा जिले की सभी शराब दुकानें, होटल, रेस्तरॉ सहित अन्य उत्पाद अनुज्ञप्ति प्राप्त परिसर पूर्णतः बंद रहेंगे तथा किसी प्रकार के होटल, रेस्तरॉ, क्लब, भोजनालय, पाक्शाला, दुकान तथा शराब बेचने या परोसने वाले प्रतिष्ठान में अथवा निजी या सार्वजनिक स्थल पर कोई भी स्प्रिटयुक्त, मादक लिकर या वैसी प्रकृति का कोई अन्य पदार्थ न तो विक्रय किया जायेगा, न परोसा जाएगा और न ही वितरित किया जायेगा।

आदेश का अनुपालन सख्ती से किया जाए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा।

PR.NO.324553 Excise(24-25):D

## जयप्रकाश भाई पटेल को बरही प्रखंड में जनसंपर्क के दौरान जनता का मिला साथ व समर्थन

# हजारीबाग से भाजपा का होगा सूपड़ा साफ:जय प्रकाश भाई पटेल



**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने बुधवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क किया। इस दौरान भारी संख्या में लोगों ने उनकी सभाओं में उपस्थिति दर्ज की। जगह जगह कार्यकताओं एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। जनसंपर्क में सैंकड़ों ग्रामीणों ने मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस को वोट देने की बात कही। प्रत्याशी श्री पटेल ग्रामीणों द्वारा मिले अत्यंत स्नेह और आशीर्वाद से अभिभूत नजर आये। उन्होंने कहा कि आपका यह प्रेम बता रहा है कि हजारीबाग से भाजपा का सूपड़ा साफ होने वाला है। कांग्रेस के हक में दिया गया हर एक वोट देश हित में होगा। क्योंकि ये चोर और निकम्मी मोदी सरकार देश के सिर्फ बेचने का काम कर रही है। कांग्रेस द्वारा वर्षों से कड़ी मेहनत कर खड़ा किये गए राष्ट्रीय संस्थाओं को अमीरों के हाथों बेच दिया गया है। हर वर्ग के लोगों के साथ अन्याय करने वाली मोदी सरकार अब अपने आखिरी दिन गिन रही है। सिर्फ हजारीबाग ही नहीं पूरे देश से भाजपा को यहां की जनता बाहर निकालने का काम करेगी। जनसंपर्क से पहले उन्होंने रोमी में कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों संग बैठक की।

जनसंपर्क में राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश सचिव पूनम यादव, सुखदेव यादव, बरही विधायक उमाशंकर अकेला, केदार पासवान, देवदयाल कुशवाहा, नीलकंठ महतो, इकबाल राजा, अफरोज आलम, मीनू, अल्ताफ हुसैन, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद वसीम, मोहम्मद छोटू, मोहम्मद वारिस, सुनील साहू, परवेज आलम, मोहम्मद असलम, दीपक गुप्ता, मोहम्मद मनन वारसी प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, डॉक्टर निजाम, प्रयाग यादव, विनोद विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा,मीना देवी, पिंकी देवी मनोज रजक, अनिल रॉय, चरका यादव, संजय यादव, सिकंदर राणा, महादेव यादव, छटू गोप आदि साथ थे।

## बरही चौक पर ओबीसी कांग्रेस ने विधायक अंबा प्रसाद का किया स्वागत

## जेपी पटेल के पक्ष में वैश्य समाज के बीच पहुंचीं अंबा प्रसाद, विधायक उमाशंकर अकेला रहे मौजूद

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**बरही।** ओबीसी कांग्रेस बरही प्रखंड कमेटी की ओर से बरही चौक पर बडकागांव विधायक अंबा प्रसाद का स्वागत किया गया। इस मौके पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, कांग्रेस एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान, प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा भी मौजूद थे। दरअसल यहां के बाद में कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल का बरही प्रखंड में भ्रमण व जनसंपर्क कार्यक्रम भी शुरू हुआ। इसी क्रम में ओबीसी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल पर आयोजित वैश्य समाज के कार्यक्रमों में विधायक अंबा प्रसाद पहुंचीं और लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सभी महिलाओं की समस्याओं को सुना। बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि हमारे खिलाफ केंद्र सरकार द्वारा जो अत्याचार किया जा रहा है, उसका जवाब उनके समाज के लोग कांग्रेस प्रत्याशी जेपी पटेल को भारी संख्या में मतदान करके लेंगे।हजारीबाग लोकसभा की प्रगति के लिए अबकी बार जमीन पर परिवर्तन का माहौल है। वैश्य समाज किसी पार्टी विशेष के अधीन नहीं है, पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों, उद्योगपतियों की है। अंबा प्रसाद ने इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद वैश्य समाज की महिलाओं से भी संवाद किया।

इस दौरान वैश्य समाज के प्रमुख लोगों ने अंबा प्रसाद को प्रत्याशी के पक्ष में बढ़ चढकर समर्थन देने का भरोसा दिया। इस दौरान कार्यक्रम में विस विधायक प्रतिनिधि छठू गोप, जिला सोशल मीडिया कॉर्डिनेटर उदय केसरी, ओबीसी कांग्रेस के महासचिव सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष राजू राणा, युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष मनोहर यादव, बरही प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक सिंह, यमुना यादव, सिंघरावां पंचायत अध्यक्ष नरेश साव, शरीफुल हक, सुशील केसरी, प्रमोद सिंह, पूर्वी पंचायत अध्यक्ष मनोज रविदास, सुनील दास, सुधीर रजक, सोनी देवी, उर्मिला देवी, चंचला देवी, आशा देवी, पूनम देवी, सरिता देवी, बीरेन्द्र यादव, बहादुर राणा, गोपाल विश्वकर्मा, महेन्द्र साव आदि कई कांग्रेस जन शामिल रहे।

## मांडू और चरही बैंक ऑफ इंडिया में दलालों का बोलबाला

### बैंक प्रशासन मौन, ग्राहक परेशान




**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ नंदन कुमार**

**चरही।** हजारीबाग जोन अंतर्गत चरही और मांडू बैंक ऑफ इंडिया शाखा इन दिनों दलालों का अड्डा बन गया है। इन दोनों बैंक की शाखा में वर्षों से दलालों का बोलबाला है। जिस पर बैंक के आलाधिकारी भी अंकुश लगा पाने में नाकाम दिखाई पड़ रहे हैं। जानकारी के अनुसार आपको बताते चलें कि मांडू बैंक में वर्षो से दलालों का बोलबाला है बगैर दलालों के सहारे इस शाखा में किसी का भी कोई काम नहीं होता है।खाता खुलवाने से लेकर किसान क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन और मुद्रा लोन में भी इन दलालों का पूरा हाथ रहता हैं। जो गरीबों का खून चूसकर अपनी जेब भरने में जुटे रहते हैं। वहीं बैंक स्टाप भी इन दलालों के सामने बौना बने हुए हैं। यदि बैंक के उच्चाधिकारी कभी इस शाखा का निरीक्षण करने आते हैं, तो बैंक के यही दलाल अधिकारियों की आवभगत में इतना लग जाते हैं मानो उनके लिए धरती पर भगवान उतर आए हों। इतना ही नहीं इन दलालों की आवभगत से बैंक के उच्चाधिकारी भी इतना खुश हो जाते हैं कि इनकी कमियों को नजर अंदाज करके दलालों की पीठ थप थपा कर चले जाते हैं। जिससे आज भी इन दलालों के हौंसले बुलन्द हैं। जो लगातार गरीबों का खून चूसकर अपनी जेबें भर रहे हैं। मांडू बैंक ऑफ इंडिया में दो दलाल अभी सक्रिय है किसी को लोन लेना होता है तो ग्राहक मैनेजर के समीप जाता है। मैनेजर द्वारा ग्राहक को समझा बुझा कर भेज देते है। उसके बाद दलालो की सेटिंग शुरू हो जाती है। दलालो के माध्यम से उक्त व्यक्ति से मोटी रकम लेकर मैनेजर द्वारा लोन पास किया जाता है। मांडू में बकील और राहुल नामक दलाल पूरा सक्रिय है। यंहा तक कि ग्राहकों की केवाईसी के नाम पर भी दलाल रकम ले रहे है। मांडू और चरही बैंक ऑफ इंडिया शाखा के सैकड़ो ग्राहक का केवाईसी पेंडिंग पड़ा है। जिससे ना तो लोग पैसा निकाल पाते है और ना ही वृद्धा पेंशन ले पा रहे है। ग्राहक केवाईसी के लिए महीनों से बैंक का चक्कर काट रहे है। लेकेन बैंक प्रबंधन कुछ न कुछ बहाना बनाकर आए दिन लौटने का कार्य कर रहे हैं । इसी प्रकार चरही बैंक ऑफ इंडिया में गुलाम अंसारी नामक व्यक्ति बैंक चला रहा है। जो शाखा प्रबंधक आते हैं उसी का बनकर रह जाते हैं। यदि इस मामले का जब कोई गरीब ग्राहक विरोध भी करना चाहे तो बैंक प्रबंधन सुरक्षा की मदद से बैंक से बाहर भगा कर केश करने की धमकी दे देते है। गरीब व्यक्ति मजबूर होकर दुखी मन से अपने घर वापस चला जाता है। वहीं दर्जनों ग्राहक दोनों बैंक के शाखा प्रबंधन के खिलाफ उच्य अधिकारी से लिखित शिकायत करने की बात कह रहे है। जिसके लिए ग्राहकों का हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में मांडू बैंक शाखा प्रबंधक को फोन पर पूछताछ के लिए फोन किया गया तो फोन रिसिव करना भी उचित नहीं समझते है। इस कारण उनका पक्ष नहीं लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### पशुपालन चिकित्सक ने लाभुकों के बीच दिलाई शपथ



बड़कागांव। बड़कागांव मे डॉ. लाईशराम गोसाई सिंह प्रखंड पशुपालन अधिकारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लाभुकों के मतदाताओं के बीच मतदान को लेकर शपथ दिलाई गई। लोगों ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मयार्दा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### प्रखंड संसाधन केंद्र में गुरु गोष्ठी का आयोजन



बड़कागांव। प्रखंड संसाधन केंद्र के द्वारा कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव सभागार भवन में गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुगोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद एवं संचालन प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में सभी विद्यालय में जहां मतदान केंद्र बनाया गया है वहां समुचित सुविधा को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया। इस बैठक में प्रखंड साधन सेवी अभय कुमार, धनंजय कुमार, संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, देवदत्त कुमार पाठक, लखनलाल महतो, रामदेव साहू, तनवीर अख्तर, अजय कुमार, रूम टू रीड से निशांत कुमार शिक्षकों में रवि शंकर पाठक, अशोक कुमार, अवधेश कुमार, सुधीर कुमार, रेणु कुमारी, नरेश कुमार, लालदेव गोप, रविंद्र कुमार, शिवराम शर्मा सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

# व्यय प्रेक्षक ने चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण पंजी का प्रथम जांच किया




**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों द्वारा निर्वाचन के दौरान प्रचार-प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय का लेखा संधारण निवार्ची पदाधिकारी द्वारा उपलब्ध कराये गये निर्वाचन व्यय पंजी की जांच व्यय प्रेक्षक राजेश विठ्ठलराव शेल्के (आईआरएस) एवं तांगीराला मुरलीधर(आईआरएस) द्वारा किया गया। आज व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों के व्यय लेखा संधारण पंजी का प्रथम जांच किया गया। जांच के क्रम में सभी अभ्यथीर्यों के द्वारा निवार्चन के दौरान प्रचार प्रसार एवं अन्य दैनिक व्यय को अपने व्यय लेखा पंजी में विधिवत संधारित मूल अभिश्रवों (Vouchers) एव बैंक खाता के अद्यतन विवरणी की जांच की गई। उन्होंने दैनिक निर्वाचन व्यय लेखा का गहन एवं सम्यक जाँच कर छायाप्रेक्षण पंजी (Shadow Observation Register) से मिलान किया।

## सुरक्षा के मद्देनजर मतदान केंद्र 5 कोजिया और 77 निरी को किया गया स्थानांतरित




केरेडारी। प्रखंड के दो मतदान केन्द्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्थान्तरित किया गया हैं! भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के आलोक में मतदान केन्द्र संख्या 5 प्राथमिक विद्यालय कोजिया को प्राथमिक विधालय लाजिदाग और 77 उत्क्रमित मध्य विद्यालय निरी को स्थान्तरित कर प्राथमिक विद्यालय सिरोइया कर दिया गया है ! इसके लिए विहित प्रक्रिपा का पालन करते हुए सभी राजनीतिक दलों को भी अवगत करा दिया गया है! इस हेतू अंचलाधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल और प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार ने प्रखंड के सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों मीडिया कर्मियों संबंधित क्षेत्र के मुखिया आदि के साथ बैठक कर इस आशय की जानकारी दी गई!

## डीडीसी ने किया प्रखण्ड के विभिन्न सीएपीएफ क्लस्टरो एवं बूथों का निरीक्षण



बड़कागांव। डीडीसी प्रेरणा दीक्षित ने बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न बूथों एवं सीपीएस कलस्टरो का निरीक्षण किया. प्रखंड के 10+2 हाई स्कूल, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय होरम सांढ़, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोसाई बलिया, +2 उच्च विद्यालय हरली, राजकीय उत्क्रमित मध्य नापोखुर्द सहित अन्य विभिन्न सीएपीएफ क्लस्टर एवं बूथ का निरिक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र मंडल भी मौजूद थे।डीडीसी प्रेरणा दिक्षित व बीडीओ जितेंद्र मंडल के द्वारा कस्तूरबा गांधी आवसीय विद्यालय में छात्राओं का काउंसलिंग क्लास लिए। छात्राएं काफी प्रोत्साहित हुई। साथ ही साथ साइंस लैब, लाइब्रेरी देने की बात कही गई। वार्डन एवं छात्राओं के द्वारा बाउंड्री वालों की भी बात की गई जिसे संज्ञान में लिया गया। मौके पर हरली पंचायत मुखिया कविता देवी, नयाटांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि अजित महतो, बीपीओ अरुण पासवान, संदीप सिंह, वार्डन लीलावती कुमारी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, रुबी कुमारी, चिंतामणि महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा, सीताराम महतो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# चौपारण पुलिस की दबिश लगातार जारी, 250 लीटर स्प्रिट सहित स्टिकर, रैपर, ढक्कन व नकली बारकोड बरामद

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**



**चौपारण।** चौपारण पुलिस की दबिश लगातार जारी है इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर अवैध नकली शराब बनाने में प्रयुक्त सामग्री बरामद किया इस बाबत थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने प्रेस को बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम-पड़रिया गांव में सुनसान स्थान पर सड़क किनारे झाड़ियों के बीच में छीपाकर भारी मात्रा में अवैध स्प्रिट, ढक्कन, स्टीकर एवं लेबल (रैपर) सप्लाई करने हेतु रखा गया है, जिसे चारपहिया वाहन में लोडकर बिहार ले जाने की योजना है। इस सूचना के आलोक में एक छापामारी दल का गठन पड़रिया गांव के अंतिम छोर में सुनसान स्थान पर पहुंचकर आस-पास के क्षेत्र में तलाशी लेना प्रारंभ किये। तलाशी के कम में सड़क से करीब 20 गज दूरी पर झाड़ियों में छीपाकर रखा 05 प्लास्टिक का गिलन बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर सभी में करीब 50-50 लीटर करीब 250 लीटर अवैध स्प्रिट भरा हुआ पाया गया, वहीं पर एक बड़ा प्लास्टिक के बोरी में रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली ढक्कन करीब 2500 पीस, रॉयल स्टेग कम्पनी का नकली स्टीकर (लेबल रैपर) करीब 2500 पीस तथा झारखण्ड सरकार द्वारा निर्गत किया जाने वाला नकली निर्मित बारकोड 1500 पीस बरामद हुआ, जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। जांच के कम में पता चला कि उक्त बरामद सामानों को बिहार ले जाने की तैयारी थी, जिससे नकली रॉयल स्टेग शराब बनाकर बिकी करके अधिक मुनाफाखोरी किया जाता। इस संदर्भ में चौपारण थाना काण्ड संख्या-157/24 दिनांक-08.05.2024 धारा-272/273/290/406/420 भा०द०वि०, 47(ए) उत्पाद अधि०, 63/65 कॉपी राईट एक्ट धारा 272/273/290/406/420 भा०द०वि०, 47 (ए) उत्पाद अधि०, 63/65 कॉपी राईट एक्ट के अंतर्गत दर्ज कर उपरोक्त बरामद सामानों का तस्करी करने वाले अज्ञात अभियुक्त का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

## होम वोटिंग की तिथि में आंशिक संशोधन, 10 से 14 मई 2024 तक होंगे होम वोटिंग

**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

**पूर्व में 9 मई से 14 मई 2024 थी होम वोटिंग की तिथि निर्धारित**

**हजारीबाग।** लोक सभा आम निर्वाचन-2024 के निमित्त वरिष्ठ मतदाता (अश्रउ 85+ आयुवर्ग) एवं वैसे दिव्यांग मतदाता (अश्ढऊ) जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40 से अधिक है,के लिए होम वोटिंग कराए जाने का प्रावधान है। उक्त के आलोक में पूर्व में होम वोटिंग कराये जाने की तिथि दिनांक 09 मई 2024 से 14 मई 2024 निर्धारित की गई थी। परन्तु अपरिहार्य कारणवश उक्त तिथि में संशोधन करते हुए होम वोटिंग कराये जाने की तिथि दिनांक 10 मई 2024 से 14 मई 2024 तक निर्धारित की गई है।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं ने ली मतदान करने की शपथ

### लोगों को भी मतदान के प्रति प्रेरित करने का लिया संकल्प



**उज्जवल दुनिया संवाददाता**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग के प्रशिक्षुओं ने बुधवार को मतदान अवश्य करने की शपथ ली। इस मौके पर प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं को मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान करना ही चाहिए। वैसे भी मतदाताओं के लिए मताधिकार का प्रयोग करना उनका लोकतांत्रिक अधिकार है। प्रशिक्षुओं ने शपथ ली कि वह अपने देश के लोकतंत्र की परंपराओं के मयार्दा को अक्षुण्ण रखेंगे और मतदान के लिए जाति, धर्म, भाषा अथवा किसी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित नहीं होंगे। प्रशिक्षुओं ने मतदान के लिए दूसरे लोगों को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके अलावा शिक्षण सहायक सामग्री निर्माण कौशल में दूसरे दिन डॉ मीरा कुमारी के नेतृत्व में जल संरक्षण, वर्षा कुमारी के नेतृत्व में विज्ञान आधारित तथा स्नेहलता खलखो के नेतृत्व में स्वास्थ्य सुरक्षा पर आधारित कौशल विकास कराया गया। मौके पर आईक्यूएसी की को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, सहायक प्राध्यापिका डॉ पुष्पा सिंह, डॉ पुष्पा कुमारी, कुमारी अंजलि, रचना कुमारी, सहायक प्राध्यापक अनिल कुमार, जगेश्वर रजक, महेश प्रसाद, अशोक कुमार सिन्हा, गुलशन कुमार, एसएस मैती, दिलीप कुमार सिंह, संदीप खलखो, डॉ अनुरंजन कुमार आदि मौजूद थे।

# मोदी के हाथों में ही संविधान सुरक्षित है, राष्ट्रहित में भाजपा को वोट करें : मनोज

## चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतो में पूर्व विधायक ने बैठक व जनसम्पर्क कर भाजपा के लिए मांगा वोट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चौपारण।** बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के पक्ष चलाया जनसम्पर्क अभियान। चोरदाहा, दैहर व झापा पंचायतों में शक्ति केंद्र प्रमुख व कार्यकताओं संग बैठक कर भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी की लोकप्रियता ने ही उनको टिकट दिलवाया। राष्ट्रहित के लिए भाजपा को वोट करें। विपक्ष जनता को बरगलाने का काम कर रही है। संविधान की रक्षा मोदी जी ही कर सकते है। मोदी जी जो कहते है ओ जरूर करते है यही मोदी की गारंटी है। मनीष जायसवाल जी भारी मतों से जीत रहे है आप भी इसका गवाह बने और भाजपा को वोट करें। इस दौरान जीप सदस्य राकेश रंजन, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामस्वरुप पासवान, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, सुखदेव पासवान, पूर्व मंडल अध्यक्ष भरत सिंह, महामंत्री आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जनमेजय सिंह, अर्जुन सिंह, विजय पांडेय, देवकुमार दाँगी, सुरेश दाँगी, मन्नू सिंह, बासुदेव दाँगी, बिनोद भोक्ता, केदार यादव, गोपाल भुइयाँ, रतन भुइयाँ, अंगीरा देवी, सरिता देवी, बिनय रजक, चोरदाहा में मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार यादव, भाजपा नेता परमेश्वर यादव, कृष्णा पासवान, प्रभात यादव, प्रभु यादव, सुरेन्द्र केशरी, बढो साव, अशोक पासवान, रामबृक्ष यादव, उत्तम गंझू, बंसत सिंह खेरवार। दैहर में महामंत्री आशीष सिंह, कैलास पांडेय, झापा में कपिल साव, नारायण साव, रामप्रसाद भुइयाँ, मिथुन दाँगी, राहुल राणा, सुरेन्द्र पांडेय, जय प्रकाश पोद्दार सहित अन्य।

## दैहर में दर्जनों लोगों ने कांग्रेस छोड़ थामा भाजपा का दामन

भाजपा के नीति व सिद्धांत से प्रभावित होकर दैहर पंचायत के दो दर्जन से अधिक लोगों ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने माला पहनाकर व भाजपा का पट्टा देकर पार्टी में स्वागत किया। जॉइन करने वालों में पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय उर्फ कारु पांडेय, रतन पांडेय, शत्रुघ्न पांडेय, कृष्णा पांडेय, प्रमोद पांडेय, कमलेश पांडेय, रामचन्द्र भुइयाँ, गणेश भुइयाँ, गणेश चन्द्रवंशी, विष्णु भुइयाँ, कलिंदर भुइयाँ, बद्री भुइयाँ, शंकर भुइयाँ, सुरेन्द्र दाँगी, सुरेन्द्र सिंह, चंद्रशेखर दाँगी, त्रिभुवन प्रजापति, भुनेश्वर साव उर्फ लाटो साव, रामेश्वर दाँगी, अभिमन्यु राणा, परसुराम राणा सहित अन्य।



## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा प्रत्याशी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत अमृतनगर, मेरू, सिलवार, अमनारी, डंडई, ओरिया, बैहरी , सखिया, लालपुर चौक, सरौनी, हुटपा सहित कई गांव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सह विस्थापित आंदोलनकारी अनिरुद्ध कुमार ने बुधवार को डोर टू डोर घूम कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वहीं कटकमसांड के लुपुंग पंचायत में हजारीबाग अंचल के सभी भाकपा कार्यकताओं एवं नेताओं की बैठक कुंजल साव की अध्यक्षता में की। इसमें सभी कार्यकर्ता जोर-शोर से चुनावी प्रचार में लगकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार अनिरुद्ध कुमार को जीतने का संकल्प लिया।

### राजग प्रत्याशी मनीष जयसवाल का विष्णुगढ़ में तूफानी दौरा, भव्य स्वागत

**विष्णुगढ़।** हजारीबाग लोकसभा चुनाव प्रत्याशी घोषित होने के बाद सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने अभियान को तेज कर दिया है। चुनाव शेष ग्यारह दिन ही बच गए हैं। एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बिना रुके बिना थके विष्णुगढ़ क्षेत्र में अपने धुआंधार जनसंपर्क अभियान शुरू कर दिया है। इस दौरान जनता का अपार समर्थन मिल रहा है।बुधवार को विष्णुगढ दौरे में प्रत्याशी मनीष जायसवाल को आठमाइल चौक में भाजपा एवं आजसू के कार्यकताओं द्वारा गर्मजोशी से गाजे-बाजे के साथ जनसैलाब में उमड़कर फूल मालाओं से विराट स्वागत किया गया।

### लोकसभा निर्वाचन, पोस्टल बैलेट के माध्यम से पहले मतदाता ने किया मतदान

**हजारीबाग।** निर्वाचन ड्यूटी के मतदाताओं के लिए पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान आज 8 मई को प्रमंडलीय प्रशिक्षण संस्थान, जबरा में आयोजित किए जा रहे है पोस्टल बैलेट के माध्यम से पलामू संसदीय क्षेत्र के पहले मतदाता ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बता दें वैसे मतदाता जिनका निर्वाचन ड्यूटी के कारण हजारीबाग में प्रतिनियुक्त है वें पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान कर रहे है।

### चौपारण प्रखंड में बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद दौरा एवं जनसंपर्क



**चौपारण।** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद ने बुधवार को चौपारण प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान लोगों से इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के लिए लोगों से समर्थन मांगा। ओबीसी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक गुप्ता की पहल पर आयोजित बड़कागांव विधायक के इस दौरा कार्यक्रम के दौरान संतोष रजक के नेतृत्व में सिंघरावां मोड पर, मतीन खान के अगुवाई में बजरंग चौक पर , वरिष्ठ समाजसेवी महेंद्र साव में अगुवाई में चौपारण, कांग्रेस नेता बीरबल साव के अगुवाई में साहू भवन चौपारण,कांग्रेस पंचायत सचिव नरेश साव के आगूवई में सिंघरावॉ मंदिर के समीप जोरदार स्वागत किया गया।इस दौरान दोपहर के वक्त दीपक गुप्ता के आवास पर विधायक अंबा प्रसाद ने सभी प्रमुख कांग्रेस जनों के साथ भोजन भी किया। साथ ही लोक सभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा भी की। भोजन के पश्चात अंबा प्रसाद ने सिंघरावा में महिलाओं के बीच संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुनी। साथ ही कांग्रेस के नारी न्याय के बारे में बताते हुए कहा की कांग्रेस सता में आई तो गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख सालाना दिया जाएगा। उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों में जनता समझ चुकी है कि मोदी सरकार आम लोगों की नहीं, सिर्फ धन्नासेठों, उद्योगपतियों की है।

# 11 दिन बच गए हैं शेष, भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल हैं सबसे ज्यादा रेस

### 67 दिनों से बिना- रुके बिना थके क्षेत्र में चला रहें धुंआधार प्रचार, टाटीझरिया और विष्णुगढ़ में मिला जनता का बेशुमार प्यार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा चुनाव-2024 का परवान चरम पर है। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए पांचवे चरण का मतदान आगामी 20 मई 2024 को होने वाला है यानी अब महज 11 दिन ही शेष रह गए है। ऐसे में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रत्याशी चुनावी मैदान में जोर- अजमाइश कर रहे हैं। हजारीबाग लोकसभा चुनावी मैदान में एनडीए गठबंधन से बीजेपी की ओर से मनीष जायसवाल को सबसे पहले पार्टी प्रत्याशी घोषित किया गया। विगत 2 मार्च को मनीष जायसवाल जैसे ही प्रत्याशी घोषित हुए 3 मार्च से ही उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चप्पा- चप्पा में धुआंधार जनसंपर्क अभियान शुरू कर दी। मनीष जायसवाल ने इस दौरान लोकसभा क्षेत्र के हजारों गांवों को नाप दिया और तूफानी जनसंपर्क एवं जनसंवाद के माध्यम से क्षेत्र की जनता से जुड़कर भाजपा और अपने पक्ष में मतदान की लगातार अपील कर रहें हैं। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने इंडी महागठबंधन प्रत्याशी के गृह विधानसभा क्षेत्र मांडू विधानसभा क्षेत्र में तूफानी जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद के माध्यम से मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए उन्होंने खोरठा में संवाद करते हुए यह एहसास कराया की आपके बीच का बेटा और भाई हूं। बतौर हजारीबाग सदर विधायक मैंने जनता को एक सहज और सुलभ जनप्रतिनिधि के रूप में पेश करते हुए विकास और सेवा के क्षेत्र में विश्वास कायम करने का सकारात्मक प्रयास किया है और आप सभी का आशीर्वाद मिला तो संसदीय क्षेत्र में भी अपनी इस कार्यशैली को बरकरार रखूंगा। सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया और विष्णुगढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुल सात पंचायतों के कुल पंद्रह गांवों में पहुंचे तो इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने गर्मजोशी से गाजे- बाजे के साथ उनका जनसैलाब में उमड़कर विराट स्वागत किया और अपना खूब आशीर्वाद देते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में अपार समर्थन का भरोसा जताया। मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, प्रमुख संतोष मंडल, आजसू प्रखंड अध्यक्ष सुरेश प्रसाद कुशवाहा, मनमीत अकेला, एमके पाठक, राजू यादव, खोखा सिंह, अनिल प्रसाद, कृष्णा साव, सुशांत सिंह, अधीरचंद्र तिवारी, आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।



### जात-पात से ऊपर उठकर गरीबों के न्याय एवं अधिकार के साथ राष्ट्र की मजबूती के लिए बनाएं तीसरी बार मोदी सरकारः मनीष जायसवाल

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने कहा की आगामी लोकसभा का चुनाव में अब महज 11 दिन ही शेष हैं। उन्होंने कहा की बड़ा ही सोच-समझकर जात- पात से ऊपर से उठकर देश के गरीबों के न्याय और अधिकार के लिए और राष्ट्र की मजबूती के लिए फिर एक बार मोदी सरकार बनाएं। मनीष जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने गरीब और गरीबी का अपमान कर देश में 6 दशकों तक राज किया और देश की जनता को सिर्फ. धोखा देते हुए निराश किया लेकिन पहली बार पिछले करीब 10 साल में मोदी सरकार ने गरीब की सेवा का जो संकल्प लिया उसे मोदी की गारंटी के रूप में निभाया। मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि अगले 5 साल तक मुक्त राशन, हर घर तक नल से शुद्ध जल पंहुचाने, पीएम सूरज घर योजना से बिजली बिल जीरो करने, गरीब की थाली को सुरक्षित रखने और हर गरीब के सिर पर पक्की छत की गारंटी भी मोदी की गारंटी में शामिल है ।

### भाजपा के बुथ अध्यक्षों के साथ बैठक कर मनीष जायसवाल के पक्ष में जनसंपर्क चलाया अभियान



**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो के नेतृत्व में नयाटांड, हरली, बादम, गोंदलपुरा, लुरूंगा पंचायत के बुथ अध्यक्षों एवं ग्रामीणों के साथ बैठक कर हजारीबाग सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही साथ बैठक कर बुथ सशक्तिकरण हेतु अपने अपने बुथ की मजबूती को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। मौके पर मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, किशोर राणा, भगीरथ ठाकुर, नितेश कुमार, सुरेश महतो, विजय कुमार, सचिदानंद पांडेय, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, नागेश्वर महतो, कृष्णा गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

## तिलैया बस्ती में भाजपा की पथ सभा, एनडीए प्रत्याशी मनीष जयसवाल को जिताने आह्वान



### कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव हुई शामिल, एनडीए की संख्या 400 पार पहुंचाने का किया आह्वान

**बरही।** बरही पूर्वी मंडल के कोल्हुआकला पंचायत अंतर्गत तिलैया बस्ती में भाजपा ने पथ सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम में कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ नीरा यादव, बरही विधानसभा विस्तारक जितेंद्र यादव, विधानसभा सहसंयोजक अर्जुन साव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा पूर्व प्रदेश मीडिया सह प्रभारी रंजीत चंद्रवंशी मुख्य रूप से मौजूद रहे। पथ सभा की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बंधन यादव व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। इस दौरान कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव समेत अतिथियों का स्वागत ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ किया। इस दौरान विधायक डॉ नीरा यादव ने पीएम मोदी को फिर पीएम बनाने की अपील की। उन्होंने एनडीए की संख्या 400 पार पहुंचाने का आह्वान किया। वहीं विधानसभा सहसंयोजक अर्जुन साव ने कहा कि भाजपा में परिवारवाद नहीं है, यही उसे दूसरी पार्टियों से अलग बनाता है। पार्टी का आधार सेवा, संकल्प और समर्पण पर टिका है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बताया कि पीएम मोदी ने पार्टी के इतिहास को रेखांकित करते हुए भाजपा ने आज केंद्र में जो स्थान पाया है, उसका बहुत बड़ा कारण ये है कि पार्टी सामान्य व्यक्ति से हमेशा जुड़ी रहती है। भाजपा प्रदेश नेता रंजीत चंद्रवंशी ने कहा कि पथ सभा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही जन-उपयोगी योजनाओं के बारे जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि आज नरेंद्र मोदी देश के सर्वमान्य नेता में से एक है। पूरे देश की जनता उन्हें स्वीकार कर रही है। मौके पर मुखिया मंगलदेव यादव, पंसस प्रभु यादव, पंसस प्रतिनिधि मणिलाल यादव, पूर्व मुखिया टेकलाल यादव, युवा नेता रवि यादव, उमेश चंद्रवंशी, मुकेश यादव, रामदेव यादव, लक्ष्मण यादव, राजू राम, नरेश यादव, केदार यादव, बिहारी यादव, नरेश यादव, सीता देवी, रीना देवी, अशोक दास, महावीर जी समेत काफी भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## लोकहित अधिकार पार्टी का जनसंपर्क अभियान जोरों परः नंदलाल साहू



**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यकताओं के साथ लालपुर भेलवारा, गोरहरवा, सलैया, चपवा, सलैया, बोचो, सहित दर्जनों गांवों का दौरा कर लोगों को संबोधित करते हुए लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार कुंज बिहारी कुमार साव ने कहा कि देश आजाद हुए 76 वर्षों में कांग्रेस और भाजपा आज हजारीबाग लोकसभा को दुधारू भैंस बनाकर रख लिया है। वहीं लोकसभा प्रभारी रामविलास साव ने कहा कि यहां भाजपा का सांसद 30 वर्षों तक रहा वित्त मंत्री, विदेश मंत्री, केंद्रीय मंत्री रहते हुए एनटीपीसी में अपना प्रभुत्व जमा कर रखा। पर ग्रामीणों को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं मिला। यहां तक की बिना ग्राम सभा किए हुए भू अधिग्रहण करके कंपनी चालू हुआ और हमारे जो वर्तमान सांसद थे उन्होंने उसे जालसाजी कर बताया गया। ग्राम सभा को सही करार देते हुए कंपनी के पक्ष में काम किया। आज वर्तमान में चट्टी बारियातू कोल परियोजना चालू हुआ जिसमें राजनीतिक पार्टियों को करोड़ों रुपया दिया गया। निश्चित तौर पर यह माना जा रहा है लेकिन यहां की जनता जागरुक हो चुकी है, इसलिए तमाम लोगों से आग्रह है की क्रम संख्या 5 में चुनाव चिन्ह सेव छाप पर भारी से भारी मतों से विजय बनाने के लिए लोकहित अधिकार पार्टी को अपना समर्थन देकर भारी से भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प ले चुकी है।

## विश्व रेड क्रॉस दिवस पर एकदिवसीय रक्तदान का आयोजन

### स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान एवं स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है :नैंसी सहाय

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** रक्तदान शिविर हर संस्था के द्वारा आयोजित किया जाता है जिले में रक्त की कमी ना हो जिसके लिए हर कोई एक दूसरे की मदद के लिए हमेशा आतुर नजर आता है। इसी क्रम मे भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन के विशेष सहयोग से एकदिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन नए समाहरणालय भवन में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी नैंसी सहाय उपस्थित हुई। फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, इसके बाद रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा रक्तदाताओं का हौसला अफजाई किया गया। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको, जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार,परिमल, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह,उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिन्हा, आशीष निधि,अनुपम सिन्हा,राज किशोर प्रसाद,रितेश खण्डेलवाल, सनंत सिन्हा, पवन कुमार,संतोष कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

#### रक्तदाताओं को गुलाब का फूल देकर किया गया सम्मानित

रक्त दान करने वाले में नवीन प्रकाश हैमराम, उत्तम कुमार मंडल, सुधीर कुमार, अभिषेक कुमार, जयंत कुमार तिवारी, सतीश कुमार रजक, लखेंद्र महतो अजीत,सतीश तिवारी,राज किशोर प्रसाद,अनिल कुमार रजक, निशिकांत उपाध्याय, राहुल रंजन, कुणाल कुमार झा, दीपक कुमार, अतुल्य कुमार सिन्हा, रवि प्रकाश सिन्हा, मिथिलेश, राकेश कुमार चंचल कुमार, धीरज कुमार राणा, मृत्युंजय कुमार प्रशांत कुमार, अनुभा स्वेता होरो, अखौरी धीरज कुमार, संजीत कुमार दास, प्रभात कुमार गुप्ता, अंजना सहित कई लोगो ने रक्त दान किया। मौके पर डीसी नैंसी सहाय ने कहा की स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। साथ ही सभी रक्तदाताओं को रक्तदान के लिए बधाई दी। साथ ही कहा की 20 मई को मतदान अवश्य करें। सचिव तनवीर सिंह ने सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया ताकि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त उपलब्ध हो सके। इस रक्तदान शिविर में जिला प्रशासन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



#### स्वीप रक्तदान शिविर का आयोजन

हजारीबाग। स्वीप रक्तदान शिविर का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने फीता काट कर उद्घघाटन किया। समाहरणालय परिसर में 8 मई को आयोजित विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वीप रक्तदान शिविर में समाहरणालय के कई अधिकारीयों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। उपायुक्त ने कहा कि स्वस्थ्य भारत के लिए रक्तदान और स्वस्थ्य लोकतंत्र के लिए मतदान दोनो आवश्यक है।

## चतरा लोकसभा के 1899 बूथों पर 16, 85, 462 मतदाता करेंगे 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला

**चतरा।** चतरा लोकसभा के 1899 बूथों पर 16 लाख 85 हजार 462 मतदाता 20 मई को राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों समेत 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। कौन बनेगा सिकंदर की संभावना दिखने लगी है। एक उम्मीदवार लगातार चुनाव में आगे चल रहा है और कहा जा रहा है कि अगर यही स्थिति रही तो जीत का अंतर अप्रत्याशित हो सकता है। इसके लिए अन्य उम्मीदवारों को भी समय रहते अपनी कार्यशैली पर विचार करने की जरूरत है। चतरा में फिलहाल प्रभावशाली समीकरण बनता नहीं दिख रहा है।ऐसे में जिसका बूथ मैनेजमेंट मजबूत होगा, सफलता उसके कदम चूमेगी।मालूम हो कि चतरा लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं. जिसमें एक सामान्य एक एसटी और तीन एसी सुरक्षित असेंबली है। चतरा लोकसभा क्षेत्र, क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़े निर्वाचन क्षेत्रों में से एक माना जाता है। इस लोकसभा में 26 सिमरिया विधानसभा, 27 चतरा विधानसभा, 73 मनिका विधानसभा, 74 लातेहार विधानसभा और 75 पांकी विधानसभा शामिल हैं।2024 लोकसभा चुनाव में कुल बूथ और मतदाताओं का विवरण इस प्रकार है 26 सिमरिया एससी कुल बूथ संख्या 419, कुल मतदाता 3 लाख 73 हजार 781., 27 चतरा एससी कुल बूथ संख्या 475, कुल मतदाता 4 लाख 24 हजार 563, 73 मनिका एसटी कुल बूथ संख्या 321 कुल मतदाता 2 लाख 59 हजार 391, 74 लातेहार एससी कुल बूथ संख्या 358 कुल मतदाता 3 लाख 5 हजार 799, 75 पांकी सामान्य कुल बूथ संख्या 326 कुल मतदाता 3 लाख 21 हजार 931 है।इस प्रकार चतरा लोकसभा में कुल बूथों की संख्या एक हजार 8 सौ 99 है और कुल मतदाता 16 लाख 85 हजार 4 सौ 62 है।

# चतरा में तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

## चोरी की पांच बाइक बरामद

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** जिले की इटखोरी थाना पुलिस ने चोरी की पांच बाइक के साथ तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों में धनबाद निवासी अमर भुईयां, हजारीबाग निवासी सचिन कुमार यादव और छोटन कुमार उर्फ जोगो शामिल हैं।

चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बुधवार को बताया कि ईटखोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत नगवां गांव के सोनू कुमार के घर के बरामदे में खड़ी दो बाइक चोरी कर लेने से संबंधित मामला पांच मई को दर्ज कराई गई थी।





इस मामले में डीएसपी मुख्यालय के नेतृत्व में गठित टीम ने हजारीबाग जिले के चौपारण थाना क्षेत्र के सरदारपुर स्थित होटल से पांच चोरी की बाइक के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने वारदात में संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

पुलिस टीम में थाना प्रभारी इटखोरी सूर्य प्रताप सिंह, विजय कुमार सिंह, रविकान्त सिंह, कृष्णा कुमार तिवारी, मो. सब्बास आलम और गौरव कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्कूटी से गिरकर युवती गंभीर रूप से घायल



**मरकच्चो :-** बरियारडीह मरकच्चो मुख्य मार्ग पर भारती उच्च विद्यालय नावाडीह1 के समीप बुधवार की सुबह स्कूटी का संतुलन बिगड़ने से एक युवती गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल की पहचान डोंगोडीह निवासी ममता गुप्ता उम्र 20 वर्ष पिता हेमराज कुमार गुप्ता के रूप में की गयी। युवती अपनी स्कूटी जे एच 12 एम 0825 से नावाडीह की ओर जा रही थी।इस दौरान अचानक सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घायल होने के बाद परिजन युवती को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर गए जहां चिकित्सकों ने युवती के प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

### दो दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम आज से

**झुमरीतिलैया :-** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 10 मई प्रातः 10 बजे से 11 मई को प्रातः 10 बजे तक जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन माहुरी धर्मशाला,गौरी शंकर मुहल्ला में किया गया है। उक्त कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में हवन,पूजन एवं अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन होगा। साथ ही उन्होंने सभी सनातन धर्मप्रेमियों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर कार्यक्रम को सफल बनावें एवं प्रसाद ग्रहण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### आर्ट ऑफ लिविंग के श्री-श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव 13 मई को

**झुमरीतिलैया :-** आर्ट ऑफ लिविंग के श्री श्री रविशंकर जी का जन्मोत्सव श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर अड्डी बंगला के प्रांगण में 13 मई को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस जन्मोत्सव में जिले के डोमचांच,जयनगर सहित अन्य प्रखंडों से भी आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य शामिल होंगे।वहीं संस्था के जिला समन्वयक गिरधारी सोमानी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी का जन्मदिन मनाया जाता है।इस बार भी हम सब मिलकर गुरुवार का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि गुरुदेव का जन्मोत्सव में जिले भर के सदस्य शामिल होंगे।जन्मदिन के अवसर पर केक भी काट जाएगा। मिठाइयां और प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा।

---

### इसीआरकेयू /केक्यूआर गझण्डी ने जवाहर लाल का फेयरवेल सह सम्मान समारोह आयोजित

# कोडरमा रेल परिसर को अपराध मुक्त बनाये रखें: आरपीएफ निरिक्षक

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**झुमरीतिलैया :** आरपीएफ निरिक्षक जवाहर लाल जो अपने कार्यकाल में कोडरमा रेल परिसर को अपराध मुक्त बनाये रखे। और यहां पदस्थापित कर्मचारियों के किसी भी कठिनाइयों को तुरंत दुर करने का काम किये चाहे वह किसी के मोबाईल चोरी का मामला हो या रन ओवर का केश हो या अन्य किसी प्रकार के लॉ एण्ड आर्डर का मामला हो। सबमें इन्होंने काफी सहयोग किया तथा किसी भी विभाग के कर्मचारी को यदि कोई फंसाने का काम कर रहा होता था उस मामले में ये उन्हें सदैव बचाने का कार्य किये। इन्हीं सब कार्यशैली और हंसमुख, मिलनसार स्वाभाव से हम सभी कर्मचारीगण काफी प्रेरित एवं प्रभावित थे। इसी कड़ी में हमारे संगठन इसीआरकेयू /केक्यूआर गझण्डी ने उनका फेयरवेल सह सम्मान समारोह आयोजित करने का काम किया। जिसमें अनेकों विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित हुए। जिसमें नवनियुक्त आरपीएफ निरिक्षक दीपक कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। इनका भी हमलोगों ने काफी जोश और उत्साह के साथ स्वागत किया। इस सभा में सभा के मुख्य अतिथि के रूप में सिख समाज के अध्यक्ष टिंकू छाबड़ा एवं साई आयरन एंड स्टील कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक कवि अग्रवाल,शाहिद,आनंद विहार होटल के मालिक अमित खेतान ने भी जवाहर लाल के कार्यों एवं स्वाभाव को अद्वितीय बताते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस समारोह को सफल बनाने में इसीआरकेयू के संयुक्त सचिव संजीव नयन,अध्यक्ष अभय कुमार,उपाध्यक्ष अजय कुमार, संगठन मंत्री गिरिजेश कुमार के साथ- साथ अजीत कुमार,प्रेम कुमार आदि का महत्वपूर्ण भूमिका रही।इस समारोह में केक्यूआर/एसएस रविद्र कुमार, यातायात निरिक्षक सुमन कुमार, सीएल सह सीसीसी/केक्यूआर ए के सिंह, इसीआरकेयू के शाखा सचिव बी बी सिंह, सीटीआई/केक्यूआर बच्चा सिंह, जीआरपी थाना प्रभारी उपेन्द्र पासवान, एसएस संतोष कुमार, टीएम रामजी प्रसाद, मोहन कुमार के अलावा रनिंग कर्मचारी पंकज कुमार,कुन्दन कुमार,वशिष्ठ नारायण,मुकेश कुमार,अनुज कुमार, एन के सिंह एवं ट्रैक मेंटेनर साथियों में विनय कुमार, संतोष राय, आशुतोष कुमार, धनेश्वर यादव, आलोक कुमार एवं विधुत विभाग के अभियंता सोनू कुमार, टेलीकॉम इंजीनियर रविन्द्र कुमार के साथ महिला नेत्री प्रियंका उपाध्याय, आरपीएफ /जीआरपी के महिला जवान कांस्टेबल सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने उपस्थित होकर जवाहरलाल को भावभीनी विदाई दिया।और गुलदस्ते व गिफ्ट देकर सम्मानित किया। इस सभा का संचालन इसीआरकेयू/केक्यूआर के शाखा सचिव बी बी सिंह के द्वारा किया गया।

---

## वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर लगाया गया रक्तदान शिविर




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** वर्ल्ड रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर आर्यन हॉस्पिटल में डॉक्टर प्रवीण कुमार के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विनोद कुमार सिंह, सुल्तान खान, अंजनी कुमार सहाय, सौरभ कुमार, शुभम विश्वास ने रक्तदान किया। रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अजीत बर्णवाल ने कहा कि 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस डे हेनरी डोनेट की जयंती पर मानते हैं। इन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है।डॉक्टर प्रवीण कुमार ने कहा कि 8 मई को रेड क्रॉस दिवस पर एक छोटा सा अस्पताल में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया था। ब्लड देने से शरीर फिल्टर होता है।उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को ब्लड देना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मुन्ना सुल्तानिया, दिनेश कुशवाहा, अरविंद सेठ, आनंद सामंता, गणेश स्वर्णकार, अमित कुमार, सूरज कुमार, सिद्धार्थ कुमार,मुन्ना सिंह आदि उपस्थित थे।

---

### भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की हुई बैठक

# भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिया संकल्प



उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला अल्पसंख्यक मोर्चा की बैठक अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यालय सुभाष चौक में की गई।इस बैठक की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष अरशद खान व संचालन जावेद मस्तान ने की।इस बैठक में समाजसेवी गुल्लू जिलानी भी मौजूद थे। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों ने कोडरमा की नेत्री व भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजयी बनाने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए अरशद खान ने कहा कि मुस्लिम समाज के लोग अब जागरुक हो गए हैं उन्हें पता है इस चुनाव में क्या करना है। हम किसी के बंधुआ मजदूर नहीं इंडिया गठबंधन मुसलमान को सिर्फ वोट की नजरिया से इस्तेमाल करना जानती है। देश हित में हम मुसलमान को देश के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कंधे से कंधे मिलाकर देश हित में काम करने की आवश्यकता है। बैठक को संबोधित करते हुए समाज सेवी गुल्लू जिलानी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश हित में काम कर रही है उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से कोडरमा की नेत्री अन्नपूर्णा देवी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट करने को कहा। बैठक में मुख्य रूप से सफीक अंसारी, सागर मंसूरी, गुलाम सरवर, अख्तर अशरफ, मोहम्मद असलम, मोहम्मद शकील, रजाक अंसारी, अनु सिद्दीकी, परवेज सिद्दीकी, मिस्टर आलम इकबाल, मजहर खान, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद इसराइल, मिनहाज अंसारी, रियाज मंसूरी, फुरकान खान, माजिद हुसैन, मोहम्मद हामिद, बिट्टू सिद्दीकी आदि लोग उपस्थित थे।

### भाजपा चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**सतगावां** :लोकसभा चुनाव को लेकर सतगावां मंडल में बुधवार को भाजपा का चुनाव कार्यालय उद्घाटन किया गया ।कार्यालय का उदघाटन नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने फीता काटकर किया ।मौके पर मंडल प्रभारी अभिमन्यु प्रसाद,अजित यादव, मंडल अध्यक्ष -जयशंकर प्रसाद, महामंत्री-प्रदीप यादव,सांसद प्रतिनिधि -बिनोद यादव,अनिल यादव,नरेश यादव,पूर्व मुखिया -चंद्रिका यादव,अनिल सिंह, शिवराज सिंह,चंद्रिका प्रसाद यादव, अरविंद सिंह,राकेश कुमार, पुरुषोत्तम सिंह, राजेन्द्र सिंह,अरविंद रविदास, अरविंद सिंह,रंजीत सिंह, बालमुकुंद सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भाजपा के पक्ष में चलाया गया जनसंपर्क अभियान



कोडरमा :- भारतीय जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के द्वारा बुधवार की सुबह कोडरमा नगर पंचायत अंतर्गत न्यू कॉलोनी (बागीटॉड) पहुंच कर जन संपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर उन्होंने लोकसभा चुनाव में 20 मई को कमल फूल छाप पर वोट देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सभी लोग मोदी जी के योजना का लाभ ले रहे हैं। कोरोना काल में नि:शुल्क टीका भी सबों की जिंदगी को बचाया है। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नू, सुरेंद्र यादव, गोपाल यादव, बबलू सिंह, सुखदेव यादव, महादेव साव, महेश यादव, मुकेश यादव, राहुल सिंह, भागवत रजक, कुंज बिहारी राणा, दिवाकर प्रसाद, दिलीप सिंह, पंकज राणा, मुन्ना राम सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। इस मौके पर राम जी शुक्ला, सुखदेव यादव, गोपाल यादव, संतोष सिन्हा, राज कुमार आदि मौजूद थे।

---

## मनोज तिवारी को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर समाज से माफी मांगनी चाहिए : चंद्रवंशी विकास मंच

उज्जवल दुनिया संवाददाता

**कोडरमा :-** चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा अध्यक्ष दीपक कुमार नवीन , सचिव महेश भारती ने संयुक्त रूप से समाज की सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए मंच के संरक्षक व सभी अन्य सदस्यों की सहमति से प्रेस ब्यान जारी करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान समाज के प्रति अभद्र व्यवहार करते हुए अप्पत्ति जनक जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने से चंद्रवंशी समाज को काफी आहत हुई हैं,दिल को ठेस पहुंची है। जिसको लेकर चंद्रवंशी विकास मंच भाजपा के शीर्ष नेताओं से मांग करती है कि मनोज तिवारी प्रेस कांफ्रेंस कर समाज से माफी मांगे ऐसा नहीं करने पर लोकसभा प्रत्याशी से हटाते हुए भाजपा के प्राथमिक सदस्यता से निस्काषित करे। ऐसा नहीं करने पर भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। क्योंकि समाज में एक चंद्रवंशी समाज का भी एक बहुत बड़ा हिस्सा है जो अगर कोडरमा विधान सभा क्षेत्र की बात करे तो सिर्फ चंद्रवंशी समाज बावन हजार से भी ऊपर मतदाता है। जो कुल मतदाताओं में 14 से 16 प्रतिशत मतदाता सिर्फ चंद्रवंशी समाज का है अगर इसी रूप में लोकसभा क्षेत्र में देखे तो चंद्रवंशी समाज की मतदाताओं की संख्या चार लाख से भी ज्यादा है। अगर भाजपा मनोज तिवारी के ऊपर कोई कारवाई नही करती है तो कोडरमा लोक सभा क्षेत्र सहित पूरे देश से भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसलिए चंद्रवंशी विकास मंच कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी से भी मांग करती है की मनोज तिवारी के द्वारा इस तरह के समाज के प्रति जाति सूचक शब्द का इस्तेमाल करने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा पार्टी से मनोज तिवारी को निष्कासित करने की मांग करे। और समाज के शीर्ष नेताओं जो कई अन्य राजनीतिक दलों के अंदर काम कर रहे हैं वे भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए अपने-अपने दल के नेताओ का भी प्रतिक्रिया व्यक्त करवाने का काम करे ताकि ये समझ में आ जाय की कौन सा राजनीतिक दल चंद्रवंशी समाज को कितना तरजीह देता है। और उस दल के अंदर काम कर रहे चंद्रवंशी समाज के नेताओ का कितना पूछ है यह पता चल जायेगा।

---

# विहिप ने शत प्रतिशत मतदान के लिए लोगो से किया आग्रह

उज्जवल दुनिया संवाददाता




**झुमरीतिलैया :-** विश्व हिंदू परिषद कोडरमा जिला के झुमरी तिलैया नगर इकाई द्वारा बैठक वार्ड नंबर-23 मे नगर सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी के आवास पर संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा तथा संचालन नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने किया।बैठक में मुख्य रूप से विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने बताया कि प्रांत और केंद्र के निदेर्शानुसार आगामी 12 मई से 19 मई 2024 तक सीतानवमी महोत्सव का कार्यक्रम मनाया जाएगा। इसलिए झुमरी तिलैया नगर में भी मातृशक्ति और दुगार्वाहिनी बहनो के नेतृत्त्व मे अधिक से अधिक स्थानों पर मनाने का आग्रह किया। साथ ही साथ श्री वर्मा ने उपस्थित लोगो से आग्रह किया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित मे मतदान प्रतिशत अधिक करने के लिए मतदाताओं से संपर्क करने हेतु छोटी-छोटी टोली बनाकर बैठक करे। और लोगो से शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करें। झुमरी तिलैया नगर मातृशक्ति संजोजिका प्रभा देवी ने उपस्थित लोगो को आश्वस्त किया कि नगर में अधिक से अधिक संख्या मे सीतानवमी महोत्सव मनाई जाएगी।अपने संबोधन में नगर अध्यक्ष अरविंद एकघरा और नगर मंत्री बिनय सिन्हा ने संयुक्त रूप से लोगो से आग्रह किया कि सभी कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण वर्ग करनी ही चाहिए। तभी वे परिपक्व और प्रशिक्षित कार्यकर्ता बनेंगे।झारखंड प्रांत मे भी विश्व हिंदू परिषद प्रत्येक वर्ष वर्ग लगाती हैं। जिसमे पुरे प्रांत के सभी जिलों से कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इस वर्ष गिरिडीह जिला के पारसनाथ मे परिषद का वर्ग 06 जून से 15 जून तक और बजरंग दल का वर्ग उसी स्थान पर 08 जून से 15 जून तक लगेगा। साथ ही साथ गुमला मे मातृशक्ति और दुगार्वाहिनी का वर्ग 10 जून से 15 जून 2024 तक आयोजित होगी। बैठक मे झुमरी तिलैया नगर सह मंत्री लाल बहादुर चौधरी, नगर विशेष संपर्क प्रमुख मनोज राणा, नगर मातृशक्ति संजोजिका प्रभा देवी के साथ साथ दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### अभिभावक सम्मेलन में मतदान का लिया गया संकल्प



झुमरीतिलैया : कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरी तिलैया में जिला द्वारा प्रेषित कार्यक्रमों में से अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के अभिभावक और आचार्य जी एवं दीदी जी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहु ने मतदान के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि मतदान हमारा कर्तव्य है। मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है और इसी से सही सरकार का चयन भी होता है। उपस्थित अभिभावकों ने मतदान करने के साथ हीअपने पड़ोसियों को इस संबंध में जागरूक करने की बात कही। मतदाताओं को जागरूक करने के तरीके अनेक हो सकते हैं लेकिन हमारी बुद्धि के अनुसार जो सही बैठता है उसका हम उपयोग करें। 20 मई 2024 को अपने कोडरमा संसदीय क्षेत्र का निर्वाचन है अतः एक मत भी ना छूटे और शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हम प्राप्त करें। अंत में अभिभावकों ने मतदान करने का संकल्प लिया। अभिभावकों की ओर से पहले मतदान फिर जलपान का आश्वासन दिया गया।

---

# सुनिल साव की हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को सौपा ज्ञापन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**कोडरमा :-** नंदुडीह पंचायत गोहाल पो० मकतपुर,थाना- जयनगर निवासी सुनील साव की हत्या को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा को एक ज्ञापन सौपा है। जिसमे ग्रामीणों के द्वारा त्रिवेणी दास पिता स्व० बवुन दास,मकतपुर निवासी ने नन्दोडीह निवासी गाँगों नायक पिता स्व० किसून नायक को दिनांक 02.05.2024 सुबह चार बजे फोन पर बताया कि सुनिल साव पिता पांचू नायक की लाश पॉलटेकनिक कॉलेज गोहाल के पिछे रेलवे लाइन पर पड़ी है।उसके बाद सुनिल साव के दोनों भाई शंकर साव एवं विकास साव, गांगो नायक एवं धर्मदेव साथ ने लाश को रेलवे लाइन से उठाकर मौजा नन्दोडीह के चनपुर टाँड में छिपा दिया। इसके बाद गुपचुप तरीके से लाश को जलाने का प्रयास किया जाने लगा। हल्ला होने पर थाना प्रभारी को गुप्त रूप से सूचना दी गई। थाना प्रभारी ने मौके पर पहुँच कर लाश को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं ग्रामीणों को संदेह ही नहीं बल्कि यकीन है कि जो लोग लाश को ठिकाने लगाने में संलिप्त है। सुनिल साव को हत्या के जिम्मेवार भी है। इस प्रकरण में शंकर साव के ससुर एवं विकास साव के ससुर डुमरडीहा निवासी जिसका नाम मुझे मालुम नहीं है। हम ग्रामिणों का कहना है कि घटना के एक दिन पूर्व शंकर साव, विकास साव एवं सुनिल साव के बीच में एक पंचायत हुई थी जिसमें गांगो नायक धर्मदेव साव भी उपस्थित थे । फैसला समाप्त होने के बाद शंकर साव और विकास साव खुले आम सुनिल साव को धमकी दिया था कि तुमको रात में काट देंगे। दुसरे दिन रेलवे लाइन पर सुनिल साव का लाश मिलता है ।और जिस तरह से उक्त सातो लोगों ने लाश को गुप्त तरिके से रेलवे लाइन से उठाकर लाना और जलाने के लिए ले जाना जिससे हम ग्रामिणों को यह संदेह है कि सुनिल साव का हत्या की गई है। इस घटना को लेकर ग्रामिणों में काफी दहसत बनी हुई है ।ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया है कि निश्पक्ष जाँच कर दोषी व्यक्तियों के उपर कानुनी कार्रवाई की जाय।वही ज्ञापन में काफी संख्या में ग्रामीणों के हस्ताक्षर किया गया है।जबकि ज्ञापन देने हेतु काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

---

## भीषण गर्मी के कारण बच्चों के छुट्टी के बाबजूद ऑनलाइन कक्षाएं की जा रही है संचालित

उज्जवल दुनिया संवाददाता



**कौंडिनिया पब्लिक स्कूल का यह पहल सराहनीय है**

**झुमरीतिलैया :-** आश्रम रोड स्थित कौंडिण्यिा पब्लिक स्कूल में इन दिनों झारखंड सरकार द्वारा भीषण गर्मी के मद्देनजर नर्सरी से कक्षा 8 तक की कक्षाएं स्थगित किए जाने के बावजूद ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर बच्चों के शैक्षणिक क्रियाकलाप को सुचारू रूप से कार्यान्वित किया जा रहा है। अभिभावक गण कौंडिण्यिा पब्लिक स्कूल के इस सराहनीय कदम की प्रशंसा कर रहे हैं। स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी धन्यवाद के पात्र हैं। जो अपनी कार्य कुशलता का परिचय देते हुए बच्चों का शैक्षणिक क्रियाकलाप बाधित न हो उसके लिए सतत प्रयत्नशील हैं। स्कूल के चेयरमैन सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह ने कोडरमा के सभी अभिभावक गण को आश्वासन दिया है कि कौणिडनिया पब्लिक स्कूल बच्चों के पठन-पाठन में भीषण गर्मी बाधक न हो इसके लिए यहां के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं लगातार ऑनलाइन कक्षाओं की मदद से प्रयास करते रहेंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने सेक्टर पदाधिकारियों संग की बैठक

## सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी : डीसी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** आगामी 13 मई को पलामू लोकसभा के लिये मतदान निर्धारित है। इसी के निमित बुधवार को टाउन हॉल में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने चुनाव में प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारियों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों संग बैठक की। इस दौरान उन्होने सभी प्रखंडों से एक-एक कर सेक्टर पदाधिकारी से उनके क्षेत्राधिकार में प?ने वालों बूथों की संख्या,बूथों का लोकेशन,इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से बूथों की दूरी आदि के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त पी माइनस 1 व पी माइनस 2 में जिनकी ड्यूटी है उनसे भी अवगत हुए। उन्होंने सभी सेक्टर पदाधिकारियों से उनके बूथों पर एएमएफ के तहत सभी सुविधा बहाल रहे,यह सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव निष्पक्ष एवं भय मुक्त वातावरण में संपन्न हो,इसके लिये सेक्टर पदाधिकारियों व पुलिस पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में बताये गये बातों को मतदान वाले दिन अनुश्रवण करने की बात कही। उन्होंने सभी को रिजर्व ईवीएम के मतदान के दिन प्रयोग और रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इसके अतरिक्त उन्होंने सभी को उनके दायित्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी साथ ही पीपीटी के माध्यम से नजरी नक्शा के जरिए उन्हें उनको कार्य वाले लोकेशन से अवगत कराया। बैठक में एसपी ने सभी पुलिस कर्मियों को भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने को लेकर कई निर्देश दिये। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद,सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,तीनों एसडीओ,जिला आपूर्ति पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत विभिन्न पुलिस पदाधिकारी व सेक्टर पदाधिकारी उपस्थित रहे।






# तेजस्वी यादव औऱ मुकेश शाहनी ने बीजेपी के नीतियों का किया विरोध

**भवनाथपुर-** पलामू लोकसभा चुनाव को संबोधित करने भवनाथपुर पंहुचे तेजस्वी यादव। उक्त मौके पर संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइया के पक्ष में वोट करने के लिए अपील किया। आगे उन्होंने कहा कि केंद्र की भ्रष्टाचारी सरकार लोकसभा चुनाव में जनता की मुख्य मुद्दा ही गायब हैं। जनता के बीच धर्म को लेकर नफरत फैलाया जा रहा है। मोदी की गारंटी कार्ड में कहीं भी बेरोजगारी का मुद्दा का ब नहीं बोला जा रहा है, जबकि जनता का मुख्य मुद्दा बेरोजगारी, भुखमरी, गरीबी, नौकरी, स्वास्थ्य है। वही मुकेश साहनी संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि केंद्र की तानाशाही सरकार किसी भी तरीके से जनता की भलाई नहीं चाहती है। वह किसी भी तरह से सत्ता में रहना चाहती है। इसका उदाहरण बिहार में हमारे चार विधायकों को खरीद कर लोकतंत्र की सरेआम हत्या कर दी। अगर बीजेपी की फिर सरकार बनी तो लोकतंत्र खत्म कर दिया जाएगा। इसलिए आप सभी मिलकर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइयां को जिताएं। उक्त मौके पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग भाजपा सरकार की तानाशाही को खत्म कीजिए और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुइया को जिताएं। आप लोगों ने देखा कि किस तरह से ईडी, सीबीआई को अपने इशारे पर घूमाकर झारखंड के सबसे युवा और लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल के अंदर साजिश करके भेज दिया गया।

इसलिए आप सबों से अपील है कि इंडिया गठबंधन को जिताएं और मजबूत बनाइये। उक्त मौके पर ममता भुइया ने संबोधित करते हुए कहा कि मैं आप लोगों की समस्या सुनने के लिए हमेशा मैदान में रह रही हूं, और आपके घर की बेटी हूं, आप हमसे जब चाहे जैसे चाहे काम करवा सकते हैं। इसलिए आप हमें जीता कर भाजपा की गलत नीतियों को रोकिए और अपने घर की बेटी ममता भुइया को लालटेन छाप पर वोट देकर विजय बनाइए और सेवा करने का मौका दीजिए।

# विश्व रेडक्रॉस दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

## स्वास्थ्य जांच व दवा वितरण के साथ रक्तदान भी हुआ

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की पलामू इकाई द्वारा आज विश्व रेड क्रॉस दिवस का आयोजन पलामू क्लब में किया गया। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस के संस्थापक हेनरी दुनांत के जन्म दिन पर 8मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया जाता है। रेड क्रॉस की स्थापना 17 फरवरी 1863 में की गई थी, जबकि भारत में इसकी स्थापना 3 मार्च 1920 को हुई थी। पहली बार विश्व रेड क्रॉस दिवस 8 मई 1948 को मनाया गया था। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य आपदा में राहत कार्य चलाना, रक्तदान करना आदि है। रेड क्रॉस संस्था चेरेटी एवं डोनेशन से चलता है। पिछली सदी में रेड क्रॉस को सबसे अधिक दान देने वाले व्यक्ति टाटा ग्रुप के जमशेद जी टाटा हैं जिन्होंने 8 लाख 29 हजार 734 करो? रुपये दान दिए हैं। रेड क्रॉस 192 देशों में फैला हुवा है। रेड क्रॉस के 1करो? 60लाख सदस्य हैं ।

इस मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर एवं ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य जांच शिविर में लगभग 50 लोगों का स्वास्थ्य जांच की गयी। 30 लोगों की ब्लड जांच की गयी तथा 25 लोगों के बीच दवा का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में पलामू सिविल सर्जन, संयोजक सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, मुख्य परियोजना निदेशक गिरधारी गर्ग एवम सैक?ो रेड क्रॉस के सदस्य उपस्थित थे।.



# नई संस्कृति सोसायटी ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** नई संस्कृति सोसायटी ने बुधवार को मेदिनीनगर के शहर के विभिन्न चैक चैराहों हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियों के साथ मतदाता जागरूकता अभियान का कार्यक्रम चलाया। साथ ही साथ ट्रैफिक के नियमो को पालन करने और हेल्मेट पहनने की सलाह भी इन्हीं तख्तियों के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार ने बताया कि मतदान लोकतंत्र का सबसे बडा त्यौहार है यह वही समय है जब हम अपने राष्ट के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करते हैं ऐसे में मतदान का प्रतिशत बढाना हम सभी लोगों का दायित्व बन जाता है। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है और शहर के विभिन्न चैक चैराहों पर ही नहीं बल्कि गांव टोले मोहल्ले और अन्यत्र सभी जगह पर हम सभी लोग जाएंगे और मतदान के प्रतिशत को बढाने का भरपूर प्रयास करेंगे। इन्हीं सोच के साथ नई संस्कृति सोसाइटी के बैनर तले हम सभी ने यह कार्यक्रम बनाया है संस्था के उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने बताया कि हम सभी के अंदर मतदान के प्रतिशत को बढाने के लिए उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हो रहा है, हम सभी लोग लोकतंत्र के इस त्यौहार को जबरदस्त तरीके से मनाने का हवन करते हैं और सभी लोगों को मतदान अवश्य करने की सलाह दे रहे हैं। नई संस्कृति सोसायटी की प्रबंधक चंदा कुमारी ने कहा कि हम आज ही नहीं बल्कि 13 तारीख तक इस कार्यक्रम को निरंतर सभी गांव टोले मोहल्ले में जा जाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करेंगे और लोगों के अंदर मतदान क्यों जरूरी है इसका संचार करेंगे। उक्त अवसर पर संस्था के अध्यक्ष विशाल कुमार, उपाध्यक्ष अशोक कुमार पांडे, सचिव अजीत कुमार पाठक, प्रबंधक चंदा कुमारी, हिमांशु त्रिवेदी, उदय कुमार झा, संदीप प्रसाद, सुनील कुमार गुप्ता, सुधाकर, गोपाल कृष्ण तिवारी, दिवाकर मिश्रा, पंकज निराला, अंकित कुमार, दिव्यांशु कुमार, सुरेश अग्रवाल, उत्कर्ष कुमार झा, श्रद्धा कुमारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।.




# महिलाओं ने निकानी मतदाता जागरूकता रैली




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की महिला ईकाई ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में मतदान सें संबंधित बैनर के साथ महिलाओं की टीम बेलवाटिका, पंपूकल, रविदास भवन, श्मशान घाट रोड में लोगों के घर-घर जाकर मतदान के लिए प्रेरित किया। मैके पर सचिव शर्मिला वर्मा ने कहा कि नारी शक्ति अगर अपने घर गृहस्थी के कामों से समय निकालकर हर घर जाकर लोगों को जागरूक कर सकती है तो आप सब अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए मतदान केंद्र क्यों नहीं जा सकते हैं तमाम महिलाओं से अपील है कि आप सब अवश्य वोटिंग करें। इस अभियान में संस्था की सचिव शर्मिला वर्मा के अलावा कंचन गुप्ता, संध्या अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, सुषमा देवी,प्रिया पांडे,सुषमा देवी,इंदिरा प्रकाश, रीना देवी, मंजू देवी, रूबी देवी, पूनम,रजनीगंधा, डॉली, रागिनी, आकांक्षा, सृष्टि, मन्नत सिंह बग्गा और लक्ष्य श्रेष्ठ शामिल थे।.

## राज्य स्तरीय टीम ने तीन स्कूलों का किया निरीक्षण

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय टीम ने जिले में मॉडल विद्यालय के लिए चिह्नित स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। टीम में शामिल सचिन कुमार, एमआइएस मिथिलेश कुमार व राजीव कुमार ने प्रोजेक्ट इंपेक्ट के तहत चिह्नित विद्यालयों के रख रखाव और शैक्षणिक वातावरण की जानकारी ली। टीम ने रामगढ स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय, चैनपुर के राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय नरसिंहपुर पथरा एवं लेस्लीगंज के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस क्रम में टीम के सदस्यों ने स्कूल के शिक्षकों को प्रोजेक्ट इंपैक्ट में दिये गये निर्देशों का पालन करने का सुझाव दिया। साथ ही विद्यालय परिसर एवं शौचालय की सफाई के अलावा चहारदीवारी की स्थिति की जानकारी ली।

# फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन ने आयोजित किया व्यापारिक हित की बात, सांसद प्रत्याशी के साथ

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन द्वारा तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में व्यापारिक हित की बात, सांसद प्रत्याशी के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सह आयोजक लायंस क्लब ऑफ मेदनीनगर था। मुख्य अतिथि सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता चितेश मिश्रा ने की। कार्यक्रम में विषय प्रवेश कराते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रणजीत कुमार मिश्रा एवं कार्यकारिणी सदस्य ऋषिकेश दुबे ने सांसद प्रत्याशी को 10 सूत्री आकांक्षा पत्र सौंपते हुए आग्रह किया कि अगर आप जीतकर आते हैं तो हमारी आकांक्षाओं को पूरा करने का भरोसा दें, जो व्यापारियों एवं पलामू के नागरिकों के लिए आवश्यक है। आकांक्षा पत्र में वंदे भारत एक्सप्रेस को डालटनगंज रूट से चलाने, राजहरा कोलियरी एवं बंद सोकरा जैसे कई माइंस को शीघ्र रीस्टार्ट करने, जल संकट दूर करने के लिए कोयल नदी में चार-पांच जगह छलका बनवाने, डालटनगंज शहरी क्षेत्र में ट्रैफिक के लिए मास्टर प्लान बनाने, शहरी क्षेत्र में पार्किंग की व्यवस्था करने, डालटनगंज में इंडस्ट्रियल एरिया की व्यवस्था करने, डालटनगंज से घरेलू उ?ान की व्यवस्था कराने, मंडल डैम का निमार्ण कार्य पूरा कराने, डालटनगंज में ट्रैफिक थाना की व्यवस्था कराने और व्यवसायियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की गयी है। मुख्य अतिथि सांसद बीडी राम ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि आप लोग के सहयोग से मैं पुनः जीत कर आऊंगा और आपके लोक हित एवं व्यवसायिक हित की सभी मांगों का आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाधान करूंगा। प्रथम उप महापौर राकेश कुमार सिंह उर्फ मंगल सिंह ने भरोसा दिलाया कि हमारे प्रत्याशी जब जीत कर आयेंगे हैं सभी मांगों को अति शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, हीरामणि चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, अभिभावक संघ के अध्यक्ष किशोर पांडे, डालटनगंज चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विनोद उदयपुरी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता कर रहे हैं चितेश मिश्रा ने कहा कि हमारा संगठन कोई राजनीतिक या पारिवारिक पार्टी नहीं है। बिना किसी भेदभाव से दूर रहकर जो देश की रक्षा करने, देश का सम्मान ब?ाने, आपके हित की रक्षा करने में सक्षम हो ऐसी पार्टी को सबसे पहले मतदान करें फिर जलपान करें। संचालन निलेश चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता लीली मिश्रा, पुष्पा चंद्रा, अनुराधा मिश्रा, परिमल प्रसून, ऋषिकेश दुबे, फिरोज अंसारी, राघवेंद्र सिंह, नवीन कुमार पांडे, श्रीकांत कुमार, आनंद वर्धन, अनूप कुमार, मनोज सोनी, मनोज कुमार, निखिल कुमार, मुरारी पांडेय, दिलीप पाठक, संजीव मिश्रा, कृष्ण अग्रवाल, भूषण अग्रवाल, हरदीप सिंह, रविंद्र कुमार, शशि भूषण मिश्रा, अमर कुमार मिश्रा, गुंजन अग्रवाल, राजेश अग्रवालउ ।



## एक-नजर

### 10 मई को मनेगा परशुराम जन्मोत्सव

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** राष्टीय परशुराम सेना भार्गव आगामी 10 मई को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूम धाम से रेडमा स्थित भगवान परशुराम मंदिर के प्रांगण में मनायेगी। सेना के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि चुनाव के मद्देनजर सरकार के सभी गाइडलाईन का पालन करते हुए इसबार मंदिर प्रांगण में पूजन किया जाएगा। भंडारे का आयोजन होगा।.

### वज्रपात से दो बच्चों की मौत

**मोहम्मदगंज (उज्ज्वल दुनिया)।** मंगलवार की शाम करीब पांच बजे मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में हुई वज्रपात की घटना में दो बच्चों की मौत हो गयी। पहली घटना सोनबरसा पंचायत के लेमुवाटिकर गांव की है। जहां बिनोद पासवान की चार वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी की मौत हो गयी। परिजनों के अनुसार साक्षी घर के बाहर खेल रही थी। उसी दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आ गयी। घायल साक्षी को परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना गोला पत्थर गांव में हुई। जहां फुटबॉल खेलने घर से निकला जोखन राम का 12 वर्षीय पुत्र बसंत कुमार वज्रपात की चपेट में आ गया। वह मंझिआंव थाना क्षेत्र के भरत पहा?ी का रहने वाला था। अपने रिश्तेदार कामेश राजवार का घर आया था। उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। मोहम्मदगंज पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। दोनों शव का पोस्टमार्टम बुधवार को किया जायेगा। मोहम्मदगंज अंचल पदाधिकारी रणवीर कुमार ने कहा कि सरकारी प्रावधान के मुताबिक मृतकों के आश्रित को चार लाख की मुआवजा की राशि मिलेगी। इधर, घटना के बाद दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### टेंपो पलटने से आठ लोग घायल

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** थाना क्षेत्र के छतरपुर-सरईडीह मार्ग पर मंदेया के समीप एक टेंपो असंतुलित होकर पलट गया। जिससे उस पर सवार आठ लोग घायल हो गये। घायलों में शांति देवी, मोहरी देवी, रामप्रीत उरांव, सुनिता देवी, बसंत उरांव, लवानिया देवी, शांति देवी, जगनी कुंवर का नाम शामिल है। सभी घायल चीरू पंचायत के भलही और पटखाही के रहने वाले हैं। इनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल रामप्रीत उरांव, सुनिता देवी, बसंत उरांव, लवानिया देवी और शांति देवी को एमएमसीएच रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सभी घायल मंगलवार को छतरपुर में लगने वाले साप्ताहिक हाट से टेंपो से घर लौट रहे थे।

### चराई के मजदूर की मुंबई में मौत

**छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)।** चराई पंचायत के बभंडी गांव के शिव भुइयां के 34 वर्षीय पुत्र प्रवेश भुइयां की मौत मुंबई में रेलवे लाइन में मजदूरी करने के दौरान ट्रेन की चपेट में आने से हो गयी। घटना की सूचना के बाद गांव में परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। मुखिया रविंद्र राम ने मृतक के परिजन को ढांढस बंधाया। शव को मुंबई से गांव लाने की व्यवस्था की। राज्य सरकार और रेल मंत्री से मृतक के परिजन को उचित मुआवजा व परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग की।

### वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स दिवस पर खेल प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने वर्ल्ड किड्स एथलेटिक्स दिवस मनाया। इस अवसर पर जीएलए कॉलेज के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा ने दौ? प्रतियोगिता शुरू करायी। प्रतियोगिता में जीजीपीएस विमला पांडेय ज्ञान निकेतन मेमोरियल स्कूल, संत मरियम स्कूल, सनातन विद्या निकेतन रेहला, गिरवर प्लस टू विद्यालय, ब्राह्मण प्लस टू विद्यालय, कैंब्रिज पब्लिक स्कूल, ग्रीन वैली स्कूल के अंडर 14 एवं अंडर 16 के बालक-बालिका खिला?ी शामिल हुए। संचालन एथलेटिक्स कोच रेशमा पांडेय, मोनू कुमार, रिया कुमारी, प्रीति, आर्यन सिंह ने किया। आयोजन में एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय त्रिपाठी, पलामू जिला ओलिंपिक संघ के उपाध्यक्ष कमलानंद दुबे सहित कई लोग सक्रिय थे।

### ईमानदार प्रत्याशी को वोट दें : धनंजय

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पलामू जिला संयोजक धनंजय तिवारी ने कहा कि मतदाता पैसा, मुर्गा और शराब लेकर गलत जगह वोटिंग करते हैं उसका परिणाम होता है कि हमारा देश का विकास नहीं होता है। इसलिए बिना किसी प्रलोभन के शिक्षित, एक्टिव, संस्कारी और ईमानदार प्रत्याशी को वोट करना होगा, ताकि वह अपना क्षेत्र का विकास कर सके।

### महिंद्रा 3 एक्सओ की हुई लॉन्चिंग

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर आनंद मोटर्स में कल शाम महिंद्रा 3 एक्सओ की लॉन्चिंग हुई। एसबीआई के चीफ मैनेजर लोकेश चंद्र, प्रथम महापौर अरुणा शंकर एवं आनंद मोटर्स के निर्देशक आकर्ष आनंद ने दीप प्रज्ज्वलित कर इसका अनावरण किया। इस मौके पर महिंद्रा फाइनेंस के भास्कर झा, राजेश पांडे, चोलामंडलम फाइनेंस के हेमंत कुमार, एच डी बी के नवीन कुमार चैंबर ऑ? कॉमर्स के कृष्णा अग्रवाल, रिंकू दुबे, आलोक माथुर, अरविंद भसीन, सुमित अग्रवाल, सुनील गुप्ता सहित काफी संख्या में ग्राहक उपस्थित थेप् आनंद मोटर्स के प्रमोद श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। धन्यवाद ज्ञापन मनप्रीत सिंह ने किया। आनंद मोटर्स के रवि सिंह, निखिल कुमार, आलोक राज, गणेश प्रसाद, राजमणि विश्वकर्मा, माणिक वर्मा कृति सिन्हा एवं श्वेता सिंह उपस्थित थे।

### उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच का आदेश

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** एनपीयू के कुलपति ने उत्तर पुस्तिका की पुनः जांच कराने का आदेश परीक्षा नियंत्रक को दिया। आजसू नेता अभिषेक राज ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा जबतक परीक्षा परिणाम में संसोधन कर परीक्षा परिणाम जारी नहीं किया जाता है आंदोलन होगा। उन्होंने कुलपति से परीक्षा नियंत्रक पदमुक्त करने की भी मांग की है।

### सहायक आचार्य में शामिल होने का मौका देने की मांग

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि जो सहायक अध्यापक पूरी अहर्ता रखते है उन्हें सहायक आचार्य बनने का मौका दे सरकार। सर्वोच्य न्यालय द्वारा यह साफ स्पष्ट कर दिया गया है कि 2010 से पहले नियुक्त पारा शिक्षकों पर टेट परीक्षा लागू नहीं होती है।

इसलिए सरकार तमाम आकलन सफल सहायक अध्यापकों को सहायक आचार्य मे शामिल होने का मौका दिया जाय। उन्होंने कहा कि तमाम समस्याओं का समधान सरकार नहीं करती है तो मजबूरन लोकसभा चुनाव के बाद आंदोलन करने पर विवश होंगे।

### झामुमो ने मांगा ममता भुइयां के लिए वोट

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा व्यवसाय प्रकोष्ठ के पलामू जिला अध्यक्ष दीपू चैरसिया के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन द्वारा बाजार क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया गया। इस दौरान व्यवसायियो से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में मतदान करने की अपील की गयी। दीपू चैरसिया में कहा कि वर्तमान सांसद कभी भी व्यवसायी भाइयों के सुख-दुख में नहीं आते हैं। व्यवसायी भाइयों को एक ऐसा सांसद चाहिए जो हमेशा उनके सुख-दुख में साथ आए।

## संपादकीय

# बचत घटी, घरेलू कर्ज बढा, ब्रांडेड सामान की बिक्री गांवों में बढी

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा रिपोर्ट जारी की गई है। उसमें बताया गया है, जीडीपी में बचत का हिस्सा 50 सालों में सबसे कम रहा है। 2011 से 2022 के बीच बचत घटती जा रही है। वहीं प्रति व्यक्ति जीडीपी आय मैं 140 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले 5 वर्षों में लोगों की बचत सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। बचत में शेयर मार्केट, बैंक के बचत खाते, एफडी, शेयर मार्केट, सोना, म्युचुअल फंड इत्यादि को भी शामिल किया गया है। 2022 के वित्तीय वर्ष में 17.1 लाख करोड रुपए की बचत थी। जो 2022-23 में घटकर 14.02 लाख करोड रुपए रह गई है। सकल जीडीपी में बचत का हिस्सा केवल 5.3 फीसदी बचा है। जो पिछले 50 वर्षों में सबसे कम है। लोगों के खर्च बढ़ रहे हैं, लेकिन बचत कम होती जा रही है। रिपोर्ट में कर्ज आसानी से मिलने के कारण सामाजिक मानसिकता में यह परिवर्तन देखने को मिल रहा है। साल भर में लोगों का घरेलू कर्ज 54 फीसदी बढ़ गया है। 2021-22 में घरेलू खर्च 7.69 लाख करोड रुपए था। जो 2022-23 में बढ़कर 11.88 लाख करोड रुपए हो गया है। पिछले वर्ष की तुलना में 54 फीसदी घरेलू कर्ज बढा है। बैंकों से क्रेडिट कार्ड से और गैर बैंकिंग कंपनियों से यह कर्ज लिया गया है। 2012 के बाद से लोगों पर घरेलू कर्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण बाजारों में ब्रांडेड सामान की बिक्री लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण अंचल अब शहरी क्षेत्र को मात देते हुए देख रहे हैं। जनवरी 24 से मार्च 24 की तिमाही में ग्रामीण क्षेत्र की मांग 7.6 फीसदी बढ़ गई है। वहीं शहरी क्षेत्र में 5.7 फीसदी मांग घट गई है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में ब्रांडेड वस्तुओं को लेकर यह परिवर्तन सभी को आश्चर्यचकित कर रहा है। सरकार के केंद्रीय सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जो रिपोर्ट जारी की गई है। वह बड़ी चिंता जनक है। बचत 50 वर्षों में सबसे कम हो गई है इसका मतलब है कि अब भारतीय नागरिक अपनी हर जरूरत के लिए कर्ज और सरकार के ऊपर निर्भर होते चले जा रहे हैं। ग्रामीण अंचलों की सामाजिक व्यवस्था और भौतिक संसाधनों के प्रति जो आकर्षण बढ़ रहा है। उसके कारण ग्रामीण अंचल जो अभी तक कर्ज के बहुत ज्यादा दबाव में नहीं थे ग्रामीण अंचलों के परिवार भी अब कर्ज के बोझ से दबते चले जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से केंद्र में मोदी सरकार है। कर्ज लेकर खर्च की प्रवृत्ति को बढ़ाने का काम किया गया है। इसका असर जीडीपी और कर वसूली के लिए सरकार के लिए उपयुक्त माना जा सकता है। लेकिन जिस तरह से आम आदमी कर्ज के बोझ से दबता चला जा रहा है। महंगाई बढ़ती चली जा रही है। आय की तुलना में खर्च ज्यादा हो रहा है। ऐसी स्थिति में कर्ज की भी एक सीमा है। पिछले वर्षों में कर्ज के कारण डिफाल्टर होने वाले लोगों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ती चली जा रही है। कर्ज नहीं चुका पाने के कारण, आत्महत्या जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं। इसका असर अपराधों पर भी पड़ रहा है। जीडीपी में आर्थिक विकास होने के बाद भी इसका लाभ आम आदमी तक नहीं पहुंच रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं खाने-पीने की वस्तुयें महंगी हो रही हैं। जिसके कारण भारत में असमानता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है।

आने वाले समय में निम्न और मध्यम वर्ग के लिए यह एक खतरे की घंटी है। वहीं सरकार के लिए भी इसे खतरे की घंटी माना जा सकता है। जब एक बड़ी आबादी सरकार के ऊपर निर्भर होगी, तो इसका असर राजनीति और सरकारों के अस्तित्व पर भी पडना तय माना जा रहा है। कर्ज लेकर घी पीने की प्रवृत्ति आम नागरिकों के साथ-साथ सरकार के बीच की एक प्रवृत्ति बन गई है। एक स्तर तक कर्ज लेने को जायज ठहराया जा सकता है। लेकिन जब इसे चुका नहीं पाते हैं, तो इसका ठीक उलटा असर होता है। इसका असर अभी दिखना शुरू हो गया है। आने वाले सालों में यह निम्न एवं मध्यम वर्ग के साथ-साथ सरकार के लिए भी कर्ज एक मुसीबत बनने जा रहा है। इस तथ्य को भी ध्यान में रखने की जरूरत है। आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया बचत के आधार पर किया जा सकता है कर्ज के आधार पर नहीं। कर्ज लेने पर ब्याज का बोझ भी बढ़ता है। किस्त और ब्याज की तुलना में यदि आय नहीं बढ़ती है, तो वह आम नागरिकों के जन-जीवन को बुरी तरह से प्रभावित करते हैं। इस ओर सरकार को ध्यान देने की जरूरत है।

# मिलावट का कहर, स्वास्थ्य के लिये जहर

ललित गर्ग

भारतीय मसालों की गुणवत्ता की साख जब दुनिया में धुंधली हुई है, मिलावटी मसालों पर देश से दुनिया तक बहस छिड़ी हुई है, तब दिल्ली में मिलावट के एक बड़े मामले का पदार्पाश होना न केवल चिंताजनक है बल्कि दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये शर्मनाक है। भारत में मिलावट का मामला मसालों तक ही सीमित नहीं है। मिलावटखोरों ने दवाइयों, तेल, घी, दूध, मिठाइयों से लेकर अनाज तक किसी चीज को नहीं छोड़ा है। हर साल त्योहारों पर देशभर से मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों की खबरे आती हैं। प्रश्न है कि आखिर मिलावट का बाजार इतना धडल्ले से क्यों पनप रहा है, क्यों सिस्टम लाचार है, मिलावटखोरी का अंत क्यों नहीं हो पा रहा है? लोकसभा चुनाव के दौरान मिलावट की त्रासद एवं जानलेवा घटनाओं का उजागर होना, क्यों नहीं चुनावी मुद्दा बनता?


कह तो सभी यही रहे हैं--ह्वबाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है ह्ल लेकिन इस बड़े सच रोटी यानी पेट भरने की खाद्य-सामग्री को मिलावट के कारण दूषित एवं जानलेवा कर दिया गया है। देश में खाद्य पदार्थों में मिलावट मुनाफाखोरी का सबसे आसान जरिया बन गई है। खाने-पीने की चीजें बिल्कुल भी सुरक्षित नहीं हैं। किसी भी वस्तु की शुद्धता के विषय में हमारे संदेह एवं शंकाएं बहुत गहरा गयी हैं। मिलावट का धंधा शहरों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी फैला हुआ है और इसकी जड़ें काफी मजबूत हो चुकी हैं। जीवन कितना विषम और विषभरा बन गया है कि सभी कुछ मिलावटी है। सब नकली, धोखा, गोलमाल ऊपर से सरकार एवं संबंधित विभाग कुंभकरणी निद्रा में है। मिलावटी खाद्य पदार्थ धीमे जहर की तरह हैं। ये दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों, अल्सर, कैंसर वगैरह की वजह बन सकते हैं। खाने वालों को आभास भी नहीं होता कि वे धीरे-धीरे किसी गंभीर बीमारी की ओर जा रहे हैं। वे किसी पर भरोसा कर कुछ खरीदते हैं और मिलावटखोर तमाम कानून बने होने एवं प्रशासन की सक्रियता के बावजूद इस भरोसे को तोड़ रहे हैं। उनकी वजह से दूसरे देशों का भी भरोसा भारतीय उत्पादों पर कम होने की स्थितियां बनती जा रही है। कुछ दिनों पहले ही हांगकांग और सिंगापुर ने लिमिट से ज्यादा पेस्टिसाइड का आरोप लगाकर दो भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों को बैन किया था। अगर ऐसा हुआ तो इनके निर्यात से करोड़ों डॉलर की आमदनी पर आंच आएगी।

मिलावट करने वालों को न तो कानून का भय है और न आम आदमी की जान की परवाह है। दुखद एवं विडम्बनापूर्ण तो ये स्थितियां हैं जिनमें खाद्य वस्तुओं में मिलावट धडल्ले से हो रही है और सरकारी एजेन्सियां इसके लाइसैंस भी आंख मूंदकर बांट रही है। जिन सरकारी विभागों पर खाद्य पदार्थों की क्वॉलिटी बनाए रखने की जिम्मेदारी है वे किस तरह से लापरवाही बरत रही है, इसका परिणाम आये दिन होने वाले फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं से देखने को मिल रहे हैं। मिलावट के बहुरुपिया रावणों ने खाद्य बाजार जकड़ रखा है। मिलावट का कारोबार अगर फल-फूल रहा है, तो जाहिर है कि इसके खिलाफ जंग उस पैमाने पर नहीं हो रही है, जैसी होनी चाहिए। इस मामले में भारत अपने पड़ोसी देश बांग्लादेश से कुछ सबक ले सकता है, जिसने हल्दी में लेड की मिलावट पर काबू पा लिया। मिलावटखोर हल्दी की चमक बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल करते हैं और यह समस्या पूरे दक्षिण एशिया की है।

मिलावट सबसे बड़ा खतरा है। मारने वाला कितनों को मारेगा? एक आतंकवादी स्वचालित हथियार से या बम ब्लास्ट कर अधिक से अधिक सौ दो सौ को मार देता है। लेकिन खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाला हिंसक एवं दरिंदा तो न जाने कितनों को मृत्यु की नींद सुलाता है, कितनों को अपंग और अपाहिज बनाता है। इन हिंसक, क्रूर एवं मुलाफाखोरों पर लगाम न लगने की एक वजह यह भी है कि ऐसा करने वालों को लगता है, इससे होने वाले मुनाफे की तुलना में मिलने वाली सजा बहुत कम है। जाहिर है, सजा कड़ी करने के साथ ही यह भी पक्का करना होगा कि दोषी किसी तरह से बच न निकलें। यही नहीं, लोगों को पता होना चाहिए कि मिलावट की शिकायत कहां करनी है। हमारे प्रयासों में कमी न रहे, तभी यह काला धंधा रुक सकेगा।

कारोबार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण मिलावट हर जगह देखने को मिलती है। कहीं दूध में पानी की मिलावट होती है, तो कहीं मसालों में रंगों की। दूध, चाय, चीनी, दाल, अनाज, हल्दी, फल, आटा, तेल, घी आदि ऐसी तमाम तरह की घरेलू उपयोग की वस्तुओं में मिलावट की जा रही है। यानी, पूरे पैसे खर्च करके भी हमें शुद्ध खाने का सामान नहीं मिल पाता है। मिलावट इतनी सफाई से होती है कि असली खाद्य पदार्थ और मिलावटी खाद्य पदार्थ में फर्क करना मुश्किल हो जाता है। जीवन मूल्यहीन और दिशाहीन हो रहा है। हमारी सोच जड़ हो रही है। मिलावट, अनैतिकता और अविश्वास के चक्रव्यूह में जीवन मानो कैद हो गया है। घी के नाम पर चर्बी, मक्खन की जगह मार्गरीन, आटे में सेलखड़ी का पाउडर, हल्दी में पीली मिट्टी, काली मिर्च में पपीते के बीज, कटी हुई सुपारी में कटे हुए छुहारे की गुठलियां मिलाकर बेची जा रही हैं। दूध में मिलावट का कोई अंत नहीं। नकली मावा बिकना तो आम बात है। राजस्थान और गुजरात में चल रहा नकली जीरे का कारोबार अब दिल्ली एवं देश के अन्य हिस्सो तक पहुंच गया है।

# महाराणा प्रताप का राष्ट्रवाद



नीरज कृष्ण

क्षत्रिय राजाओं के राष्ट्रवाद को समझने के लिए सबसे पहले भारत में मुगल शासन के व्यापक संदर्भ को समझना होगा। मध्य एशियाई मूल के इस्लामी राजवंश मुगलों ने 16वीं से 18वीं शताब्दी तक भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्से पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया

भारत में मुगल काल के दौरान, संस्कृतियों, धर्मों और पहचानों की एक जटिल छवि सामने आई। इस समृद्ध ताने-बाने के विभिन्न धागों में से एक महत्वपूर्ण पहलू क्षत्रिय राजाओं की राष्ट्रीयता थी। योद्धा जाति से संबंधित इन राजाओं ने उस युग के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मुगल काल के दौरान क्षत्रिय राजाओं का राष्ट्रवाद ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक ताकतों द्वारा आकार ली गई एक बहुआयामी घटना थी। अपने वंश और भूमि के प्रति गहरे गौरव में निहित, इन शासकों ने अपनी स्वायत्तता और पहचान पर जोर देते हुए मुगल शासन की जटिलताओं का सामना किया।

क्षत्रिय राजाओं के राष्ट्रवाद को समझने के लिए सबसे पहले भारत में मुगल शासन के व्यापक संदर्भ को समझना होगा। मध्य एशियाई मूल के इस्लामी राजवंश मुगलों ने 16वीं से 18वीं शताब्दी तक भारतीय उपमहाद्वीप के अधिकांश हिस्से पर अपना प्रभुत्व स्थापित किया। उनके शासन की विशेषता फारसी संस्कृति, प्रशासनिक दक्षता और धार्मिक बहुलवाद का मिश्रण थी। हालाँकि, शाही भव्यता की सतह के नीचे क्षेत्रीय शक्तियों की एक पच्चीकारी छिपी हुई थी, जिनमें क्षत्रिय शासकों के नेतृत्व वाली शक्तियाँ भी शामिल थीं।

क्षत्रिय राष्ट्रवाद स्वाभाविक रूप से व्यावहारिक था, जिसमें मुगल सत्ता के प्रति सहयोग और प्रतिरोध के बीच एक नाजुक संतुलन था। जबकि कुछ राजाओं ने शाही दरबार के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखा, दूसरों ने अधिक टकरावपूर्ण रुख अपनाया, राजनयिक युद्धाभ्यास या पूर्ण विद्रोह के माध्यम से अपनी स्वायत्तता का दावा किया।

क्षत्रिय राजाओं के लिए, राष्ट्रवाद विभिन्न रूपों में प्रकट हुआ, जो अक्सर क्षेत्रीय पहचान और संप्रभुता की धारणाओं से जुड़ा हुआ था। प्राचीन राजवंशों के वंशज और मार्शल परंपराओं के संरक्षक, इन राजाओं ने मुगल आधिपत्य की जटिलताओं से निपटते हुए अपनी स्वायत्तता बनाए रखने की मांग की। उनका राष्ट्रवाद उनकी वंशावली, भूमि और लोगों पर गर्व की गहरी भावना पर आधारित था, जो अक्सर मुगल सम्राटों के केंद्रीकृत अधिकार से टकराता था।

भारतीय इतिहास के इतिहास में, कुछ शख्सियतें वीरता, लचीलेपन और अटूट देशभक्ति के प्रतीक के रूप में सामने आती हैं। उनमें से एक महान राजपूत योद्धा, महाराणा प्रताप का शानदार व्यक्तित्व चमकता है, जिनका जीवन राष्ट्रवाद के सार का प्रतीक है। 9 मई, 1540 को सिसौदिया वंश के प्रतिष्ठित वंश में जन्मे मेवाड़ के महाराणा प्रताप सिंह विदेशी आक्रमण के खिलाफ अवज्ञा के प्रतीक और मातृभूमि के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में उभरे।

महाराणा प्रताप की यात्रा अपनी भूमि और लोगों के प्रति उनके गहन प्रेम में निहित दृढ़ निर्णयों की एक श्रृंखलाद्वारा चिह्नित है। भारी बाधाओं का सामना करने के बावजूद, मुगल वर्चस्व को स्वीकार करने से इनकारकरना, उनकी अडिग राष्ट्रवादी भावना को रेखांकित करता है। ऐसे समय में जब कई लोगों के लिए समर्पणअपरिहार्य लग रहा था, महाराणा प्रताप ने प्रतिरोध का रास्ता चुना, जिससे वीरता की एक ऐसी गाथा सामनेआई जो इतिहास के गलियारों में गूंजती है।



भारतीय इतिहास के मध्य काल में महाराणा प्रताप, क्षत्रपति शिवाजी एवं गुरू गोविन्द सिंह का अप्रतिम स्थानव अमूल्य योगदान है। इन तीनों ही महापुरूषों ने न केवल मुगल साम्राज्य के विस्तारवादी अभियान का सशक्तप्रतिरोध किया वरन अपनी आस्था के आधारभूत मूल्यों और सिद्धान्तों के संरक्षण के लिए आजीवन संघर्षकिया और असहनीय कष्ट सहे। प्रश्न यह उठता है कि उक्त महापुरूष किन आस्थाओं, मूल्यों और सिद्धान्तोंकी रक्षा के लिए संघर्षरत थे वह कौन सी प्रेरणा थी, जिसकी वजह से इन महानुभावों ने सुख, सुविधा वशान्तिमयता के जीवन पर दुःख, कष्ट,संघर्ष व बलिदान से भरे हुए जीवन को तरजीह दी।

महाराणा प्रताप (1540-1597 ई.) देश के उन महान सपूतों में से है जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा और मान-सम्मान के लिए सर्वस्तर न्योछाबर कर दिया। जीवन पर्यन्त वह आक्रमणकारियों से संघर्ष करते रहे किन्तु झुकेनहीं और न ही उनकी अधीनता स्वीकार की। महाराणा प्रताप की जीवनी के लेखक राजेन्द्र शंकर भट्ट के शब्दोंमें महाराणा प्रताप प्रताप थे और अकबर अकबर।एक ओर विश्व का उस समय का सबसे शक्तिशाली सम्राटअकबर भारत के सभी भागों विशेषतः तत्कालीन राजपूताना के राज्यों पर आधिपत्य स्थापित करना चाहता था।छल-बल से उसे अपने प्रयत्नों में सफलता भी प्राप्त हुई किन्तु मेवाड़ के महाराणा ने अपना सिर नहीं झुकाया।

वह निरन्तर आक्रमणकारियों से मुकाबला करते रहे।उस समय की विषम परिस्थितियों पर दृष्टि डाले तो सन 1568 ई. में मेवाड़ की राजधानी चित्तौड़ महाराणाप्रताप के पिता महाराणा उदयसिंह के हाथों से निकल चुकी थी। सन् 1572 ई. में पिता के देहावसान केपश्चात महाराणा प्रताप मेवाड़ की गद्दे पर विराजमान हुए तथा गोगुन्दा में उनका राजतिलक हुआ। 32 वर्षीययुवा महाराणा प्रताप ने अपनी सेना को संगठित किया। इसमें आदिवासी भीलों को भी प्रमुख स्थान दिया गया।

महाराणा प्रताप के स्वाधीनता संघर्ष की बड़ी बात थी, उनका नैतिक और चारित्रिक बल। अपनी प्रजा औरसैन्यबल में उन्होंने स्वाधीनता के नैतिक यह संदेश विशेष रूप से जनता में दिया कि यह लड़ाई उनकी अपनीनहीं, मातृभूमि से प्रेम करने वाले सभी लोगों की है। अकबर की भारी सेना से लड़ने के लिए उन्होंने आम जनके साथ ही भीलों और आदिवासियों को भी अपने बूते पर संगठित किया। मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए संघर्षका नाद करते हुए उन्होंने स्वयं जाकर भीलों से मित्रता करते सहयोग मांगा। उन्हें यह सहयोग भरपूर मिलाभी। पहाड़ों में, गुप्त गुफाओं में इसीलिए बनवासी लोगों ने महाराणा प्रताप के गुप्तचर, सैनिक और प्रहरियो केरूप में उनका निरंतर साथ दिया।

बादशाह अकबर ने जलाल सिंह, आमेर के कुंवर मानसिंह, राजा भगवान दास और टोडरमल को समझाने केलिए भेजा तथामेवाड़ और मुगलों में संधि के प्रयास भी किये गये किन्तु महाराणा अधीनता स्वीकार करने कोतैयार नहीं थे। महाराणा प्रताप ने प्रण किया- जब तक चित्तौड़ स्वतंत्र नहीं करा लूंगा तब तक सोने-चांदी केबर्तन में भोजन नहीं करूंगा। महलों में वास नहीं करूंगा, न कोई उत्सव मनाऊंगा, न रण में अपने गौरव कीघोषणा करूंगा और अपनी मूंछों पर ताव भी नहीं दूंगा।

महाराणा प्रताप के शासनकाल में मानव-अधिकार, नारी अस्मिता, राष्ट्रीय सुरक्षा, समानता, अन्याय और शोषणका विरोध जैसे आधुनिक महान लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना हुई। प्रताप शाश्वत ईश्वरीय सत्ता को अपनेपवित्र संविधान के रूप में स्वीकार करने वाले एकलिंगनाथ के लोकतांत्रिक दीवान थे।

महाराणा प्रताप का संग्राम किसी, जाति या धर्म के विरूद्ध नहीं था, एक निस्वार्थ राष्ट्रीय अस्मिता औरस्वाभिमान का युद्ध था। अपनी माँ से प्राप्त श्रीमद्भागवात गीता के ज्ञान को हृदय में धारण करने वाले प्रतापने राष्ट्रीय अस्मिता की रक्षा के लिए राजमहल, सुख और वैभव का त्याग कर अपने लिए कष्टमय जीवन काचयन किया। भीलों को बिना किसी भेदभाव के ससम्मान बराबर का दर्जा देना प्रताप का समाज में समानतास्थापित करने अद्भुत सिद्धांत था। प्रताप को भील प्रेम और सम्मान से कीका कहते थे। हाकिम खां सूर कोसेनापति बनाने का निर्णय स्पष्ट करता है कि प्रताप का संघर्ष किसी धर्म के विरूद्ध नहीं राष्ट्रीयता का युद्धथा।

महाराणा प्रताप की राष्ट्रीयता का केंद्र उनका अपनी जनता के साथ अटूट बंधन था। अपने समय के कईशासकों के विपरीत, जिन्होंने बाहरी दबावों के आगे घुटने टेक दिए, वह अपनी प्रजा की आकांक्षाओं औरभावनाओं से गहराई से जुड़े रहे। उनके शासनकाल की विशेषता न्याय की निरंतर खोज और लोगों की जाति यापंथ की परवाह किए बिना उनके अधिकारों और सम्मान की सुरक्षा थी। इस समतावादी दृष्टिकोण ने उन्हेंजनता का प्रिय बना दिया और लोगों के शासक के रूप में उनकी विरासत को मजबूत किया।

महाराणा प्रताप का राष्ट्रवाद उनके राज्य की सीमा तक ही सीमित नहीं था; इसने एक संयुक्त और स्वतंत्रइकाई के रूप में भारत की व्यापक दृष्टि को शामिल करने के लिए भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया।मुगल अतिक्रमण के खिलाफ अन्य राजपूत शासकों के साथ उनका गठबंधन राष्ट्रीय पहचान की साझा भावनाऔर स्वदेशी संस्कृति और मूल्यों के संरक्षण के एक सामान्य लक्ष्य से प्रेरित था। आत्मनिर्णय और स्वायत्तताके सिद्धांतों पर समझौता करने से इनकार करके, महाराणा प्रताप ने एक सच्चे राष्ट्रवादी की भावना को मूर्तरूप दिया।

प्रताप का महान जीवन मूल्य है कि कभी भी किसी की स्वतंत्रता पर अतिक्रमण नहीं किया। उन्होंने हमेशा एकमहान समाजवादी की भांति साम्राज्यवाद के अन्याय और शोषण के बिरूद्ध लड़ने की शिक्षा प्रदान की। युद्धकी भीषणताओं से घिरे रहने के बाबजूद भी प्रताप किसानों की भलाई के लिए समुचित कृषि प्रबंध भी करातेरहे। महाराणा प्रताप ने मुगल संधि के प्रस्ताव को अस्वीकार कर नैतिक दृष्टि से, अरावली के पहाड़ों औरजंगलों को दुर्ग के रूप में प्रयुक्त कर प्राकृतिक रूप से और डूंगरपुर, बांसवाड़ा, और जालौर आदि पड़ोसी राज्योंको साथ रखकर राजनीतिक दृष्टि से राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत किया। बिना घोषणा के तत्काल छापामार,गोरिल्ला आक्रमण से शत्रुओं का प्रतिकार किया।

महाराणा प्रताप ने स्वयं संस्कृत के विद्वानों को संरक्षण देकर, बविश्ववल्लभ,, मूर्तिमाला,, राज्याभिषेक आदिग्रंथों का सृजन कराया। इसके पीछे प्रताप का दूरदृष्टि दृष्टिकोण था कि शिक्षा की अनिवार्यता से ही उत्तमचरित्र के नागरिकों निर्माण किया जा सकता है। पराधीनता, निराशा और अंधकार के दौर में प्रताप की राष्ट्रीयचेतना ने नई आशा का संचार किया। 1857 के क्रांतिकारियों ने प्रताप के स्वातंत्र्य प्रेम से प्रेरणा प्राप्त करब्रिटिश साम्राज्य के विरूद्ध शंखनाद किया। 1947 में रियासतों के विलय के समय भी महाराणा प्रताप कास्वातंत्र्य प्रेम सबसे मजबूत तर्क रहा।

आजादी के संघर्ष के दिनों में लाला लाजपतराय ने कभी कहा था कि भारत की स्वतंत्रता के लिए युवाओ कोतैयार करना है तो उन्हें बीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जैसे इतिहास निमार्ता से प्रेरणा लेनी होगी। मैं यह भीमानता हूं कि अपनी मातृभूमि मेवाड़ के लिएकिया उनका संघर्ष साम्राज्यवाद और स्वाधीनता का वह संवैधानिकआधार लिए था, जिसमें राष्ट् प्रेम, स्वाभिमान को गहरे से अनुभूत किया जा सकता है। अकबर उनकी वीरतापर स्वयं अभिभूत था। वह उन्हें अपने अधीन मेवाड़ का राजा बने रहने देना चाहता था पर राणा को यहस्वीकार नहीं था। इतिहास गवाह है, उन्होंने स्पष्ट अकबर को यह संदेश दिया था कि जो घरती उसकी है हीनहीं, उसका अधिकार उसे क्यों मिले।

हल्दीघाटी का रण कौशल ने प्रताप का पद ऊँचा कर दिया था, उस समय की स्थिति ऐसी हो गयी थी किराजपूताना ही नहीं बल्कि समस्त भारतवर्ष में राणा प्रताप और उनके वीर चेतक की गाथा सुने जाने लगी थी,कवि राणा प्रताप की वीरता में कविता लिखने लगे थे, स्त्रियाँ राणा प्रताप की वीरता और शोर्य के गीत गानेलगी थी, देश का माहौल में अजीब सा बदलाव नजर आने लगा था, इस बदलाव में राणा प्रताप की तरहभारतवासी गुलामी की बेड़ियों से आजाद होकर स्वाधीन होने के सपने देखने लगे थे। बच्चे मेवाड़ के पराक्रमको बड़े ही ध्यान से सुनने लगे थे, जगह जगह नाट्य रूपांतरण के द्वारा महाराणा प्रताप की शूरवीरता कोदशार्या जाने लगा और अकबर को धोखे से छलने वाला, कपटी और धूर्त बताने लगे थे।

अकबर ने महाराणा प्रताप के बारे में कहा था कि अगर महाराणा प्रताप और जयमल मेड़तिया मेरे साथ होते तोहम विश्व-विजेता बन जाते। इस निस्पृह शासक को अपनी संस्कृति, परम्परा, चिन्तन पद्धित और जीवन शैलीराजगद्दी से ज्यादा प्रिय थी अतः उन्होंने अन्य शासकों की तरह मुगल सत्ता के समक्ष सर नहीं झुका व जन्मसे लेकर मृत्यु पर्यन्त न तो स्वयं चैन से रहे, न मुगलों को से रहने दिया। शत्रु के लगातार प्रयत्न के बावजूदउन्हें जीवित या मृत पकड़ने के सारे प्रयत्न विफल हुए व लाख कष्ट सहने के बावजूद उनकी प्रजा उनसे विमुखनहीं हुई, यह उनकी नेतृत्व क्षमता, प्रजा वत्सलता तथा जन सामान्य की उनके प्रति अटूट निष्ठा का प्रत्यक्षप्रमाण है।

प्रातः स्मरणीय महाराणा प्रताप स्वतंत्रता संग्राम में भी देश भक्तों के प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। सुप्रसिद्ध पत्रकारगणेश शंकर विद्यार्थी ने समाचार पत्र प्रतापके माध्यम से जनमानस को स्वतंत्रता आंदोलन के लिए प्रेरितकिया।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय इतिहास में राजपूताने का गौरवपूर्ण स्थान रहा है। यहां के रण बांकुरों ने देश, जाति, धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने में संकोच नहीं किया। वीरों की इस भूमि में राजपूतों के छोटे बड़े अनेक राज्य रहे है, जिन्होंने भारत की स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया। इन्हीं राज्यों में मेवाड़ का अपना अलग ही स्थान है। जिसमें महाराणा प्रताप जैसे महान वीर ने जन्म लिया था। मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप अपने पराक्रम और शौर्य के लिए पूरी दुनिया में मिसाल के तौर पर जाने जाते हैं। एक ऐसे राजपूत राजा जो जीवन पर्यन्त मुगलों से लड़ते रहे, जिसने जंगलों में रहना पसंद किया, लेकिन कभी विदेशी मुगलों की गुलामी स्वीकार नहीं की थी। उन्होंने देश, धर्म और स्वाधीनता के लिए सब कुछ न्योछावर कर दिया था।

महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के कुम्भलगढ़ में सिसोदिया कुल में हुआ था। उनके पिता का नाम महाराणा उदयसिंह द्वितीय और माता का नाम रानी जीवंत कंवर था। महाराणा प्रताप अपने पच्चीस भाइयो में सबसे बड़े थे। इसलिए उनको मेवाड़ का उत्तराधिकारी बनाया गया। महाराणा प्रताप के समय में दिल्ली पर अकबर का शासन था और अकबर की निती हिन्दू राजाओ की शक्ति का उपयोग कर दूसरे हिन्दू राजा को अपने नियन्त्रण में लेने की था। 1567 में जब राजकुमार प्रताप को उत्तराधिकारी बनाया गया उस वक्त उनकी उम्र केवल 27 वर्ष थी। उस वक्त मुगल सेना ने चितौड़गढ़ को चारो और से घेर लिया था। तब महाराणा उदयसिंह मुगलों से लडने के बजाय चितौड़गढ़ छोडकर परिवार सहित गोगुन्दा चले गये। महाराणा प्रतापसिंह फिर से चितौड़गढ़ जाकर मुगलों से सामना करना चाहते थे। लेकिन उनके परिवार ने चितौड़गढ़ जाने से मना कर दिया।

गोगुन्दा में रहते हुए महाराणा उदयसिंह और उसके विश्वासपात्रो ने मेवाड़ की अस्थायी सरकार बना ली थी। 1572 में महाराणा उदय सिंह अपने पुत्र प्रताप को महाराणा का खिताब दिया। उसके बाद उनकी मृत्यु हो गयी। वैसे महाराणा उदय सिंह अपने अंतिम समय में अपनी प्रिय रानी भटियानी के पुत्र जगमाल सिंह को राजगद्दी पर बिठाना चाहते थे। प्रताप ने अपने पिता की अंतिम इच्छा के अनुसार उसके सौतेले भाई जगमाल को राजा बनाने का निश्चय किया। लेकिन मेवाड़ के विश्वासपात्र चुंडावत राजपूतो ने जगमाल सिंह को राजगद्दी छोडने को बाध्य कर दिया। तब जगमाल सिंह ने बदला लेने के लिए अजमेर जाकर अकबर की सेना में शामिल हो गया और उसके बदले में उसको जहाजपुर की जागीर मिल गयी। इस दौरान राजकुमार प्रताप को मेवाड़ के 54 वे शासक के साथ महाराणा का खिताब मिला।

1572 में प्रताप सिंह मेवाड़ के महाराणा बन गये थे। लेकिन वो पिछले पांच सालो में चितौड़गढ़ नहीं गये थे। महाराणा प्रताप को अपने पिता के चितौड़गढ़ को पुनः देख बिना मौत हो जाने का बहुत अफसोस था। अकबर ने चितौड़गढ़ पर तो कब्जा कर लिया था। लेकिन मेवाड़ का राज अभी भी उससे बहुत दूर था। अकबर ने कई बार अपने दूतो को महाराणा प्रताप से संधि करने के लिए भेजा। लेकिन महाराणा प्रताप ने संधि प्रस्तावों को ठुकरा दिया। 1573 में संधि प्रस्तावों को ठुकराने के बाद अकबर ने मेवाड़ का बाहरी राज्यों से सम्पर्क तोड़ दिया और मेवाड़ के सहयोगी दलों को अलग थलग कर दिया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों से सामना करने के लिए अपनी सेना को अरावली की पहाडियों में भेज दिया। महाराणा युद्ध उस पहाड़ी इलाके में लड़ना चाहते थे जहां मेवाड़ की सेना थी। क्योंकि मुगल सेना को पहाड़ी ईलाके में युद्ध लड़ने का बिलकुल भी अनुभव नही था। पहाडियों पर रहने वाले भील भी राणा प्रताप की सेना के साथ हो गये। महाराणा प्रताप खुद जंगलो में रहने लगे ताकि वो जान सके कि स्वंत्रतता और अधिकारों को पाने के लिए कितना दर्द सहना पड़ता है। उन्होंने पत्तल पर भोजन किया, जमीन पर सोये और दाढी नही बनाई। दरिद्रता के दौर में वो कच्ची झोपडियो में रहते थे जो मिटटी और बांस की बनी होती थी।

18 जून 1576 को महाराण प्रताप के 20 हजार और मुगल सेना के 80 हजार सैनिको के बीच हल्दीघाटी का युद्ध शुरू हो गया। उस समय मुगल सेना की कमान अकबर के सेनापति मान सिंह ने संभाली थी। महाराणा प्रताप की सेना मुगलों की सेना को खदेड़ रही थी। महाराणा प्रताप की सेना में झालामान, डोडिया भील ,रामदास राठोड़ और हाकिम खा सूर जैसे शूरवीर थे। मुगलों के पास तोंपे और विशाल सेना थी। लेकिन प्रताप की सेना के पास केवल हिम्मत और साहसी जांबाजो की सेना के अलावा कुछ भी नही था। महाराणा प्रताप के बारे में कहा जाता है कि उनके भाले का वजन 80 किलो और कवच का वजन 72 किलो हुआ करता था। इस तरह वह भाला, कवच, ढाल और तलवारों को मिलाकर कुल 200 किलो का वजन साथ लेकर युद्ध करते थे।

इतिहासकार कर्नल टॉड ने हल्दी घाटी के युद्व को मेवाड़ की थर्मोपल्ली की संज्ञा दी है।

इस युद्व में महाराणा प्रताप का स्वामी भक्त एवं प्रिय घोड़ा चेतक मारा गया। हल्दी घाटी के युद्व में पराजय के बावजूद महाराणा प्रताप के यश और कीर्ति में कोई कमी नहीं आई। बल्कि हल्दी घाटी को इस युद्व ने समूचे भारत के स्वाधीनता प्रेमियों के लिए पूजनीय क्षेत्र बना दिया। वहीं इस युद्व ने महाराणा प्रताप को जननायक के रूप में सम्पूर्ण भारत में प्रसिद्व कर दिया।

## धनबाद विधानसभा में महिला कांग्रेस का तूफानी दौरा अनुपमा सिंह के लिए मांगा वोट



उज्जवल दुनिया

धनबाद। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी का धनबाद प्रखंड अध्यक्ष जानकी देवी के नेतृत्व में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया गया और अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगा।

धनबाद प्रखंड अध्यक्ष जानकी देवी के नेतृत्व में न्यू मेरिन, कच्छी बलिहारी, साउथ बलिहारी, श्रीनगर, विही बाड़ी, करकेंद क्षेत्र में जन संपर्क अभियान चला।

मौके पर जिलाध्यक्ष सीता राणा ने लोगों से मुलाकात की। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र गंभीर जल संकट और बच्चो के शिक्षा केंद्र का अभाव को लेकर शिकायत की। सीता राणा ने आश्वस्त करते हुए स्थानीय लोगों से अपील किया कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के विजई होते ही प्राथमिकता के तौर पर जल संकट को दूर किया जायेगा। और आंगनबाड़ी की स्थापना बच्चो के शिक्षा के लिए किया जायेगा।

जानकी देवी ने कहा कि धनबाद में विकास कार्य नही हुआ, करकेंद, न्यू मेरिन, केंदुआ पुटकी जैसे क्षेत्रों को अनदेखा किया गया। यहां के लोग पानी जैसी मूलभूत सुविधा से भी वंचित है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने धोखा दिया अब भाजपा के झूठ में नही फंसना है। तो एक मात्र विकल्प कांग्रेस ही है जो धनबाद के सभी क्षेत्रों का समान रूप से विकास कर सकती है। अनुपमा सिंह को जिताने के लिए जनता का समर्थन भरपूर मिल रहा है।

# तैयारियां अच्छी हैं, आगे भी अच्छा करना है : प्रेक्षक

- कहीं भी वोट बहिष्कार नहीं हो, मतदाताओं को मतदान के प्रति करें जागरूक
- मतदान कर्मियों की सुरक्षा झ सुविधा का भी रखें ख्याल, मतदान केंद्रों पर एएमएफ सुनिश्चित करें

उज्जवल दुनिया



बोकारो : समाहरणालय सभागार में मंगलवार को सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु की अध्यक्षता में निर्वाचन से संबंधित कार्यों की प्रगति का समीक्षा किया। मौके पर पुलिस प्रेक्षक मोहित चावला एवं व्यय प्रेक्षक अर्जुन लाल जाट उपस्थित थे। सामान्य प्रेक्षक ने क्रमवार सभी कोषांगों के वरीय नोडल पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की। इससे पूर्व,निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी बोकारो विजया जाधव ने 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की तैयारियों से संबंधित विस्तार से जानकारी प्रेक्षकों को दी। प्रेक्षकों ने समीक्षा क्रम में जिले की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। उनके द्वारा कहा गया कि तैयारियां अच्छी हैं, आगे भी अच्छा करना है। समीक्षा क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव ने सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक को संसदीय क्षेत्र की सीमा/जिला की सीमा, सीमावर्ती राज्य एवं उनके जिले, अंतर राज्यीय सीमा, विधानसभा क्षेत्र आदि के संबंध में बताया। इस क्रम में मतदान के सफल संचालन को लेकर बनाएं गए 136 इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों की संख्या, महिला मतदान केंद्र, पर्दानशी मतदान केंद्र, वलनरेबल मतदान केंद्र, क्रिटिकल मतदान केंद्र आदि के संबंध में बताया। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उठाएं गए कदम की जानकारी दी। कुल 159 शस्त्रों का लाइसेंस रद्द किया गया है। 901 शस्त्रों का सत्यापन कर जमा कराया गया है, वारंटियों पर कार्रवाई की गई है। इस दौरान कुल 41 लाख 16 हजार, 070 रकम की जब्ती एसएसटी द्वारा की गई है। वहीं, उत्पाद विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई अब तक 3105 लीटर विदेशी शराब एवं 49,705 देशी शराब को जब्त किया गया है। समीक्षा क्रम में प्रेक्षकों ने ईवीएम कोषांग, वाहन कोषांग, पोस्टल बैलेट एवं पीडबल्यूडी कोषांग, मीडिया कोषांग, स्वीप कोषांग, एफएसटी/एसएसटी, वीवीटी कोषांग के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। संबंधित कोषांग के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

सामान्य प्रेक्षक श्री अरूण महेश बाबु ने कहा कि सहायक निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सब बीडीओ/सीओ अपने झ अपने क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी (एएमएफ) सुनिश्चित करेंगे। कहीं भी वोट बहिष्कार नहीं हो इसे सुनिश्चित करेंगे। स्थानीय स्तर पर मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के महत्व एवं मतदान तिथि को मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। मतदान कर्मियों के सुरक्षा एवं सुविधा/कल्याण आदि की व्यवस्था को सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने वेबकास्टिंग, कंम्यूनिकेशन प्लान,शैडो एरिया,रूट चार्ट आदि के संबंध में भी जरूरी दिशा झ निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक पूज्य प्रकाश, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह ड-ीडीसी संदीप कुमार,सामग्री कोषांग की वरीय नोडल पदाधिकारी सह डीपीएलआर मेनका,विधि-व्यवस्था कोषांग के वरीय नोडल पदाधिकारी सह एसी मुमताज अंसारी,एमसीएमसी कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता,सहायक निवार्ची पदाधिकारी गिरिडीह सह एसडीओ गिरिडीह श्रीकांत वाई बिसपुत,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी डुमरी शहजाद परवेज, सहायक निवार्ची पदाधिकारी टुंडी सह डीसीएलआर धनबाद संतोष गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बाघमारा सह निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन समेत सभी कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## साड़म हरिजन टोला निवासी नीलम कुमारी ने प्रशासन से लगाई न्याय की गुहार

बोकारो (तेनुघाट) : बेरमो अनुमंडल के गोमिया प्रखंड साडम हरिजन टोला निवासी नीलम कुमारी ने तेनुघाट थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है । नीलम कुमारी द्वारा बताया गया की उसके पति दिनांक 4 अप्रैल की शाम 07 बजे किसी काम से बाजार गए हुए थे । वही काफी देर हो जाने के बाद साडम बाजार और आस - पास के क्षेत्रो मे खोज बिन करने के बाद कुछ भी पता नहीं चला । तब रात्रि लगभग एक बजे तेनुघाट ओपी थाना के गस्ती दल के द्वारा फोन कर बताया गया की सुईया डीह सड़क के निकट तेनुघाट 3 नम्बर कृष्णा मंदिर के सामने गिरा पड़ा है । तब उसी समय उसके परिवार के लोग पहुचे और गस्ती दल के द्वारा उसके पति को घायल अवस्था मे घर पहुंचाया गया । वहीं दूसरे दिन ईलाज के लिए आनन फानन मे रांची नागर माल मोदी सेवा सदन मे भर्ती करा दिया गया । वहीं ईलाज के दौरान पता चला की उनके साथ अत्यधिक मार पीट की गई है । मार पीट के दौरान गर्दन की हड्डी टूट गया है और नस ब्लॉक हो गया है । जिसके कारण पैर हाथ काम करना बंद कर दिया है । वहीं ईलाज के दौरान उनकी मौत हो गई । वहीं मौत के पहले होश आने पर उन्होंने बताया की कृष्णा महतो चापी निवासी अन्य साथियो के साथ उसे बुलाकर कृष्ण मंदिर के समीप ले गया और अचानक उसके साथ मार पीट करने लगा । वही मारपीट के दौरान मेरे पति को मरा समझ कर छोड़ कर भाग गए ।

## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी धनबाद जिला की ओर से बलियापुर प्रखंड क्षेत्र में मिलन समारोह का आयोजन किया गया




एग्यारकुंड। बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी धनबाद जिला की ओर से बलियापुर प्रखंड के समलपुर पंचायत में गंगाधर महतो के घर पर प्रहलाद चंद्र महतो की अध्यक्षता में एक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। और बलियापुर प्रखंड का अध्यक्ष के रूप में रामप्रवेश महतो को चुना गया, जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के धनबाद जिला अध्यक्ष उमेश गोस्वामी उपस्थित थे। श्री गोस्वामी ने पार्टी में शामिल होने वाले सभी को पार्टी का पत्ता देकर पार्टी में शामिल कराया तथा लोकसभा चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी समर्थित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार ढुल्लू महतो को वोट देकर विजय बनाने का आह्वान किया। श्री गोस्वामी ने कहा कि देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत भविष्य है इसलिए हम सबको एक एक अपना वोट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार होकर को विजई बनाने का काम करें। इस बैठक में प्रकाश महतो, गंगाधर महतो,गोविंद महतो,रमेश कुमार,रूपेश कुमार महतो, अजीत कुमार महतो, सरोज कुमार महतो,रामप्रवेश महतो,संजीत कुमार महतो,मिंटू कुमार यादव,सूरज कुमार महतो,आदि कई कार्यकताओं ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मैं शामिल हुए।

# टुंडी के पुरनाड़ीह में श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत यज्ञ 151 कलशयात्रा के साथ आरम्भ

- पुरनाडीह पंचायत के मुखिया बसंत नारायण तिवारी कलशयात्रा के क्रम में पंक्तिबद्ध करने हेतु व्यस्त देखें गये
- भाजपा के ज्ञान रंजन सिन्हा एवं आजसू केन्द्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय तथा झाजमो के केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक मुख्य रूप से हुए उपस्थित

उज्जवल दुनिया



टुंडी : बुधवार को टुंडी प्रखण्ड के पुरनाडीह गांव में तिथि 08 मई से 10 मई तक होने वाली त्रिदिवसीय श्री श्री 108 श्री हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह हनुमत यज्ञ की शुभारम्भ हुआ इस दौरान 151 कलश धारियों द्वारा हनुमानजी मंदिर प्रांगण से कलशयात्रा प्रारम्भ होकर सर्वप्रथम हटिया स्थल के शिव मंदिर, बजरंगबली मंदिर, मां मनसा मंदिर एवं काली मंदिर के अलावा समस्त गांव का भ्रमण करते हुए माथा अहरा/तालाब पहुंचकर मुख्य रूप से पंडित आचार्य अशोक पाण्डेय तथा उनके सहयोग में सुबोध पाण्डेय के अलावा अन्य कई ब्राह्मणों ने निरंतर वेदोच्चारण करते हुए कलशों में जल भरवाया तत्पश्चात माथा अहरा से पुनः यज्ञ स्थल पहुंची । पुरनाडीह गांव चहुंओर से जय श्रीराम, हर-हर महादेव तथा राम-लखन जानकी जय बोलो हनुमान की यादि नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया । कुछ दर्शकगण एवं भक्तगण अपने - अपने कैमरे से फोटो शूट करने में व्यस्त देखें गये । मुख्य पुरोहित अशोक पाण्डेय एवं मुख्य यजमान भागीरथ तिवारी सपत्नीक रीना देवी सोलह आना की सहमति से बने। मौके पर मुख्य रूप से अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ज्ञान रंजन सिन्हा, आजसू केन्द्रीय सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय, झारखण्ड जनहित मोर्चा के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष माना पाठक, पुरनाडीह पंचायत की पूर्व मुखिया माया देवी उनके प्रतिनिधि सुमन्त कुमार पाण्डेय, समाजसेवी नवीन चन्द्र सिंह , सूरज कुमार सिंह एवं रविन्द्र कुमार मंडल के अलावा हजारों की संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं छोटे-छोटे बच्चे - बच्चियां कलशयात्रा की साक्षी बने । पूजा - अर्चना के उपरान्त सबों को प्रसाद वितरण किया गया ।

## सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर एवं रिसिविंग – काउंटिंग सेंटर का किया निरीक्षण

उज्जवल दुनिया

बोकारो : 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर 08 स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) का निरीक्षण किया। मौके पर 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र की निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव, निर्वाचन कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह ड-ीडीसी संदीप कुमार, सभी विधानसभा क्षेत्र के सहायक निवार्ची पदाधिकारी (एआरओ), संबंधित कोषांगों के वरीय नोडल/नोडल पदाधिकारी आदि उपस्थित थे। निरीक्षण क्रम में 06 गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अरूण महेश बाबु एवं 07 धनबाद संसदीय लोकसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक अनूप खिंची ने बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल (डिस्पैच सेंटर) में ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग को लेकर की गई तैयारी/योजना के संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी से जानकारी ली। निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विस्तार से विधानसभा क्षेत्रवार ईवीएम-वीवीपैट कमीशनिंग के संबंध में बताया। इससे पूर्व, उन्होंने डिस्पैच सेंटर से ईवीएम झ वीवीपैट/सामग्री प्राप्त करने के लिए मतदान कर्मियों के लिए अलग झ अलग बनाएं गए पंडालों की जानकारी दी। उन्होंने प्रेक्षकों को वाहन पार्किंग प्लान से भी अवगत करवाया। सामान्य प्रेक्षकों ने डिस्पैच सेंटर में संचालित सामग्री कोषांग का भी जायजा लिया।

## श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, बोकारो के द्विवार्षिक चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुए

- विनोद चोपड़ा चुने गए नए अध्यक्ष

बोकारो : श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा, कोलकाता के निदेर्शानुसार श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा, बोकारो के द्विवार्षिक चुनाव सर्व सम्मति से संपन्न हुए। विनोद चोपड़ा को सर्वसम्मति से सभा का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जैन मिलन के अध्यक्ष सह चुनाव पदाधिकारी संजय बैद की देखरेख में चुनाव का सारा काम काज संपन्न हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल लोढ़ा ने अपना कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष को सौंपते हुए उनके बेहतर कार्यकाल के लिए मंगलकामनाएं एवं सहयोग की पेशकश की। इसके पूर्व सभा के सचिव प्रकाश कोठारी ने विगत कार्यकाल का लेखा जोखा सभा के सदस्यों के समक्ष रखा,जिसे स्थानीय सभा द्वारा पारित कर दिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष विनोद चोपड़ा की नई कमेटी का विस्तार एक सप्ताह के अंदर कर लेंगे।

## एनआइसी कक्ष में 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदान कर्मियों का हुआ दूसरा रेंडमाइजेशन

- सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में हुआ रेंडमाइजेशन

उज्जवल दुनिया



बोकारो : पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर स्थित एनआइसी कक्ष में बुधवार को सामान्य प्रेक्षक, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र अरूण महेश बाबु एवं निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव की उपस्थिति में मतदान कर्मियों का दूसरा रेंडमाइजेशन किया गया। रेंडमाइजेशन में पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मियों का नाम शामिल है। मौके पर कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी संदीप कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी गोमिया सह एसी मो. मुमताज अंसारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी चास ओम प्रकाश गुप्ता, सहायक निवार्ची पदाधिकारी बोकारो सह अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, सहायक निवार्ची पदाधिकारी चंदनकियारी सह डीसीएलआर प्रभाष दत्ता, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी धनंजय कुमार,कार्मिक कोषांग की नोडल पदाधिकारी शालिनी खालखो आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय हो कि, 06 गिरिडीह लोकसभा संसदीय क्षेत्र में मतदान आगामी 25 मई 2024 को होना है। इसमें कुल 6860 मतदान कर्मियों (पुरूष मतदान कर्मी), 198 (महिला मतदान कर्मी) को लगाया गया है। इसमें पीठासीन पदाधिकारी, पी वन, पी टू एवं पी थ्री मतदान कर्मी व रिजर्व कर्मी शामिल हैं.

## छंटनी टांड़ के ग्रामीण के बीच का चला जनसंपर्क अभियान



जैनामोड़ : कांग्रेस महागठबंधन का जनसंपर्क अभियान तेजी से चलाया जा रहा है । धनबाद लोकसभा क्षेत्र स्थित बालीडीह के छतनीटांड़ में इंडिया गठबंधन के कार्यकताओं के द्वारा गीत-संगीत के साथ अभियान चलाया गया । धनबाद लोकसभा प्रत्याशी अनुपमा सिंह के पक्ष में 25 मई को अपना मतदान करने की अपील मतदाताओं से किया गया । अभियान का नेतृत्व करते हुए सनत कुमार मिश्रा ने कहा कि इंडिया महागठबंधन की लोकप्रिय प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित है । इनके पक्ष में अधिक से अधिक मत प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास किया जा रहा है । यह अनुपमा सिंह बेरमो विधानसभा के विधायक कुमार जय मंगल सिंह की धर्मपत्नी एवं स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की बड़ी पुत्र- वधु है .

## टुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का धनबाद सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने किया औचक निरीक्षण



टुंडी : टुंडी प्रखण्ड के दुबराजपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में धनबाद के सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन ने औचक निरीक्षण करने पहुंचे जहाँ निरीक्षण के क्रम मे कुपोषित केंद्र, प्रसव कक्ष, लेबर रूम, ओपीडी इत्यादि की जांच की और 100% प्रसव अस्पताल में स्वास्थ्य सहिया के सहयोग से होने चाहिए इसकी प्रयास हों टीकाकरण का लक्ष्य बढ़ाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपस्थित चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर श्रवन कुमार से विभिन्न व्यवस्था को लेकर जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए । मौके पर मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर विकास राणा, बीपीएम सतीश सुमन, डाक्टर प्रभात मुखर्जी, फार्मासिस्ट बिजय राज पाण्डेय, रियाज अंसारी, लेखापाल अशोक कुमार, अस्पताल प्रबंधक मिथुन दुबे, श्रवण चन्द्रवंशी उर्फ बीट्टू, भोला सिंह, एएनएम ब्रजशीला कुमारी, शान्ति कुमारी, पुष्पलता कुमारी, स्नेहलता कुमारी, मीनू कोटाल्ल, सिन्टु कुमारी इत्यादि उपस्थित रहे ।

## पुटकी के कंचन मैदान में ठनका गिरने से एक महिला की मौत दो घायल

धनबाद- पुटकी थाना अंतर्गत श्रीनगर ऊपर धौड़ा निवासी 36 वर्षीय महिला पूनम देवी की मौत मंगलवार की शाम 7 बजे ठनका गिरने से हो गई. साथ ही 2 अन्य महिलाएं भी उसके चपेट में आकर घायल हो गई. घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है की दिहाड़ी मजदूर लाल मोहन पासवान की पत्नी पूनम देवी ( मृतका ), ईश्वर पासवान की 48 वर्षीय लीला देवी एवं दिनेश पासवान की 35 वर्षीय पत्नी करुणा देवी एक साथ शाम करीब 7 बजे शौच के लिए पास के कंचन मैदान के समीप गई थीं. तभी तेज आंधी के साथ बज्रपात हुआ और ठनका गिरा जिससे तीनों महिलाएं इसकी चपेट में आ गई. महिलओं के हल्ला सुनकर आसपास के लोग वँहा पंहुंच गए.आनन फानन में तीनों महिलओं को इलाज के लिए धनबाद के एसएनएमसीएच ले जाया गया जहां जाँच के दौरान चिकित्सकों ने पूनम देवी को मृत घोषित कर दिया. जबकि दो अन्य महिलाओं का अभी अस्पताल मे इलाज चल रहा हैं

## बांधडीह उच्च विधालय में छात्र–छात्राओं के बीच प्रतियोगिता का आयोजन

जैनामोड़ : बांधडीह उच्च विद्यालय में छात्र-छात्राओं के बीच मतदाता जागरूकता को शत-प्रतिशत कराने के लिए विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रंगोली बनाओ, पोस्टर लिखो, स्लोगन, मेहंदी प्रतियोगिता हुई आयोजित । अपने अपने विधालय के छात्र-छात्राओं को शामिल कराया ।विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा बढ़ चढ़कर भाग लिया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो , अंचल अधिकारी रितुराज एवं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी वर्मा के द्वारा पुरस्कृत किया गया। विदित हो कि 25 मई 2024 को जरीडीह प्रखंड में मतदान निर्धारित है एवं मतदाताओं के बीच प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता अभियान के लिए प्रशासन विभिन्न माध्यमों का सहारा ले रही है ।इस कार्यक्रम में सभी बूथों पर बूथ अवेयरनेस ग्रुप , बूथ स्तर पर सभी बीएलओ, सेविका, सहायिका, स्कूली शिक्षक, पंचायत प्रतिनिधि एवं क्षेत्र के मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है । ताकि शांति पूर्ण तरीके से मतदाताओं के द्वारा शत-प्रतिशत मतदान कराया जा सके.

# श्रमिक समस्या समाधान को लेकर क्षेत्रीय वेलफेयर समिति की बैठक संपन्न

उज्जवल दुनिया



बेरमो : बेरमो अनुमंडल अंतर्गत सी सी एल कथारा क्षेत्र के विभिन्न श्रमिक कॉलोनीयों की दशा सुधारने ,कार्यालय में सुधार करने, उत्पादन बढ़ाने सहित विभिन्न सर्विस समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया । जिसकी अध्यक्षता क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता तथा संचालन व धन्यवाद ज्ञापन सूर्य प्रताप सिंह ने की । उक्त बैठक में विभिन्न विभागध्यक्ष के अलावा विभिन्न ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि गण शामिल थे। महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में आयोजित क्षेत्रीय वेलफेयर समिति की बैठक में उठाए गए विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने कहा कि यूनियन मजदूर समस्याओं के साथ-साथ क्षेत्र के उत्पादन तथा उत्पादकता को लेकर होने वाले कमियों के प्रति यदि इसी प्रकार प्रबंधक का ध्यान आकृष्ट कराते रहेगे तो निश्चित ही कथारा क्षेत्र अपने स्वर्निंम काल को प्राप्त होगा । इस अवसर पर क्षेत्रीय कल्याण समिति सदस्य समशुल हक ने कथारा क्षेत्रीय अस्पताल में शौचालयों की बदतर हालात ,अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा में कमियाँ, कॉलोनी के गारवेज कि सफाई, नालियों की मरम्मती आदि का सवाल उठाया।

वहीं पी के जायसवाल ने श्रमिक कॉलोनी मे पेयजल व्यवस्था करने तथा श्रमिकों के आवासो की मरम्मती मे बरते जाने वाले भेदभाव को दूर करने की मांग की । वहीं नवीन विश्वकर्मा ने वर्ष 2010 से वाशरी खेल श्रमिकों का लंबित कोटी भुगतान करने की मांग की, इकबाल अंसारी ने कहा कि जर्जर आवासो को ऑक्शन के माध्यम से ध्वस्त करने तथा वहां पुनः नए आवासों का निर्माण कर कामगारों को उपलब्ध कराने की मांग की। इसी तरह सभी ट्रेड यूनियन के लोगों ने सभी समस्याओं को लेकर अपनी अपनी बातों को रखा। इस मौके पर उपस्थित कथारा के महा प्रबंधक डीके गुप्ता, एस ओ पी जयंत कुमार, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजेश कुमार, क्षेत्रीय असैनिक प्रबंधक संजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एम एन राम, प्रभारी क्षेत्रीय पदाधिकारी विद्युत एवं यांत्रिक मोहन कुमार, सी एस आर अधिकारी चंदन कुमार, ने भी श्रमिक समस्या समाधान को लेकर प्रबंधन द्वारा सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर समसुल हक, पीके जायसवाल, नवीन कुमार विश्वकर्मा, अकबाल अहमद, कमलेश गुप्ता, अनूप सोवाई, कामोद प्रसाद आदि उपस्थित है.

## महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती दिवस समारोह ऐतहासिक होगा धनबाद जिले में :अमन सिंह




- चिरकुंडा के श्रम कल्याण केंद्र मे 9 मई को आयोजित क्षत्रिय सम्मेलन

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। महाराणा प्रताप की 484 वीं जयंती दिवस समारोह चिरकुंडा स्थित श्रम कल्याण केंद्र में 9 मई को भव्य आयोजन की तैयारियों को लेकर राजपूत एकता मंच के सदस्य जोर शोर से लगे हुए है। मंच के सदस्यों द्वारा डोर टू डोर जाकर निरसा विधानसभा क्षेत्र के निरसा,पंचेत, मैथन,कुमारधुबी,चिरकुंडा,मुगमा, बेलचाड़ी,खुदिया फाटक आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर समाज के गणमान्यों व बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जा रहा है । वही मंच द्वारा राजपूत समाज के लोगों को जोड़ने के लिए लिंक भी शेयर किया गया है। मंच के अमन सिंह ने बताया कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जी के जयंती पर क्षत्रिय समाज को मजबूती प्रदान करने को लेकर क्षत्रिय सम्मेलन किया जा रहा है । अपने मान सम्मान की रक्षा के लिए धनबाद जिले में क्षत्रिय आज भी सक्षम है परंतु आपसी एकजुटता की कमी के कारण हमें समाज की अंतिम पंक्ति में धकेलने का काम किया जा रहा है । इसे राजपूत समाज बर्दाश्त नहीं करेगा । क्षत्रिय सम्मेलन में इसपर विस्तार पूर्वक चर्चा की जाएगी । समाज के गणमान्यों व बुद्धिजीवियों से उनका विचार लिया जाएगा। यह सम्मेलन पूरे घनबाद जिले के लिए ऐतहासिक होगा ।

## बगोदर में भाजपा चुनावी कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**सरिया :** बगोदर सरिया रोड स्थित भाजपा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन विधिवत रूप से बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने फीता काट कर किया। मौके पर पूर्व विधायक ने उपस्थित कार्यकर्ता को कहा की देश की सर्वांगीण विकास एवं भारत के विश्व गुरु बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट दिलाने के लिए सभी कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर कार्य करें। वहीं आगामी 16 मई को प्रस्तावित कार्यक्रम पीएम आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी का बिरनी प्रखंड के पेशम में होने जा रहा है। इसी विषय को कार्यक्रम कैसे सफल हो इसी लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा निर्देश दिए।मौके पर विधानसभा प्रभारी श्री हरीश श्रीवास्तव, जिला सांसद प्रतिनिधि श्री भुवनेश्वर पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा,आशीष बॉर्डर,मंडल अध्यक्ष अशोक सोनी, राजू सिंह,जगदीश महतो, जितेंद्र महतो,रवि सिंह,दीपू मंडल,सुधीर सिंह, गोल्डेन जयसवाल,महेंद्र मंडल, सोनू सिंह ,बीरू सिंह, संजय चौरसिया सहित अन्य लोग मौजूद रहें।..

# एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**गिरिडीह** = गांडेय विधानसभा क्षेत्र से एनडीए के भाजपा प्रत्याशी दिलीप वर्मा का क्षेत्र भ्रमण मे दिख रहा है ग्रामीणों में जोश व उत्साह।गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आगमन पर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने फूल माला एवं बुके देकर गर्म जोशी के साथ जोर दार तरीके से स्वागत किया।इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं। वही एनडीए गठबंधन के सभी कार्यकर्ताओं ने एक शुर में कहा की हम सभी कार्यकर्ता एनडीए के प्रत्याशी दिलीप वर्मा के साथ हैं7 मौके पर गांडेय मंडल के गांडेय बाजार में विधानसभा प्रधान कार्यालय में एक सामूहिक बैठक रखी गई जिसमें हमारे सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।।वही कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवध तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।इस दौरान दिलीप वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से मुलाकात, परिचय प्राप्त करते हुए कहा की इन्हीं के प्यार और आशीर्वाद से हम आगे बढ़ रहे हैं।साथ ही साथ कोवाड़ मोड में कोडरमा लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के चुनाव कार्यालय का विधिवत तरीके से उद्घाटन किया गया साथ में सभी गणमान्य कार्यकर्ता गण उपस्थित थे, वही पर जनता और युवा साथियों से मुलाकात भी किया।और ग्राम रघुसिंघा ,पंचायत अलगुंदा, ग्राम घोषासिंघा ,पंचायत अलगुंदा,ग्राम बंशीडीह पंचायत लेदा ,ग्राम गादी पंचायत लेदा में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया।जनसंपर्क अभियान में भी जनता जनार्दन से मुलाकात हुई।.

## एक-नजर

### विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता ने लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**गिरिडीह :** विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता ने बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर पूरे झारखंड मे मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे है। राष्ट्रहित मे 100त्न मतदान करने का आग्रह लेकर नगर मे कार्यकर्ताओं से सम्पर्क कर रहे है। गिरिडीह लोकसभा झेत्र मे विश्व हिन्दू परिषद के जिला सहमंत्री शिवपुजन कुमार महतो बैठक कर शत प्रतिशत मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अमित सिन्हा , विकास अग्रवाल, सावन कुमार, उमेश पंडित आदि महिलाए शामिल थी.।

### इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन द्वारा जल संरक्षण जागरूकता अभियान

**गिरिडीह** = इनर व्हील क्लब गिरिडीह सनशाइन इनर व्हील के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष में बुधवार को 100 लोगों के लिए होने वाले प्रोजेक्ट की श्रृंखला में दसवां कार्यक्रम किया। 100 लोगों के बीच घड़ा और जल दान किया। साथ में जल संरक्षण और जल्द से संबंधित स्लोगन के साथ करीब 150 महिलाओं को लेकर एक रैली निकाली जिससे यह संदेश दिया गया की जल का बचाव करना धरती को सुरक्षित करने के लिए जरूरी है पीने के पानी की स्वच्छता बहुत जरूरी है साथ ही जल दान से बड़ा कोई दान नहीं है ऐसा संदेश देते हुए हमारे क्लब की करीब 20 सदस्यों और चंदनडीह गांव की डेढ़ सौ महिलाओं ने मिलकर जो रैली निकाली उससे आसपास के गांव के सभी लोग बहुत प्रभावित हुए। सभी को समोसा अंगूर भी बांटा गया। इस मौके पर प्रेसिडेंट सुमन गौरी सरिया पीडीसी पूनम सहाय पास्ट प्रेसिडेंट रंजना बगेड़िया वाइस प्रेसिडेंट सोनाली तार्व आइसो स्मृति आनंद जसमीत कौर जूली सहाय पायल गुड़गुटिया रश्मी गुप्ता सुनीता शर्मा समेत कई मेंबर उपस्थित थे।

### पंचायत खुखरा में युवा आजसू विधानसभा प्रभारी केशव पाठक की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न ।

**मधुबन(गिरिडीह)** पीरटांड़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खुखरा में युवा आजसू पीरटांड़ प्रखंड के सभी पंचायत प्रभारियों की आवश्यक बैठक युवा आजसू विधानसभा प्रभारी केशव पाठक की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई। जिसमें 17 पंचायत के सभी पंचायत प्रभारी,सह प्रभारी बैठक में उपस्थित हुए। बैठक में पंचायत प्रभारियों के दायित्वों का बोध कराया गया। सभी पंचायत प्रभारियों को जिम्मेवारी दी गई कि एक सप्ताह के अंदर सभी राजस्व ग्राम में ग्राम प्रभारी का गठन कर प्रत्येक ग्राम से 10-10 युवा को जोडकर सुचीबध्द करना है। इसके पश्चात् विधानसभा स्तरीय युवाओं का एक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा, जिसमें पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सह पुर्व उपमुख्यमंत्री माननीय सुदेश कुमार महतो सम्मेलन को संबोधित करेंगे। बैठक में सभी पंचायत प्रभारियों के अतिरिक्त मुख्य रूप से माननीय सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के पुत्र पीयूष चौधरी एवं युवा राज्य संयोजक अमित कुमार, प्रखंड अध्यक्ष मेराज आलम, सचिव प्रकाश पंडित, संगठन सचिव तिलकचंद सीसी मिश्रा आदि उपस्थित थे।

बैठक में एन डी ए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को पीरटांड़ प्रखंड में विगत लोकसभा चुनाव में प्राप्त मतों को बढ़ाकर मतदान अपने केला छाप पर करवाने का संकल्प लिया।

### बिरनी सीओ ने पीएम के कार्यक्रम स्थल से ईंट भट्ठों को हटाने के लिए नोटिस जारी किया

**बिरनी/गिरिडीह :** आगामी कोडरमा लोकसभा चुनाव को लेकर बिरनी प्रखंड के आडवार मैदान पेशम गांव खाता न0 एक प्लाट न0221 व खाता न0 99 प्लॉट न0 222 है जिसका रकवा लगभग 15 एक? है जिसमे पंद्रह मई को पीएम नरेंद्र मोदी की सभा होगी।ओर इस स्थल पर कई लोगो द्वारा ईट भट्ठा लगाया है ।इसलिए सभी लोगो को ईट भट्ठा हटाने को लेकर बिरनी अंचलाधिकारी सारांश जैन ने नोटिस जारी किया है जिसमे मुख्य रूप से डेगन चौधरी जगदीस प्रसाद वर्मा शंकर महतो किशुन महतो मन्नू महतो नकुल वर्मा भीम वर्मा सुगदेव महतो परमेश्वर चौधरी व अरुण प्रसाद वर्मा का नाम शामिल हैं।

### चंद्र प्रकाश चौधरी ने भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओ के साथ गादीश्रीरामपुर,यशपुर ,पुरनानगर पंचायत के विभिन्न गांवो का दौरा किया

**गिरिडीह :** गिरिडीह लोकसभा चुनाव के क्रम गिरीडीह विधानसभा पूर्वी भाग मंडल मंडल अंतर्गत एन डी ए प्रत्याशी श्री चंद्र प्रकाश चौधरी एवं भाजपा व आजसू कार्यकर्ताओ के साथ मंडल अध्यक्ष श्री राजेश गुप्ता के अध्यक्षता मे गादीश्रीरामपुर,फुलची,यशपुर ,पुरनानगर पंचायत के विभिन्न गांव जैसे पुरनानगर,गादीश्रीरामपुर,महेशमरवा,हजारीबाद, भरकठा, करमाटांड ,चुगंलो, यशपुर,पीपराटांड, चुंजका,टीकोडीह आदि गांवों मे बैठक के माध्यम से जनसंपर्क करते हुए मोहनपुर पंचायत के तुरूकडीहा मे महिला मोर्चा द्वारा आयोजित बैठक मे गिरीडीह लोकसभा चुनाव ओ बी सी मोर्चा प्रभारी के दायित्व मे शामिल हुए, जनसंपर्क में एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में काफी रूझान देखा गया,।

### व्यवहार न्यायालय गिरिडीह में आगामी 8 जून को मोटर वाहन दुर्घटना वाद हेतु विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

**गिरिडीह :** माननीय झालसा, रांची के निर्देशानुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री मनोज प्रसाद के मार्गदर्शन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश नवम राजेश कुमार बग्गा के नेतृत्व में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से आगामी 8/6/2024 को मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित मामलों के लिए आयोजित किए जाने वाले विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर गिरिडीह में किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री राजेश कुमार बग्गा ने कहा कि मोटर वाहन दुर्घटना वाद में दिशा निर्देशों का अनुपालन विभिन्न स्तरों पर किए जाने से मोटर वाहन दुर्घटना वाद से संबंधित पक्षकारों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जा सकता है तथा अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन हो सकता है। इस लोक अदालत में पक्षकारों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने के लिए सभी को मिल जुल कर कार्य करने की आवश्यकता है। इसमें बीमा कंपनी के अधिकारियों की अहम भूमिका हो जाती है। इस विशेष लोक अदालत में गिरिडीह न्याय मंडल से मोटर वाहन दुर्घटना वाद संबंधित मामलों का अधिक से अधिक निष्पादन कर पक्षकारों को इसका त्वरित लाभ प्रदान किया जा सके। कार्यक्रम में सभी बीमा कंपनियों के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्रीमति सोनम बिश्नोई के द्वारा किया गया।

### व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी/मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का किए निरीक्षण, दिए कई जरूरी दिशा निर्देश

**गिरिडीह :** लोकतंत्र आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त आज व्यय प्रेक्षक ने एमसीएमसी /मीडिया कोषांग व विभिन्न कोषांग का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया तथा सभी संबंधित अधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कोषांग में प्रतिनियुक्त अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की तथा उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने एमसीएमसी कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की तथा कई दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर सभी पंजी की जांच की। इस दौरान नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

## सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया

**गिरिडीह अमित सहाय :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त बुधवार को एनआईसी सभागार में 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जहां सामान्य प्रेक्षक, जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा अभ्यर्थियों की उपस्थिति में ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा किया गया। आवंटित ईवीएम का बूथ टैगिंग के साथ द्वितीय रेंडमाइजेशन में किया गया। इस अवसर पर उपरोक्त के आलावा नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग तथा उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।




गौरतलब है कि ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन का कार्य पूरा कर लिया गया है और ईवीएम को आवंटित बूथ के हिसाब से टैग किया गया है। बता दें कि लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 05 कोडरमा लोकसभा का मतदान 20 मई तथा 06 गिरिडीह लोकसभा आम चुनाव का मतदान 25 मई 2024 को होना है। इसके साथ ही 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि 20 मई है। इसी के निमित्त सभी आवश्यक तैयारियां को सुदृढ़ किया गया है। ताकि अधिकाधिक संख्या में मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा सकें।.

## स्वैच्छिक रक्तदान करते रहें ताकि थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों की जिंदगी निरन्तर चलती रहे।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर गिरिडीह सदर अस्पताल में आए थैलेसीमिया ग्रसित बच्चों के बीच श्रेय क्लब की टीम ने चॉकलेट, बिस्किट एवं अल्पाहार का वितरण किया। इस कार्य हेतु क्लब के सक्रिय सदस्य अवनीश सिन्हा, विशाल कुमार एवं रक्त अधिकोष के एजाज अहमद ने आपसी सहयोग कर उक्त सामग्री उपलब्ध करवाई एवं बच्चों में वितरित किया।

ज्ञात हो कि गिरिडीह में डेढ़ सौ से ज्यादा थैलेसीमिया ग्रसित बच्चे हैं जिन्हें हर माह एक से दो यूनिट रक्त की आवश्यकता पड़ती है। इन बच्चों के लिए अलग-अलग



संस्थाओं के साथ श्रेय क्लब भी निरंतर 20 वर्षो से रक्तदान का कार्य कर रही है ताकि इन बच्चों की जिंदगी बची रहे। आज गिरिडीह सदर अस्पताल आए सभी बच्चों को रक्त केंद्र से रक्त उपलब्ध हुआ। अल्पाहार वितरण के बाद श्रेय क्लब के सचिव रमेश यादव ने गिरिडीह के लोगों से अपील किया कि स्वैच्छिक रक्तदान करते रहें ताकि इन बच्चों की जिंदगी निरन्तर चलती रहे।

## सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में वर्ग 11 में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** सर जे सी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय में वर्ग 11 में नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। वर्ग 11 में नामांकन हेतु विद्यालय में अवस्थित एडमिशन हेल्प डेस्क से नामांकन फार्म प्रातः 7=00 से 11=00 बजे तक प्राप्त किया जा सकेगा। जिसके प्रभारी सहायक शिक्षक श्री कमलेश तिवारी और कार्यालय सहायक श्री अमरेश कुमार बनाए गए है।

वर्ग एकादश के तीनों संकायों में जिलावर आरक्षण रोस्टर पर लिया जाएगा नामांकन ।

विज्ञान संकाय में 120, कला संकाय में 180 और वाणिज्य संकायों में 120 विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा जिनकी मेधा सूची जिला आरक्षण रोस्टर के तहत मैट्रिक में विद्यार्थी द्वारा प्राप्तांक के



आधार पर तय किया जाएगा। तीनों संकायों के लिए अलग-अलग मेधा सूची बनाई जाएगी। प्राचार्य ने झारखंड शिक्षा परियोजना के प्रशासी पदाधिकारी श्री जयंत मिश्रा के निर्देश के आलोक में यह जानकारी दी। विद्यालय में उच्च योग्यता धारी प्रशिक्षित शिक्षक और शिक्षिकाएं हरा भरा और स्वच्छ परिसर पीने के लिए स्वच्छ फिल्टर और ठंडा जल, सभी वर्ग कक्ष स्मार्ट क्लास इंटरनेट फैसिलिटी के साथ विशाल कंप्यूटर लैबोरेट्री फिजिक्स केमिस्ट्री बायोलॉजी का आधुनिक वैज्ञानिक प्रयोगशाला इंटीग्रेटेड साइंस लैब, 24 घंटे बिजली की सुविधा, 24 घंटे सुरक्षा गार्ड व्यवस्था एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ-साथ सह गामी क्रियाओं का निरंतर आयोजित ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सरिया :** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के तहत सरिया कॉलेज के स्वयंसेवकों के द्वारा सरिया के सुधार भर्ती ग्रामीण इलाकों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने हरी झंडी दिखाकर इस बस को रवाना किया।

अभियान सरिया प्रखंड के पूर्वी जॉन के मोकामा पंचायत , कोयरीडीह पंचायत और पुरनीडीह पंचायत के विभिन्न गांव में चलाया गया । सरिया कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने जुलूस के शक्ल में रैली निकाली गई।

विद्यार्थियों की अलग-अलग टोली बनाकर मोकामा पंचायत के आदिवासी टोला कारी पहरी के आदिवासियों को वोट देने के लिए जागृत किया। वही कोयरीडीह मुख्य बाजार में उपस्थित ग्रामीण व दुकानदारों को भी मतदान में




भाग लेने के लिए प्रेरित किया। पुरनीडीह पंचायत के मुस्लिम मोहल्ला में घर-घर जाकर वोट देने के लिए ग्रामीणों से अपील की।इस मौके पर विद्यार्थियों ने लोकतंत्र में वोट करना जरूरी है, पहले मतदान फिर जलपान, इस बार 80 पार जैसे नारेबाज़ी कर रहे थे।

इस मौके पर प्रो अरुण कुमार, राष्ट्रीय साक्षरता क्लब के प्रो आशीष कुमार सिंह ,डॉ श्वेता, प्रो चायरा निशा इंद, लेखपाल सीताराम सुमन, तनुश्री कुमारी, शिल्पी कुमारी, चांदनी कुमारी, रिंकी कुमारी, पिंकी कुमारी रजनी कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रीति कुमारी, मुस्कान कुमारी, कल्पना कुमारी,मंयक सुमित काफी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## आरागारो से बांग्लासोत जाने वाले रास्ते में बना पुल एवं सड़क व दोनों साइड गढ़वाल क्षतिग्रस्त

**गांवा :** गांवा प्रखंड के बादीडीह पंचायत के ग्राम आरागारो मे आरागारो से बांग्लासोत जाने वाले रास्ते में महज दो महीने ही हुए पुल एवं सड़क के दोनों साइड गढ़वाल बनने में पहली ही बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया। जिसे लेकर ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाए हैं ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इसे बनाने का मांग की है एवं लिखित आवेदन देने की बात कही। बादीडीह के उप मुखिया ने बताया कि कुछ महीने पहले ही इस पुल का निर्माण हुआ है ,और हल्के से पानी में दोनों साइड का गढ़वाल एवं रोड क्षतिग्रस्त हो गया है, और पानी की धारा से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गया है,उन्होंने जल्द ही जिला प्रशासन एवं अंचल पदाधिकारी से इसे मरम्मत करने की बात किया है



जिससे यहां के ग्रामीणों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़े एवं जाल माल की छती ना हो। यहां से प्रतिदिन सैकड़ो वाहनों का आना-जाना लगा हुआ रहता है एवं कई जानवरों का इसी पुल से अपने जंगल की ओर चरने के लिए जाते हैं। जिससे हमेशा आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द से बनाने की मांग की है। मौके पर उपस्थित उप मुखिया एवं दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नाम स्थानीय लोगों ने दिया आवेदन

### नगरी दुर्गामंदिर के सामने जर्जर हुए डीश,कप एवं एंगल बदलने का मांग

**डुमरी**= नगरी के दर्जनों ग्रामीणों ने बुधवार को बिजली विभाग के मुख्य अभियंता के नाम स्थानीय विभागीय कार्यालय में आवेदन देकर नगरी दुर्गामंदिर के सामने जर्जर हुए डीश,कप एवं एंगल बद?लने की मांग की है ताकि किसी दुर्घटना के घटित होने से बचा जा सके। आवेदन में लिखा है कि नगरी दुर्गा मंदिर के सामने लगा ट्रांसफार्मर के ऊपर लगा डीश,कप व एंगल पूरी तरह से जर्जर स्थिति में है जो बिजली काटने के क्रम में पूरी तरह विद्युत प्रवाहित हो जाता है और बिजली भी पूरी तरह नहीं कटता है।साथ ही नगरी दुर्गा मंदिर से नगरी शिवमंदिर तक बिजली का तार भी पूरी तरह जर्जर स्थिति में है



जो आये दिन टूटते रहता है।लिखा है की इस समस्या को संज्ञान लेकर शीघ्र डीश,कप व एंगल तथा तार बदलने की दिशा में पहल किया जाये। इसके पूर्व झारखंड एकता किसान मजदूर युनियन के केन्द्रीय अध्यक्ष गंगाधर महतो,सुभाष पंडित,विद्याधर पाठक,मदन मोहली,रबिन्द्र कुमार,उमेश ठाकुर,प्रीतम

पांडेय नगरी पहुंच ग्रामीणों की उक्त बिजली समस्या से अवगत हुए एवं विभागीय पदाधिकारी को दुरभाष पर समस्या की जानकारी देते हुए उसके निदान हेतु आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।आवेदन पत्र में रुपलाल ठाकुर,सीताराम ठाकुर,अजय कुमार साव, रामेश्वर मंडल,सुरेंद्र कुमार साहू,जानकी मंडल,शिव कुमार,दीपक रंगरेज,कृष्णदेव साव,टुपलाल साव,दीनू तुरी,राजा साव,ईश्वर तुरी,राहुल ठाकुर,रिंकु साव,विनोद मंडल,नारायण सिंह,सुनीता देवी,सोनी देवी,मीरा देवी, विजय कुमार पांडेय,किरण देवी,कुसुम देवी,मुनिया देवी,बबीता देवी,पार्वती देवी,जुली देवी आदि दर्जनों लोगों के हस्ताक्षर है।.

# घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने की शिकायत



उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः बरहरवा से हिरणपुर तक पीडब्लूडी योजना अंतर्गत बनने वाली सड़क में घोर अनियमितता बरती गई है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने हिंदी दैनिक अखबार उज्ज्वल दुनिया के संवाददाता के सामने अपनी परेशानियों को रखा। इसको लेकर महबतपुर के ग्रामीणों ने अखबार के संवाददाता के माध्यम से घटिया सड़क निर्माण के उच्च स्तरीय मांग की सिफारिश की। वही ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में अलकतरा की जगह पानी छिड़का जा रहा है और सही से रोलिंग भी नहीं की गई है। जहां हल्की बारिश में ही सड़क का ऊपरी सतह उखाड़ना शुरू हो गया है। उधर अखबार के माध्यम से एग्जीक्यूटिव को फोन किया गया जहां मौके पर एग्जीक्यूटिव आए तथा उन्होंने ग्रामीणों की परेशानियों को सुना तथा आश्वासन दिया कि मामले पर पूरी तरह से जांच पड़ताल की जाएगी तथा जो भी दोषी होंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा।

# बड़तल्ला निवासी महिला का अर्धनग्न शव संतवन बहियार से पुलिस ने किया बरामद, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः मिजाचौकी थाना क्षेत्र के बड़तल्ला निवासी महिला रेणु देवी 32 वर्ष की निर्मम तरीके से हत्या करने के बाद उसका शव हाजीपुर दियारा के संतवन बहियार के मकई के खेत से मुफस्सिल थाना व बाखरपुर थाना के सहयोग से काफी खोजबीन करने के बाद अर्धनग्न अवस्था में बरामद किया है। उधर महिला के शव को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि महिला का कि- सी ने बेरहमी तरीके से निर्मम हत्या करने के बाद फेंक दिया है। उधर घटनास्थल पर पहुंचे बाखरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम करने के लिए अपने साथ लेकर चली गई। वही मृतिका रेणु देवी की माँ सीता मोसमात व पुत्री स्वानी कुमारी ने बताया कि उसकी मां दिल्ली में रहकर मजदूरी का काम लगभग दो वर्षो से किया करती थी। वही हाजीपुर दियारा के रहने वाले अरविंद पासवान जोकि वहां रहकर ट्रैक्टर चलाने का काम किया करता था। उधर मृतका महिला अपने बच्चों के साथ पिछले दिनों चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर दिल्ली से मिजाचौकी स्थित अपने मां के घर आई हुई थी। वही दिल्ली में रहकर ट्रैक्टर चलाने वाले अरविंद पासवान के साथ उसका पिछले कुछ समय से बातचीत व संपर्क में रहती थी जहां हाजीपुर दियारा के रहने वाले युवक भी अपने घर आया हुआ था। उधर मंगलवार को शाम के समय युवक ने फोन करके उसकी मां को हाजीपुर दियारा अपने घर बुलाया था जिसके बाद से ही मृतका महिला रेणु देवी अपने घर लौटकर नही आई। उधर जब मृतका महिला के परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की जिसके बाद बुधवार दोपहर के करीब थाना की पुलिस के सहयोग से उसका शव मकई के खेत से बरामद किया गया। वही इस घटना के बाद से ही हाजीपुर दियारा निवासी युवक अरविंद पासवान व उसके सभी परिजन अपने घर से फरार हैं। यहां आपको बता दें कि मृतका महिला रेणु देवी की शादी पहले पटना के रहने वाले विक्की मंडल नामक व्यक्ति के साथ हुआ था जिसने रेणु देवी को बहुत पहले ही छोड़ दिया था जिसके बाद महिला अकेली ही अपने तीनों बच्चों को साथ लेकर दिल्ली में मजदूरी किया करती थी। उधर मृतका महिला के परिजनों व बच्चों ने हाजीपुर दियारा निवासी युवक के ऊपर उसकी निर्मम तरीके से हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर मृतका महिला रेणु देवी अपने पीछे एक पुत्र विकास कुमार (8) वर्ष व दो पुत्री स्वानी कुमारी 12 वर्ष व शिवानी कुमारी 10 वर्ष को छोड़कर इस दुनिया से चल बसी है। उधर इस घटना के बाद से परिवार में मातम सा पसर गया है एवं सभी का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल बाखरपुर थाना क्षेत्र की पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।





# शादी की नियत से घर से भागी लड़की को बरहेट पुलिस ने किया बरामद, मेडिकल जांच के लिए लेकर आई सदर अस्पताल




साहिबगंजः बरहेट थाना क्षेत्र के एक गांव से पिछले दिनों शादी की नियत से घर से भागी लड़की को बरहेट पुलिस ने सकुशल बरामद करने के बाद बुधवार को उसका मेडिकल जांच करवाने के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां सदर अस्पताल में लड़की का मेडिकल जांच करवाने की प्रक्रिया में बरहेट पुलिस जुटी हुई थी। उधर सदर अस्पताल में लड़की का मेडिकल जांच करवाने के बाद पुलिस उसे अपने साथ आगे की कार्यवाही करने के लिए साथ लेकर चली गई। इसको लेकर लड़की के साथ आए पुलिसकर्मी ने बताया कि मामले को लेकर बरहेट थाना में कांड संख्या 49/24 दर्ज कराई गई है जिसके आलोक में लड़की का मेडिकल जांच कराया जा रहा है।

# बिना माइनिंग चालान एवं ओवरलोडिंग पांच वाहन धराया

मंडरोः मिजाचौकी थाना प्रभारी रोहित कुमार ने मंगलवार देर रात अवैध परिवहन के खिलाफ ताबड़तोड़ छापेमारी करते हुए बिना माइनिंग चालान एवं ओवरलोडिंग कुल पांच वाहन को सीज कर कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग को पत्राचार किया है। बताते चले की उक्त कार्रवाई को लेकर पत्थर माफियाओं के साथ साथ बिना माइनिंग चालान के लोडिंग देने वाले क्रशर मालिकों में हड़कंप मचा हुआ है। उधर अवैध परिवहन के खिलाफ हुई कार्रवाई को लेकर माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। इसको लेकर मिजाचौकी थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया कि अवैध परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगा और ओवरलोडिंग और बिना माइनिंग चालान के वाहन परिचालन करने वालों के खिलाफ निश्चित रूप से कार्यवाही होगी।

# निर्वाचन कार्य में प्रयुक्त होने वाले वाहनों के संग्रह स्थल का जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण



साहिबगंजः लोकसभा आम चुनाव 2024 के नामांकन प्रक्रिया उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त हेमंत सती ने वाहन कोषांग कार्यों की समीक्षा कर पोलिंग पार्टी के आवागमन हेतू पुलिस लाईन मैदान में बन रहे वाहन संग्रह स्थल का निरीक्षण किया गया। जहां निरीक्षण के क्रम में उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई तरह के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू, जिला परिवहन पदाधिकारी विष्णुदेव कच्छप, मोटर यान निरीक्षक, विजय गौतम उपस्थित थे।

# वृद्धा आश्रम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में प्राधिकार के सचिव सह वरीय सिविल जज बिश्वनाथ भगत ने शहर के धोबी झरना के समीप स्थित स्नेह स्पर्श वृद्ध आश्रम में विधिक जागरूकता और वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्राधिकार के सचिव ने वृद्धों को संबोधित करते हुए कहा की आप लोगों की सेवा के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार सदा उपस्थित है। आगे उन्होंने कहा की किसी कारण से आप लोग अपने परिवार को छोड़ कर यहाँ निवास कर रहे हैं परन्तु कदापि यह भाव आप लोगों के मन में नहीं आना चाहिए, बल्कि यहाँ पर रह रहे सभी लोग आपके परिवार के सदस्य ही हैं। वही कहा कि मैं आपका ही बेटा हूँ व आप ही लोगों से हमारा अस्तित्व है। जहां उन्होंने आश्रम में निवास कर रहे सभी वृद्धों की समस्या जानी और उसके निराकरण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित करने की बात कही। वही उन्होंने कहा की सरकार द्वारा वृद्धों के लिए चलाई जा सभी योजना का लाभ दिलाया जायगा। वही उन्होंने वृद्धों का आयुष्मान कार्ड यहीं पर शिविर लगाकर बनवाने की बात कही। उधर उन्होंने वृद्धजनों को उनके अधिकारों एवं भरण पोषण के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने मौजूद पीएलवी को सभी वृद्धों की जानकारी एकत्रित कर विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया जिससे कि उनके बेहतर भविष्य के लिए कार्यवाही की जा सके। उक्त कार्यक्रम में मुख्य लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविंद गोयल, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स कौंसिल ज्योति कुमारी, डीसीपीओ पूनम कुमारी, पैरा लीगल वालंटियर रेणुका कुमारी, शिला, दिलनवाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

# लालबथानी सरपंच टोला में गर्भवती महिला के साथ 4 लोगों ने की मारपीट, महिला हुई घायल




साहिबगंजः मुफस्सिल थाना क्षेत्र के लालबथानी सरपंच टोला में गर्भवती महिला रेहाना खातून पिता आजाद अली के साथ वही के रहने वाले 4 लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। जहां इस मारपीट की घटना में घायल महिला अपने अन्य परिजनों के साथ इलाज कराने के लिए सदर अस्पताल पहुंची जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा गर्भवती महिला का इलाज किया गया। वही इस मारपीट मामले को लेकर पीड़िता महिला ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र की पुलिस को लिखित आवेदन देते हुए दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन पत्र में पीड़िता महिला ने बताया कि गांव के ही रहने वाले नूर आलम पिता स्व. वाहेद अली, जियाउर रहमान, रबीउल एवं शमीम अख्तर सभी पिता नूर आलम ने उसके साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया है।

# रविंद्रनाथ टैगोर की मनाई गई 164 वीं जयंती समारोह

उज्जवल दुनिया संवाददाता



साहिबगंजः विश्व कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर की 164 वीं जयंती समारोह बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर के निकट रेलवे यूनियन कार्यालय में मनाई गई। जहां विश्व कवि की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं आए हुए सभी लोगों की उपस्थिति में माल्यार्पण व पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उधर मुख्य अतिथि के रूप में रेलवे के एईएन बेदव्यास ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर सार्जेंट संजय कुमार, स्टेशन मास्टर राजहंस पाठक, डॉ. ए. एन. चक्रवर्ती, डॉ. देवब्रत, सुधीर श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, चंदना साहा, रमेश राम, जयप्रकाश वर्मा और डॉ. रंजीत कुमार सिंह अध्यक्ष टेगोर विचार मंच और संपादक हिमांशु शेखर गुहा व अन्य ने माल्यार्पण किया। इस मौके पर एईएन वेद व्यास ने कहा कि वे कई वर्षों तक शांति निकेतन में रहे हैं और रवींद्रनाथ टैगोर के बारे में जितना भी कहूं कम है। वही विशिष्ट अतिथि संजय कुमार ने कहा कि वो एक हास्य कवि हूं, ऐसे कार्यक्रम में उपस्थित होना एक सौभाग्य जैसा है। इस दौरान उन्होंने कविता की कुछ पंक्तियों से सभी को हंसाने की कोशिश करते रहें। उधर जगन्मय मिश्र ने रवीन्द्रनाथ की तुलना समुद्र से की और उनके बारे में कुछ शब्द बोले और ह्ययदि कोई तुम्हारी पुकार न सुने..ह्न (यदि तोर डाक शुने केऊ ना आसे..) गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वही संपादक हिमांशु शेखर गुहा ने रवीन्द्रनाथ के नाइटहुड त्याग, लंदन यात्रा, गीतांजलि, नोबेल पुरस्कार आदि पर संक्षिप्त भाषणों के माध्यम से सभी भाषा भाषियों को उनकी विभिन्न भाषाओं में लिखी कविताओं, गीतों, उपन्यासों को जानने और पढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया। उधर टैगोर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने अपने भाषण में कहा कि हमें विश्व प्रसिद्ध लेखक, दार्शनिक, नोबेल पुरस्कार विजेता के रास्ते पर चलना चाहिए। हमें उनके सभी लेखों से प्रेरणा मिलती है। आगे उन्होंने रवींद्रनाथ के प्रकृति प्रेम का जिक्र करते हुए युवाओं से इस शुभ दिन पर दो पेड़ लगाकर उन्हें याद करने का आग्रह किया। वही अनुराग सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए समारोह का समापन किया। उधर समारोह के बाद शहर के सबसे पुराने और मशहूर पूर्व रेलवे हाई स्कूल में दो पौधे लगाए गए।

# वन कर्मियों पर हमला करने वाले बख्शे नहीं जाएंगेः डीएफओ

- वन विभाग व पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, मामला वनकर्मी के साथ मारपीट का



तीनपहाड़ः थाना क्षेत्र के चतराडीह गांव में पिछले दिनों पतौड़ा झील से मछली मारने से रोकने पर वनरक्षी के साथ हुई मारपीट मामले में बुधवार को वन विभाग व पुलिस विभाग ने डीएफओ मनीष तिवारी के नेतृत्व में गांव में फ्लैग मार्च निकाला। इस दौरान डीएफओ ने पूरे गांव में माइकिंग कर लोगों को जागरूक किया। जहां उन्होंने कहा कि पतौड़ा झील में मछली या किसी पक्षी का शिकार पूरी तरह प्रतिबंधित है ऐसा करने वालों व उन्हें समर्थन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं ड- ीएफओ ने कहा कि किसी भी वन कर्मी के साथ मारपीट करने, गाली गलौज करने वाले व उन्हें बंधक बनाने वालों को हर हाल में जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा।

# खदान मालिक के द्वारा केनल की जमीन पर अतिक्रमण कर मिट्टी फेका




उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखरः- पाकुड़ जिले के पत्थर खदान संचालक मेसर्स पाकु- ड़ मिनेरल्स के द्वारा साहिबगंज जिले के कोटालपोखर थाना क्षेत्र में बने नहर यानि केनल परियोजना के पटाल पर अतिक्रमण कर खदान की मिट्टी को फेंक रहे हैं जिससे बरसात में वह मिट्टी केनल पर गिरेंगे, जिससे नहर यानि केनल मिट्टी से भर जाएगी। उधर सिंचाई विभाग द्वारा केनल के दोनों ओर भविष्य की जरूरत के लिए पटाल के दोनों ओर जमीन सुरक्षित रखी जाती है। जिस समय केनल बनती है उसी दौरान अधिग्रहित जमीन का मुआवजा भी दिया जाता है लेकिन मेसर्स पाकुड़ मिनेरल्स पत्थर खदान संचालक के द्वारा मनमाने तरीके से इस समय केनल पर मिट्टी फेंकने का कार्य किया जा रहा है जिस पर आला अधिकारियों की नजर अब तक नहीं गई है। अगर इस पर समय रहते इस मामले पर अंकुश नहीं लगाया गया तो केनल बहुत जल्द मिट्टी से भर जाएगी फिर सरकारी योजना का कोई मतलब नहीं रहेगा।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




साहिबगंजः विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर सदर प्रखंड के अंजुमन नगर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में रेड क्रॉस सोसायटी के द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप एवं स्किल सेल एनीमिया की जांच का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ. अरविंद कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. विजय कुमार, सदस्य चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी बाबू, डॉ. तबरेज आलम, डॉ. श्रीजा कृष्णा, डॉ. सुमांत सिन्हा, डॉ. राजेश, डीपीएम हीना बर्नवाल, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की प्राचार्या एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# फुटानी मोड़ से अवैध रास्ता हुआ बंद तो अब कोटालपोखर से शुरू हुआ अवैध परिचालन

## मोटरसाइकिल से की जा रही है पुलिस व पदाधिकारियों की रेकीः सूत्र

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः- बीते दिनों राजमहल एसडीएम के निदेर्शानुसार बरहरवा अंचल क्षेत्र के फुटानी मोड़ चेकनाका के समीप अवैध परिचालन करने वाले माफियायों द्वारा जिला प्रशासन की आ- ँखों में धूल झोंककर अवैध परिचालन कराने हेतु एक गुप्त रास्ता बनाया था। जानकारी के मुताबिक उक्त गुप्त रास्ता मंगल सोरेन के जमीन होते हुए बनाई गई थी जिसके माध्यम से छह चक्का वाहन व ट्रैक्टरों द्वारा अवैध बिना माइनिंग चालान के प. बंगाल पत्थरों की तस्करी की जा रही थी जिसकी सूचना राजमहल एसडीएम कपिल कुमार को मिलने पर उन्होंने औचक छापेमारी कर कई वाहनों को धर दबोचा था। इस बाबत बरहरवा प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी सन्नी कुमार दास को सूचित करने के बाद गुप्त रूप से बनाए गए अवैध सड़क को ध्वस्त कर रास्ते को बन्द कर दिया गया है जो वर्तमान समय में बंद है, परंतु कहते है न चोर का चौरासी बुद्धि इसी सोंच के साथ अवैध परिचालन कराने वाले माफियायों द्वा- रा नए सिरे से कोटालपोखर थाना क्षेत्र से चोरी छुपे गुमानी, श्रीकुण्ड इत्यादि सड़क होते हुए अवैध परिचालन किया जा रहा है जो वर्तमान समय में धड़ल्ले से जारी है। वही गुप्त सूत्रों के अनुसार रोजना 20 से 30 छह चक्का,16 चक्का व ट्रैक्टर के माध्यम से अवैध परिचालन बिना माइनिंग चालान के माफियायों द्वारा परिचालन शुरू कर दी गई है। इस मामले पर कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान व बर- हरवा एसडीपीओ मंगल सिंह जमुदा व बरहरवा प्रभारी अंचलाधिकारी सन्नी कुमार दास ने छापेमारी कर कई वाहनों को जब्त कर कार्यवाही भी की है बावजूद इसके यह सिलसिला वर्तमान समय में जारी रखी जा रही है। उधर जगह जगह मोटरसाइकिल के माध्यम से पुलिस व पदाधिकारियों की रेकी भी की जा रही है और चकमा देकर ऐसे वाहनों को पास कराया जा रहा है।




ज्ञात हो कि कोटालपोखर थाना क्षेत्र में पदाधिकारियों की रेकी व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से की जा रही थी जिसको लेकर पुलिस ने पांच ग्रुप एडमिन पर प्राथमिकी भी दर्ज की थी परन्तु अब तक किसी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। ऐसे में पुनः स्थानीय माफियाओं द्वारा अवैध परिचालन का सिलसिला जारी कर दी गई है और वो भी उसी पैटर्न के साथ रेकी भी की जा रही है।

जहाँ चुनावी माहौल में पदाधिकारीगण चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पूर्ण कराने को लेक- र लगातार कार्य में व्यस्त है। वहीं अवैध परिचालन कराने वाले माफियायों द्वारा अपने मनसूबे को सफल बनाया जा रहा है जहां ऐसे मामलों में जिला प्रशासन को इस पर कड़ा रुख अपनाने की जरूरत है।

स्वामी वी.आई. एंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवम प्रकाशक मानवेन्द्र कुमार सिंह,द्वारा वृंदा मीडिया प्राइवेट लिमिटेड,प्लॉट संख्या-342,344 चिरौंदी-बोरया रोड,रांची-8 झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित, संपादकः विद्यालक्ष्मी (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, आरएनआई संख्या.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# लोस चुनाव : तीसरे चरण के बाद ही विपक्ष चारो खाने चित्त : योगी

कानपुर, (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले के समर्थन में चुनावी सभा की। उन्होंने कहा कि तीन चरणों के लोकसभा चुनाव सम्मपन्न हो गए हैं। चौथे चरण का चुनाव होने वाला है। रुझानों से स्पष्ट हो गया है कि भाजपा की सरकार बन रही है और विपक्ष चारों खाने चित्त हो गया है। वे इतना आहत हुए कि भारत विरोधी हरकतें करने लगे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक तरफ राम भक्त हैं तो दूसरी ओर राम द्रोही हैं। राम भक्त सच्चे राष्ट्र भक्त हैं। राम द्रोहियों का पतन निश्चित है। सीएम योगी ने कहा कि यह धरती क्रांतिकारियों की है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने अंग्रेजों के खिलाफ यहीं बिठूर से बिगुल फूंका था। यह चुनाव आम नहीं है। राम द्रोही कभी लोगों को जाति के नाम लड़ा रहे हैं तो कभी किसी पर। वे माफियाओं, अपराधियों को अपने गले का हार बनाएंगे। आतंकियों को बचाएंगे।



योगी ने कहा कि याद कीजिए 2004 से 2014 तक कांग्रेस की जब सरकार थी। उस सरकार के दौरान पिछड़ों का आरक्षण छीन कर मुस्लिमों को देने की बात की थी। उस समय भाजपा ने कड़ा विरोध किया। कांग्रेस को पीछे हटना पड़ा। रंगनाथ मिश्रा कमेटी के बाद सच्चर कमेटी की रिपोर्ट आई। ये विभाजन की राजनीति करने वाले हैं। भाजपा ने डटकर विरोध किया तब सच्चर कमेटी की रिपोर्ट लागू नहीं हो पायी। अब ये लोग सरकार बनने पर सच्चर कमेटी की रिपोर्ट लागू करने की बात कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के लोग खुद को पिछड़ों का हितैषी कहते हैं। कल्याण सिंह का निधन हुआ तो अखिलेश यादव के उनके लिए श्रद्धांजलि के एक शब्द भी नहीं निकले। माफिया के मरने पर अखिलेश यादव उसके घर तक पहुंच गए। योगी ने कहा कि इसीलिए मैं यहां आप लोगों को यह बताने आया हूं कि सपा कांग्रेस के लोग राम विरोधियों के साथ खड़े हैं। सपा सरकार में यहां तमंचे बनते थे। आज देश की सुरक्षा के लिए तोप बनेगी। यूपी के डिफेंस कॉरिडोर की बनी तोप बार्डर पर गरजेगी तो कहेंगे कि यह तोप यूपी में बनी है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा सुनिश्चित कर दी है। योगी ने सवाल के लहजे में कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनवा पाते। माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई कर पाते क्या? यह लोग माफियों के साथ खड़े होने वाले हैं, लेकिन हमें विरासत का सम्मान करना है। विकास करना है। हम भी इसमें अपने एक वोट से सहभागी बन सकते हैं। उपस्थित जनसमूह से हामी भरवाई कि विरासत और विकास का पहिया साथ-साथ चलेगा। 13 मई को मतदान होना है। आप सब लोग पीएम मोदी का प्रतिनिधि बन जाइए। उन्हें बताएं कि कमल वाली बटन दबाने से आपका वोट सीधे मोदी को जाएगा। जनसभा को यूपी विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना, उम्मीदवार देवेन्द्र सिंह भोले समेत अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया।

## भाजपा ने विकसित भारत के विजन पर चुनाव लड़ा : मुख्यमंत्री साय

रायपुर, (एजेंसी)।मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांग्रेस नेताओं के चुनावी अभियान पर अब निशाना साधा है। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर उन्होंने आज (बुधवार ) लिखा है कि - जहां भाजपा का पूरा चुनाव अभियान ह्यविकसित भारतह्ण के विजन को लेकर था, वहीं मुद्दा विहीन कांग्रेस विशेष कर भूपेश बघेल , महंत जैसे नेताओं ने सिर्फ झूठ और बदजुबानी को ही अपना ध्येय बना लिया था।



मुख्यमंत्री ने कहा है कि इन लोगों ने संविधान और आरक्षण पर लगातार भ्रम फैलाने की कोशिश की। लगातार फर्जी वीडियो वायरल किया, यहां तक कि ह्यमोदी की गारंटीह्ण के तहत हमारी सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बंद होने की झूठी अफवाहें भी ये फैलाते रहे। उनके नफरत का यह हाल रहा कि हम आदिवासियों के खान-पान तक का उपहास करने जैसी नस्लीय टिप्पणी तक करने से बाज नहीं आए। संतोष की बात यह है कि जितना ये कीचड़ फैलाते गये, कमल उतना ही खिलता गया। प्रदेश की जनता-जनार्दन हर ऐसे कृत्य का जवाब देती रही। छत्तीसगढ़ में सभी सीटों पर मतदान पूर्ण होने के बाद यह बात पूरी तरह स्पष्ट है कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे। छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशी भारी अंतर से विजयी होंगे और भरोसे के संकट से पहले से ही जूझ रही कांग्रेस की विश्वसनीयता शून्य हो जाएगी।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में सभी ग्यारह लोकसभा सीटों के लिए मतदान संपन्न हो चुका है। जिसके नतीजे 4 जून को जारी होंगे। मुख्यमंत्री साय ने प्रदेश की सभी ग्यारह सीटें जीतने का दावा किया है।

## बेमेतरा : जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया

बेमेतरा,(एजेंसी)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024- संसदीय क्षेत्र 07- दुर्ग अन्तर्गत जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र 68 - साजा, 69 - बेमेतरा व 70 - नवागढ़ में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को जारी आभार संदेश में कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाइड के बच्चों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र, छात्राओं व आंगनबाड़ी कार्यकताओं की मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। इसके अलावा निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निदेर्शों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया।ह्नजिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है।

कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण, एमसीएमसी, लाइव वेबकास्टिंग से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी जन को अच्छा कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में मीडिया प्रतिनिधियों ने अपने दायित्वों को निभाया

## वनाग्नि रोकने के लिए मुख्यमंत्री हुए सख्त, पिरूल की सूखी पत्तियां हटाने की हिदायत

देहरादून/रुद्रप्रयाग, (एजेंसी)। वनाग्नि की घटनाओं को लेकर मुख्यमंत्री चिंतित हैं। इसके लिए वह कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। उन्होंने इन घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए कारगर उपायों पर सख्ती से काम करने की हिदायत दी है।

बुधवार को रुद्रप्रयाग पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वनाग्नि को रोकने केलिए फायर लाइन का बनाना जरूरी है। उन्होंने इसी व्यवस्था के तहत रुद्रप्रयाग पहुंचकर जंगल में बिखरी हुई पिरूल की पत्तियों को एकत्र करते हुए जन-जन को इसके साथ जुड़ने का संदेश दिया। पिरूल की सूखी पत्तियां वनाग्नि का सबसे बड़ा कारण होती हैं।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की समस्त जनता से आग्रह किया है कि अपने आस-पास के जंगलों को बचाने के लिए युवक मंगल दल, महिला मंगल दल और स्वयं सहायता समूहों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर इसे अभियान के रुप में संचालित करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि वनाग्नि को रोकने के लिए सरकार 'पिरूल लाओ-पैसे पाओ' मिशन पर भी कार्य कर रही है। इस मिशन के तहत जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल कलेक्शन सेंटर पर 50 रुपये /किलो की दर से पिरूल खरीदे जाएंगे। इस मिशन का संचालन पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड द्वारा किया जाएगा इसके लिए 50 रुपये करोड़ का कार्पस फंड पृथक रूप से रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं, उनके सहयोगी तथा पार्टी के कार्यकर्ता भी वन आग रोकने के लिए ठोस और कारगर पहल करेंगे तथा जनता के कंधे से कंधा मिलाकर आग रोकने की कोशिश करेंगे।

## वनाग्नि घटना पर धामी सरकार सख्त, लापरवाही पर वन विभाग के 17 अधिकारियों और कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई

देहरादून, (एजेंसी)। धामी सरकार चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन और वनाग्नि घटनाओं को रोकथाम को लेकर और सख्त हो गई है। इसी के तहत मुख्यमंत्री बुधवार को सचिवालय में वनाग्नि नियंत्रण के संबंध में पूर्व में दिए गए निदेर्शों की समीक्षा करते हुए लापरवाही बरतने वाले वन विभाग के 17 अधिकारियों/कार्मिकों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की।



बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वनाग्नि,चारधाम, आगामी मानसून को लेकर पूर्व और आगामी तैयारियों को लेकर बैठक की। इसके बाद मुख्यमंत्री धामी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वन विभाग और स्थानीय लोगों के सहयोग से काफी हद तक वनाग्नि पर काबू पाया जा चुका है और जल्द ही हम जंगल की आग को पूरी तरह बुझाने में कामयाब हो रहे हैं। जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सभी अपने-अपने क्षेत्र की मॉनिटरिंग करने का काम करें।

मुख्यमंत्री धामी ने फायर स्टेशनों पर वनाग्नि की सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने और इसकी तत्काल सूचना डीएफओ, सीसीएफ, पीसीसीएफ के कंट्रोल रूम में दिए जाने की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरूल को एकत्रित करने के लिए "पिरूल लाओ-पैसे पाओ" मिशन को शुरू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में मानसून सीजन शुरू होने के साथ ही भूस्खलन की समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसको देखते हुए आज आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गई है और उन्हें निर्देशित किया है कि बरसात से पहले वह अपनी तैयारी को पूरा करने का काम करें। साथ ही मानसून सीजन के दृष्टिगत कम से कम रिस्पॉन्स टाइम के साथ राहत और बचाव कार्य शुरू करने और इस अवधि में सड़क, बिजली एवं पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों के लिए खाद्य सामग्री, दवाओं एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की पूर्ण व्यवस्था अभी से सुनिश्चित की जाएगी।

**श्रद्धालु पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश लेकर जाएं-**

मुख्यमंत्री ने कहा कि 10 मई से उत्तराखंड में चार धाम यात्रा शुरू हो रही है।

इसको लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की गई है। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया

## उत्तराखंड में 12 मई तक बारिश का येलो अलर्ट, गिरेंगे ओले, चलेंगी तेज हवाएं

देहरादून, (एजेंसी)। उत्तराखंड में बुधवार से पांच दिन के लिए मौसम बदलने जा रहा है। इस दौरान तेज हवाएं चलेंगी और बौछारें पड़ेंगी। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों में ओले गिरने की संभावनाएं हैं। ऐसे में पांच दिन तक के लिए राज्यभर में येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही ऊंची चोटियों पर बर्फबारी भी हो सकती है।



उत्तराखंड में पहाड़ से मैदान तक भीषण गर्मी जारी हैं। चटख धूप से पारा शिखर पर है और जनजीवन बेहाल है। बुधवार को देहरादून का अधिकतम तापमान 35 तो न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि मौसम विभाग ने पर्वतीय क्षेत्रों में कुछ राहत मिलने की उम्मीद जताई है। पांच दिन का पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि पर्वतीय क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बौछार पड़ने के आसार हैं। जबकि निचले इलाकों में ओलावृष्टि और झोंकेदार हवाएं चलने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

**गर्जन के साथ पड़ेगी बारिश की बौछार, झोंकेदार हवा-झक्कड़ चलने की संभावना-**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार उत्तराखंड के हिमालयी क्षेत्रों में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। उत्तरकाशी, चलोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, उधमसिंह नगर, हरिद्वार में आठ मई से 12 मई तक गर्जन के साथ आकाशीय बिजली व ओलावृष्टि होने, 30 से 60 किमी की रफ्तार से झोंकेदार हवा-झक्कड़ चलने की संभावना है।

**किसानों और आमजन को मौसम विभाग की सलाह, बरतें सावधानी-**

मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने किसानों के साथ आमजन को आवश्यक सलाह दी है। किसानों से कहा है कि कटी हुई उपज (यदि खेत में हो) को सुरक्षित स्थान पर रखें। गर्जन, आकाशीय बिजली, झोंकेदार हवाओं के समय घर के अंदर रहें। खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें। गर्जन, आकाशीय बिजली के दौरान बिजली का संचालन करने वाली सभी वस्तुओं से दूर रहें। लोगों को सलाह दी है कि वे गर्जन, आकाशीय बिजली व झोंकेदार हवाओं के समय सुरक्षित स्थानों अथवा पक्के मकानों में शरण लें।

## बेमेतरा : कलेक्टर, सामान्य प्रेक्षक और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष सीलबंद हुआ स्ट्रॉग रूम

बेमेतरा,(एजेंसी)। लोकसभा सामान्य निर्वाचन दुर्ग संसदीय क्षेत्र अंतर्गत तीसरे अंतिम दौर का मतदान खत्म हो चुका है। जिले में 7 मई को लोकसभा के लिए मतदान हुआ था। बेमेतरा जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा, बेमेतरा और नवागढ़ के सभी मतदान दलों की सड़क मार्ग से वापसी हुई। कड़ी सुरक्षा के बीच बुधवार सुबह तक बेमेतरा जिले में विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग 750 और सहायक मतदान केन्द्रों की जिम्मेदार अधिकारी के साथ ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीन जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में बने मतगणना केन्द्र के स्टांग रूम तक पहुंच गई है। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 7 सहायक मतदान केंद्र मिलाकर कुल 874 मतदान केन्द्र है। बेमेतरा जिले में तीनों विधानसभा के 750 मतदान केंद्र है।

वहीं साजा विधानसभा के 101 और बेमेतरा के 22 मतदान केंद्र इस प्रकार कुल 124 मतदान केंद्र दुर्ग जिले की धमधा तहसील में स्थित है। आज बुधवार को ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीन सुबह पहुंची। सामान्य प्रेक्षक एसबी शेट्टीनावर (आईएएस), कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, रणबीर शर्मा और राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों के समक्ष आज बुधवार को सभी ईव्हीएम सह व्हीव्हीपेट मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील बंद कर दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने कहा कि कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉग रूम में रखे इन ईव्हीएम को अब चार जून को मतगणना वाले दिन निकाला जायेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### 10 मई को परशुराम मंदिर से निकलेगी शोभायात्रा, सर्व विप्र समाज होंगे शामिल : रामचंद्र

रायगढ़ , (एजेंसी)। विप्र समाज के सबसे बड़े उत्सव भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने सभी विप्र समाज से अपील की है।

विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने बुधवार को बताया कि रायगढ़ में विप्र समाज की स्थानीय संस्था के माध्यम से हर वर्ष भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष भी अक्षय तृतीया 10 मई शुक्रवार को शाम 4 बजे से भगवान परशुराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो पूरे शहर में भ्रमण करेगी। इस दौरान भक्त गणों के द्वारा जलपान और स्वागत की व्यवस्था भी की गई है। इस पावन अवसर पर विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष रामचंद्र शर्मा ने सम्पूर्ण विप्र समाज से अपील की है कि इस शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दें और भगवान परशुराम जी के बताए आदर्शों पर चलकर देश सेवा करें।

### जगदलपुर : प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों हेतु आठ लाख रुपये स्वीकृत

जगदलपुर, (एजेंसी)। कलेक्टर विजय दयाराम द्वारा बुधवार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों को आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके तहत तहसील तोकापाल ग्राम रायकोट निवासी बुटकी सोढ़ी की मृत्यु पानी में डूबने से पुत्र मुन्ना सोढ़ी और तहसील भानपुरी ग्राम गुमगा निवासी बुदरी बघेल की मृत्यु पानी में डूबने से पति फूलचंद बघेल प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

### भाजपा तेंदूपत्ता का नगद भुगतान के साथ चरण पादुका व साड़ियां भी प्रदाय करेगी : श्रीनिवास मुदलियार

बीजापुर, (एजेंसी)। भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि विधायक विक्रम मंडावी और कांग्रेस सस्ती लोकप्रियता के लिए ऐसी मांगे कर रहे हैं, जो मांगे पूर्व में ही पूरा किया जा चुका है। छत्तीसगढ़ शासन में वन मंत्री केदार कश्यप ने 16 अप्रैल को ही तेंदूपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान की बात कह दिए हैं, बावजूद अब इसी मांग को लेकर कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी का ज्ञापन दिया जाना हास्यास्पद है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने आदिवासी हित में तेंदूपत्ता का दर 5500 रुपये मानक बोरा निर्धारित किया है, इससे संग्राहकों में हर्ष है। इसे देखते हुए कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी आदिवासियों से सस्ती लोकप्रियता के चक्कर मे लगे हुए हैं। जबकि वन मंत्री केदार कश्यप ने तेंदुपत्ता संग्राहकों को नगद भुगतान करने की बात पहले की कर चुके हैं।

श्रीनिवास मुदलियार ने कहा है की भाजपा को आदिवासियों की चिंता है, भाजपा उनके हित में सदैव तत्पर रहती है। इसलिए ही तेंदूपत्ता संग्राहकों के साथ होने वाली समस्याओं का ध्यान रखते हुए वनमंत्री ने 20 दिन पूर्व कह चुके हैं कि भुगतान नगद होगा। इसके बाद अब कांग्रेस विधायक की मांग का कोई औचित्य नही है। कांग्रेस की सरकार आने के बाद चरण पादुका, साडिां संग्राहकों का बन्द कर दिया गया था, उसे पुनः भाजपा सरकार में देने की योजना बनाई है।

### वकीलों को काला कोट नहीं पहनने की छूट मिली है, ड्रेस कोड का पालन करना ही होगा : दिनेश पानीग्राही

जगदलपुर, (एजेंसी)। जिला न्यायालय सहित सभी न्यायालयों में 15 जुलाई तक पैरवी करने के दौरान अधिवक्ताओं को कालाकोट नहीं पहनने की छूट मिली है। भीषण गर्मी के दौरान राहत भरे इस आदेश से जिला अधिवक्ता संघ के सैंकड़ों सदस्य खुश हैं।

मिली जानकारी के अनुसार स्टेट बार काउंसिल के सचिव ने राज्य के सभी अधिवक्ता संघों को आल इंडिया बार काउंसिल के द्वारा लिए गए निर्णय की प्रति प्रेषित करते हुए बताया कि गर्मी को देखते हुए 15 जुलाई तक कालाकोट नहीं पहनने से छूट मिली है, जिसका स्वागत संघ के सदस्यों ने किया है। बस्तर जिला अधिवक्ता संध के पूर्व अध्यक्ष दिनेश पानीग्राही ने बताया कि वकीलों को केवल काला कोट नहीं पहनने की छूट मिली है, लेकिन उन्हें ड्रेस कोड का पालन तो करना ही होगा।

गौरतलब है कि बस्तर के जिला बस्तर मुख्यालय जगदलपुर, दंतेवाड़ा जिले में दंतेवाड़ा, बचेली, सुकमा जिले में सुकमा, कोंटा बीजापुर, नारायणपुर, कोंडागांव जिले में कोंडागांव, केशकाल और कांकेर जिले में कांकेर,भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ में जिला और व्यवहार न्यायालय सेवारत हैं। संभाग बस्तर के जिला सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा और कांकेर क्षेत्र में तापमान कहीं-कहीं 40-45 डिग्री तक तापमान पहुंच जाता है। ऐसी हालत में वकीलों को कालाकोट पहन कर पैरवी करने से होने वाली परेशानी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### कांकेर : मोबाइल ठीक कराने से मना करने पर युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

कांकेर, (एजेंसी)। जिले के बडगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मदले में एक युवक योगेश कुमार आंचला ने बुधवार सुबह जहर खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि उसने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि परिजनों ने उसे मोबाइल ठीक कराने के लिए पैसे देने से इनकार कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार योगेश कुमार आंचला उम्र 22 वर्ष का मोबाइल खराब हो गया। जिसे ठीक कराने के लिए वह उनसे पैसों की मांग कर रहा था। परिजनों ने पैसे देने से मना किया तो युवक ने आज बुधवार को गुस्से में आकर जहर खा लिया। जिसके बाद योगेश को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

### जगदलपुर : भारतीय नौसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन 13 मई से

जगदलपुर, (एजेंसी)। भारतीय नौसेना में अविवाहित युवक और युवतियों के लिए अग्निवीर भर्ती (एम आर)-02/2024 बैच के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक अभ्यार्थी अग्निवीर भर्ती के लिए वेबसाइट पर 13 मई से 27 मई 2024 तक केवल ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यताएं, भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन द्वारा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ मैट्रिक कक्षा उतीर्ण एवं आयु सीमा अभ्यर्थी 01 नवम्बर 2003 से 30 अप्रैल 2007 (दोनों तिथियों को मिलकर) के बीच जन्म हुआ हो। ऑनलाइन आवेदन पत्र सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) या जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में भी आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिये नौसेना की आधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

### लोकसभा चुनाव : स्ट्रांग रूम सील, सुरक्षा बल तैनात

बलौदाबाजार, (एजेंसी)। जिले में लोकसभा मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद रायपुर लोकसभा अंतर्गत बलौदाबाजार भाटापारा सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार एवं जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक के कसडोल विधानसभा प्रतिनिधी रमाकांत दुबे सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया।